दिल्ली, नोएडा, मोदीनगर, मेरठ, एटा, हाथरस, बागपत, आगरा, लखनऊ, कानपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, देहरादून, बिहार से प्रसारित




लोकतंत्र के पहरुए के शपथ तोड़ते बयान!

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# पहल टुडे

RNI No. UPHIN/2020/79772

जनता का अखबार



धैर्य का छोटा हिस्सा भी एक टन उपदेश से बेहतर है।

वर्ष: 02 अंक: 271 गाजियाबाद,18 जुलाई, सोमवार 2022 गाजियाबाद से प्रकाशित मूल्य 1 रूपए पृष्ठ- 12

www.pahaltoday.com www.khabarentertainment.in www.worldtrustednews.com editorpahaltoday@gmail.com 8510022385, 8287179082

राजनीति लक्ष्य विशाल, उपलब्धि बेमिसाल, 548 दिनों में 200 करोड़ वैक्सीनेशन

# देश ने फिर रचा इतिहास : पीएम मोदी

पहल टुडे

**नई दिल्ली** , भारत ने कोरोना वायरस के साथ जंग में एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। देश ने 200 करोड़ वैक्सीनेशन का आंकड़ा छू लिया है। भारत ने ये आंकड़ा मात्र 18 महीने में ही पार कर लिया। कोरोना के टीकाकरण की शुरूआत पीएम नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी 2021 को की थी। देश में अब 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को बूस्टर डोज दी जा रही है, तो वहीं 12 साल से कम के बच्चों को भी वैक्सीन लगाई जा रही है। केंद्रीय स्वाथ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि भारत ने आज 200 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया है। ये देश के लिए गौरव की बात है, ये लक्ष्य हमने केवल 18 महीने के भीतर पूरा किया है।

## पीएम मोदी ने कही ये बात

तो वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस मौके पर ट्वीट करके देशवासियों को बधाई दी है।उन्होंने कहा है कि भारत ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ वैक्सीनेशन डोज पहुंचने पर सभी देशवासियों को बधाई। उन लोगों पर गर्व है जिन्होंने भारत के टीकाकरण अभियान को पैमाने और गति में अद्वितीय बनाने में योगदान दिया।इसने कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत किया है।

डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व की क्षेत्रीय निदेशक डॉ पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा कि 2 बिलियन से अधिक कोविड-19 वैक्सीन खुराक देने के लिए भारत को बधाई। यह देश की प्रतिबद्धता और चल रही महामारी के प्रभाव को कम करने के प्रयासों का एक और सबूत है। नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल ने कहा कि 2 बिलियन कोविड वैक्सीन खुराक हासिल करना भारत के लिए एक शानदार मील का पत्थर है। हमने इसे अपने टीकों का उपयोग करके हासिल किया है। इस उपलब्धि का पूरा श्रेय देश की जनता और नेतृत्व को जाता है।




## दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे तेज टीकाकरण अभियान

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज हमने कोविड वैक्सीन अभियान के तहत 200 करोड़ वैक्सीन की डोज पूरी कर ली है ये बेहद खुशी की बात है। पहले एक वैक्सीन को एक देश तक पहुंचने में 20-30 साल लगते थे, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में 9 महीनों में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए सिर्फ 1 नहीं बल्कि 2 वैक्सीन... इसे दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे तेज टीकाकरण अभियान बना रहे हैं।

# जल संरक्षण के लिए शुरू हुआ जनआंदोलन

## यूपी के हर जिले में पानी के लिए दौड़ेगी योगी सरकार की वैन

पहल टुडे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूगर्भ जल सप्ताह के शुभारंभ पर संबोधित करत हुए कहा कि इस अभियान के तहत अपनी पुरातन सभ्यता को जीवित करने का अभियान प्रारंभ करना है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने भूजल सप्ताह के अवसर पर अटल भूजल योजना के तहत डिजिटल भूजल रथ के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, ₹भूजल सप्ताह के आयोजन के पीछे जल संरक्षण की परंपरागत पद्धतियां थी उन्हें पुर्नजीवित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। भूजल सप्ताह के अवसर पर अटल भूजल योजना के तहत डिजिटल भूजल रथ के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तरप्रदेश के अंदर डिजिटल भूजल रथ 10 जनपदों के 26 विकासखंडों के 550 ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने का एक कार्यक्रम डिजिटल रथ के माध्यम से आज आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। जल शक्ति मंत्री ने डिजिटल भूजल रथ के फ्लैग ऑफ पर कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकारी योजनाओं के साथ-साथ जन समुदाय को भी जन आन्दोलन से जोड़ना होगा।



# सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय 3 दिन की बांग्लादेश यात्रा पर रवाना, द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर जोर

पहल टुडे

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय रविवार को तीन दिन की यात्रा पर बांग्लादेश के लिए रवाना हो गये जिसमें द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा।यह उनकी सेना प्रमुख का पद संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा है। इससे एक महीने से भी कम समय पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमिन भारत की यात्रा पर आये थे और इस दौरान दोनों पक्षों ने तेजी से विस्तार लेते संबंधों में विश्वास और आपसी सम्मान की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि सेना प्रमुख बांग्लादेश की तीनों सेनाओं के प्रमुखों से आमने-सामने बात कर सकते हैं और देश के वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

जनरल पांडेय बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के शहीदों के एक स्मारक पर भी श्रद्धांजलि देंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ पीस सपोर्ट एंड ट्रेनिंग ऑपरेशन्स (बीआईपीएसओटी) के सदस्यों से भी बातचीत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश की यात्रा की थी और बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की जन्म शताब्दी और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित समारोहों में भाग लिया था।

# अगर कोई वकील अंग्रेजी बोलता है तो उसकी फीस ज्यादा क्यों हो: रिजीजू

पहल टुडे

जयपुर, केन्द्रीय विधि मंत्री किरण रिजीजू ने अदालतों में स्थानीय व क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग की पुरजोर वकालत करते हुए शनिवार को कहा कि अदालत की अगर आम हो जाए, तो हम कई समस्याओं को हल कर सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि अंग्रेजी बोलने वाले वकील की फीस ज्यादा क्यों हो और क्यों उसे ज्यादा इज्जत मिले। मंत्री ने कहा कि मातृको अंग्रेजी से कमतर नहीं माना जाना चाहिए।साथ ही उन्होंने कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया और कहा कि न्याय के दरवाजे सभी के लिए समान रूप से खुले होने चाहिए।

रिजीजू यहां विधिक सेवा प्राधिकरणों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय में तो बहस से लेकर फैसले सब अंग्रेजी में होते हैं। लेकिन उच्च न्यायालयों को लेकर हमारी सोच है कि उनमें आगे जाकर स्थानीय व क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, कई वकील हैं जो कानून जानते हैं, लेकिन अंग्रेजी में उसे सही ढंग से पेश नहीं कर पाते।...तो अदालत में अगर आम का उपयोग होने लगे तो इससे कई समस्याएं हल हो सकती हैं।

अगर कोई वकील अंग्रेजी बोलता है, तो उसकी फीस ज्यादा होती है, ऐसा क्यों होना चाहिए? अगर मुझे अंग्रेजी नहीं बोलनी आती और मुझे मातृमें बोलना सहज लगता है तो मुझे अपनी मातृमें बोलने की आजादी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं बिलकुल इस पक्ष में नहीं हूं कि जो वकील अंग्रेजी ज्यादा बोलता है, उसे ज्यादा इज्जत मिले, उसको ज्यादा फीस मिले, उसे ज्यादा केस मिले ... मैं इसके खिलाफ हूं। अपनी मातृको किसी भी रूप में अंग्रेजी से कमतर नहीं मानना चाहिए। मंत्री ने अपना लगभग पूरा संबोधन हिंदी में दिया। उन्होंने देश की अदालतों में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए इसे चुनौती बताया।

उन्होंने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव काल में देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या लगभग पांच करोड़ पहुंचने वाली है। न्यायपालिका व सरकार के बीच तालमेल होनी चाहिए और आवश्यकता अनुसार विधायिका को अपनी भूमिका निभानी चाहिए, ताकि इस संख्या को कम करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा सके।

मंत्री ने कुछ वकीलों की भारी भरकम फीस को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, जो लोग अमीर होते हैं, वे अच्छा वकील कर लेते हैं। उच्चतम न्यायालय में कई वकील ऐसे हैं, जिनकी फीस आम आदमी नहीं दे सकता है।एक-एक केस में हाजिर होने के अगर 10 या 15 लाख रुपये लेंगे, तो आम आदमी कहां से लाएगा?

उन्होंने कहा, कोई भी अदालत कुछ विशिष्ट लोगों के लिए नहीं होनी चाहिए। आम आदमी को अदालत से दूर रखने वाला हर कारण हमारे लिए बहुत चिंता का विषय है। मैं हमेशा मानता हूं कि न्याय का द्वार सबके लिए हमेशा व बराबर खुला रहना चाहिए।

रिजीजू ने कहा कि सरकार ने अब तक 1486 अप्रासंगिक कानूनों को रद्द किया है, साथ ही ऐसे और 1824 कानून चिह्नित किए गए हैं।उन्होंने कहा कि सरकार संसद के आगामी सत्र में ऐसे लगभग 71 कानूनों को हटाने को प्रतिबद्ध है।

## संसद सत्र से पहले केंद्र की सर्वदलीय बैठक

नयी दिल्ली। संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद एनेक्सी भवन में शुरू हुई। सरकार ने सत्र के दौरान विपक्ष की चिंताओं को दूर करने के साथ-साथ सदन की उत्पादकता को अधिकतम करने की रणनीति तैयार करने के लिए सोमवार से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को एक सर्वदलीय बैठक की। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी द्वारा बुलाई गई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अन्नाद्रमुक सांसद एम थंबी दुरई, वाईएसआरसीपी सांसद विजयसाई रेड्डी, टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय और अपना दल की सांसद अनुप्रिया पटेल, जयराम रमेश, राष्ट्रीय लोक दल के सांसद जयंत चौधरी और द्रमुक सांसद तिरुचि शिवा, कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए।

# दिल्ली में नियंत्रण में है कोरोना की स्थिति, केजरीवाल ने एहतियाती खुराक लेने की अपील की

पहल टुडे

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्लीवासियों से कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक लेने की अपील की और कहा कि शहर में अभी तक करीब 10 प्रतिशत लोगों ने ही एहतियाती खुराक ली हैं। मुख्यमंत्री ने 12-17 आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावकों से बच्चों को टीके की दूसरी खुराक दिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों के टीकाकरण के लिए स्कूलों में भी शिविर लगाएगी। स्कूल प्राधिकारी इस उद्देश्य के लिए स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।




केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में अभी तक टीके की 3.5 करोड़ खुराकें दी गयी हैं। एहतियाती खुराक लेने वाले लोगों की संख्या 18.5 लाख है। कुल 1.81 करोड़ लोगों ने टीके की पहली खुराक ले ली है और 1.53 करोड़ लोगों ने दोनों खुराकें ले ली है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पास हर दिन एक लाख खुराक देने की क्षमता है। उन्होंने दूसरी खुराक न लेने वाले लोगों से भी जल्द से जल्द टीका लगवाने की अपील की। केजरीवाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले कर्मियों को भी एहतियाती खुराक लेने की आवश्यकता है।

## शिवसेना के बागी विधायकों ने गुवाहाटी में गुजारा बेहद मुश्किल समय : एकनाथ शिंदे

मुंबई, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि उनके साथ गुवाहाटी गए शिवसेना के बागी विधायकों ने बेहद मुश्किल और तनावपूर्ण समय बिताया। शिंदे ने कहा कि विधायकों ने जब अपने विद्रोह के बाद विभिन्न घटनाओं से संबंधित खबरें टीवी पर देखीं तो वे बेहद तनाव में आ गए और उनका वह समय बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। शिंदे ने उपनगर कुर्ला में शिवसेना के बागी विधायक मंगेश कुदलकर द्वारा आयोजित एक बैठक में कहा कि गुवाहाटी के होटल में ठहरे हुए विधायक जब खबर देखते थे तो बेहद तनाव में आ जाते थे। गौरतलब है कि शिवसेना के दो गुटों में बंटने के बाद महाराष्ट्र के कई इलाकों में शिवसैनिकों ने बागी विधायकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए थे।

# बंगाल में राज्यपाल पद के लिए अटकलें तेज

## ममता के पूर्व कैबिनेट सहयोगी को आगे कर बीजेपी देगी सकारात्मक संदेश!

पहल टुडे

नयी दिल्ली। बीजेपी के संसदीय बोर्ड द्वारा जगदीप धनखड़ को अपना उपाध्यक्ष उम्मीदवार चुने जाने के बाद कयास लगाए जाने लगे कि पश्चिम बंगाल का अगला राज्यपाल कौन होगा? इसको लेकर चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में राष्ट्रीय राजनीति में इस बात को लेकर कयास लगने शुरू हो गए हैं कि वहां का राज्यपाल किसे नियुक्त किया जा सकता है। भाजपा सूत्रों के एक वर्ग के अनुसार पार्टी उत्तर प्रदेश के एक शिया मुस्लिम नेता मुख्तार अब्बास नकवी पर नजर गड़ाए हुए है, जिनका हाल ही में राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो गया और जिसकी वजह से केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देना पड़ा।

### जगदीप धनखड़ की ममता बनर्जी से अनबन

जगदीप धनखड़ को 2019 में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था। आमतौर पर केंद्रीय गृह मंत्री राज्यपाल के नाम को अंतिम रूप देने से पहले किसी राज्य के मुख्यमंत्री के साथ परामर्श करते हैं। हालांकि यह चर्चा अनिवार्य नहीं है, यह संघीय ढांचे में प्रथागत है। लेकिन धनखड़ के मामले में आरोप लगे कि राज्यपाल के रूप में उनके नाम की घोषणा के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राज्यपाल की नियुक्ति के बारे में सूचित करने के लिए फोन किया। ममता ने खुलकर अपने गुस्से का इजहार भी किया। नतीजतन, धनखड़ की नियुक्ति के आसपास में पैदा हुई दरार समय के साथ चौड़ी होती गई। धनखड़ की भूमिका से नाराज राज्य सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ अभूतपूर्व तरीके से विधानसभा में निंदा प्रस्ताव भी लाया।

### मुख्तार अब्बास नकवी: ममता के पूर्व सहयोगी

ऐसे में सवाल यह है कि इस बार क्या होगा? राज्यपाल नियुक्त करने से पहले क्या अमित शाह ममता से चर्चा करेंगे? माना जाता है कि लोकसभा चुनाव से पहले धनखड़ को हटाकर केंद्र ने तृणमूल नेतृत्व को सकारात्मक संदेश दिया है। आने वाले दिनों में जो नया राज्यपाल आएगा, क्या वह संघर्ष का रास्ता नहीं बनाए रखेगा या सुलह के रास्ते पर चलेगा? इन तमाम सवालों से इतर बीजेपी सूत्रों के मुताबिक इस समय पश्चिम बंगाल जाने की रेस में नकवी सबसे आगे चल रहे हैं। नकवी एक वरिष्ठ नेता हैं और अटल बिहारी वाजपेयी कैबिनेट में ममता के एक समय के सहयोगी भी थे। एक राजनेता के रूप में, नकवी कुशल और चतुर हैं। कई राजनेता सोचते हैं कि वह उस तरह नहीं चलेंगे जिस तरह से धनखड़ ममता का खुलकर विरोध करते थे। इसके अलावा, नकवी पर सीधे हमले से राज्य के अल्पसंख्यक वोटों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

## राष्ट्रपति चुनाव पर राजग की बैठक में शामिल हुए चिराग पासवान

नयी दिल्ली। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान रविवार को राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग की एक बैठक में शामिल हुए। संसद भवन में हुई इस बैठक में चिराग पासवान की उपस्थिति महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) का विरोध करने के चलते विधानसभा चुनाव के दौरान बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से बाहर हो गए थे। बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) भाजपा का सबसे बड़ा सहयोगी दल है। पासवान की पार्टी में बाद में फूट भी पड़ गई थी और उनके चाचा पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में पांच सांसदों ने पार्टी छोड़ दी थी। पारस गुट को लोकसभा में असली लोजपा के रूप में मान्यता भी मिली थी और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ली थी।

# कहीं प्रधान के देवर, कहीं पति, तो कहीं बेटे की हुकूमत, दरबारी बनें सेकेट्री..!!

रिपोर्ट-प्रदीप दूबे (विक्की)

भदोही। यूपी के विभिन्न जिलों में जमकर पंचायती राज का मखौल उड़ रहा है और शासनिक अधिकारी भी मजबूरन धृतराष्ट्र की भूमिका में हैं। कहीं प्रधान बनी भौजी के देवर प्रतिनिधि बने घूम रहे हैं, तो कहीं प्रधान पति भी खुद को ग्राम प्रधान कह कर गौरवान्वित ही नहीं महसूस कर रहे हैं बल्कि सुगंधित फूल की मालाएं पहन रहे हैं। ऐसे में प्रधान पूत कहां पिछड़ने वाले थे, वे भी ब्लाक में परधानी का ठेला सजा लिए हैं। पंचायती राज का सबसे बड़ा मखौल यह उड़ रहा है कि कुछ पथभ्रष्ट सेकेट्री भी इन्हीं मुखबोले प्रतिनिधियों के दरबारी बन बैठे हैं।

जगजाहिर है कि पंचायती राज व्यवस्था में चुने गए जन प्रतिनिधि को अपना प्रतिनिधि नामित करने की व्यवस्था नहीं है. फिर भी कुछ ग्राम प्रधान अपने परिवार के सदस्यों को कार्यभार सौप देते हैं। जहां उक्त मुखबोले प्रतिनिधि अधिकारियों के सामने प्रधान बनकर पहुंचने लगते हैं। प्रस्ताव की आड़ में लूट-खसोट की शिकायतें भी बढ़ती है लेकिन प्रधानजी अंजान बने रहते हैं। ज्यादातर महिला जन प्रतिनिधि यह रवैया अपनाती हैं। हालांकि शासन द्वारा इस पर रोक लग चुका है इसके बाद भी यह चलन बरकरार है। सरकारी बैठकों में अक्सर प्रधान या बीडीसी की जगह इनके प्रतिनिधि प्रतिभाग करते हैं हद तो तब समझिए जब कुछ गांव के सेकेट्री इन्हीं मुखबोले प्रतिनिधियों के इशारे पर चलने लगते हैं और दरबारी बन जाते हैं। ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान देना तो छोड़िए बल्कि कुछ प्रस्तावों में यही सेकेट्री अपनी जेब गर्म करते हुए मनमाफिक ठेकेदारों को काम देते हैं। विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की भनक किसी को ना लगे, इसीलिए किसी कार्ययोजना का फलक बिना लगवाए ही कार्य करवाते रहते हैं। खैर..कहावत है कि ह्वकभी ना कभी ऊंट भी पहाड़ के नीचे आता हैह्वङ्घ ऐसी स्थिति पंचायती राज का मखौल उड़ा या उड़वा रहे संबंधित लोगों के समक्ष भी आएगी, जो भविष्य में इन्हीं लोगों के गले की फांस बनना तय है।





# सरकार का विरोध करने का अधिकार छीना जा रहा, भारत में लोकतंत्र बर्बाद हुआ : सिन्हा

पहल टुडे

रांची, राष्ट्रपति पद चुनाव के लिए विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशंवत सिन्हा ने शनिवार को यहां कहा कि भारत में लोकतंत्र बर्बाद हो गया है क्योंकि देश में सरकार का विरोध करने का अधिकार छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव को पहचान का सवाल नहीं बनाया जाना चाहिए बल्कि यह विचारधारा की लड़ाई है। सिन्हा ने राष्ट्रपति निर्वाचन मंडल से मतदान के समय अतंर आत्मा की आवाज सुनने का आह्वान किया। राष्ट्रपति के लिए 18 जुलाई को मतदान होगा।

केन्द्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में महत्वपूर्ण वित्त मंत्रालय संभालने वाले हजारीबाग के पूर्वभाजपा सांसद सिन्हा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और चुनाव में उनकी पार्टी का समर्थन मांगा। उन्होंने दिन में झारखंड के विधायकों से भी मुलाकात की।



सिन्हा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब मैंने पिछले माह अपना चुनाव प्रचार प्रारंभ किया था तो आगाह किया था कि देश में लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन आज जब मैं अपना चुनाव प्रचार संपन्न कर रहा हूं तो मैं कह सकता हूं कि देश में लोकतंत्र बर्बाद हो गया है। यशवंत सिन्हा ने भाजपा पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है ,चाहे वह ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग या यहां तक राज्यपाल कार्यालय हो ताकि विपक्षी पार्टियों के विधायकों को तोड़ा जा सके और उनके (विरोधी दलों) द्वारा चलाई जा रही सरकारें गिराई जाए। उन्होंने कहा कि यह मध्यप्रदेश, कर्नाटक, गोवा, अरुणाचल प्रदेश और हाल में महाराष्ट्र में हुआ। सिन्हा ने कहा, मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर इसी तरह का हथकंडा निकट भविष्य में झारखंड की झामुमो-कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के लिए अपनाया जाए। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राष्ट्रपति पद उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के लिए सिन्हों ने कहा कि वह ओडिशा की आदिवासी नेता का निजी तौर पर सम्मान करते हैं।

## मामूली कहासुनी में पति ने की पत्नी की हत्या, फिर खुद ही पहुंच गया थाने

दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा



जिला हरिद्वार :- मामूली कहासुनी में अपनी ही पत्नी की हत्या कर हत्यारा पति खुद ही थाने पहुंच गया। पुलिस आरोपी के घर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मामला हरिद्वार जिले के खानपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारों के मुताबिक खानपुर थाना क्षेत्र के डूमनपुरी गांव निवासी बबलू और उसकी पत्नी सुशीला देवी के बीच कई दिनों से किसी बात को लेकर विवाद चला आ रहा था। बीती रात भी दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर बबलू ने चुन्नी से सुशीला का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह होने पर आरोपी बबलू खुद खानपुर थाने पहुंचा और पुलिस को पत्नी की हत्या की सूचना दी। सूचना मिलते ही खानपुर थाना प्रभारी अरविंद रतूड़ी पुलिस टीम के साथ आरोपी के घर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। लक्सर सीओ हेमेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतिका के भाई सुशील की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## पुलिस ने धर-दबोचा हत्यारोपी, आलाकत्ल ईट बरामद

दैनिक पहल टुडे / फाईज अली सैफी




गाज़ियाबाद। थाना मुरादनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम देहदा पुल के पास से एक हत्यारोपी को गिरफ़्तार किया हैं। पुलिस ने इसके पास से आलाकत्ल एक ईट भी बरामद कर ली हैं। वहीं, पुलिस को पकड़े गए हत्यारोपी ने अपना नाम दीपक पुत्र कल्लू निवासी हाल थाना मुरादनगर गाज़ियाबाद बताया हैं। पूछताछ में पकड़े गए हत्यारोपी दीपक ने बताया कि वह करीब 2 वर्षो से अपने परिवार सहित थानाक्षेत्र के ग्राम उखलारसी में रहता आ रहा हैं। आरोपी ने बताया कि 11 जुलाई को दिलीप ने उसके मामा सुरेश के साथ शराब पीकर गाली-गलौज व मारपीट भी की थी। जिससे दीपक गुस्से में था। इसके अलावा आरोपी दीपक ने बताया कि दिलीप उसकी पत्नी पर भी गंदी नजर रखता था जिससे वह और ज्यादा भड़क गया था। आरोपी दीपक ने बताया कि अगले दिन उसने दिलीप के विरुद्ध एक योजना बनाई और योजना के तहत उसने दिलीप को कहा कि चलो आज वह उसे शराब पिलाता हैं। दीपक ने दिलीप से कहा कि वह अंकित चौधरी से कुछ पैसे और उसकी मोटर साइकिल ले आए। वह उसे देशी शराब के ठेके पर ही खड़ा मिलेगा। कुछ देर बाद दिलीप अंकित चौधरी से शराब के लिए 100 रूपए और उसकी मोटर साइकिल लेकर रेलवे रोड के पास स्थित देशी शराब के ठेके पर आ गया। जहां, दोनों ने देशी शराब के ठेके से 2 पव्वे लिए, जो दोनों ने वहीं खड़े होकर आस-पास ही पी लिए। इसके बाद कमल ने बराबर में स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके से एक बीयर ली और वह दिलीप से यह कहकर कि उसे दुहाई में किसी से काम हैं, इस बहाने से वह उसे अपने साथ ले गया। जहां, ग्रामी हिसाली के जंगल में पेरिफेरल गंदे नाले के पास इनकी मोटर साइकिल का तेल खत्म हो गया। शराब के नशे में दोनों में मुंहभाषा होने लगी। दीपक दिलीप से पहले ही काफी गुस्से में था और उसने योजना भी बनाई हुई थी। आरोपी दीपक ने बताया कि उसने मोटर साइकिल कुछ दूरी पर खड़ी करके दिलीप को चेक किया तो उसे बहुत नशा हो रहा था। जिसके बाद दीपक ने उसे पहले धक्का दिया और फिर ईट उठाकर उसके सर पर कई वार किए, जिससे दिलीप की कुछ ही देरी में मृत्यु हो गई। आरोपी ने बताया कि उसने दिलीप के शव को वहीं गंदे पानी के नाले में डाल दिया और खून से सनी ईद को ईख के खेत में छुपा दिया था। थाना मुरादनगर प्रभारी सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने अपनी सक्रियता के चलते मुखबिर की सूचना पर यह गिरफ़्तारी कर हत्यारोपी की निशानदेही पर घटना में शामिल ईट बरामद कर ली हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए इसको जेल भेज दिया हैं।

फास्ट ट्रैक

## दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.5 लाख हड़पे

दैनिक पहल टुडे / मुदिस्सीर अली

गाजियाबाद। विजयनगर के बागू निवासी प्रेम सिंह के बेटे अशोक की दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनके ही परिचित कपिल ने 1.5 लाख रुपये हड़प लिए। कपिल अलीगढ़ का रहने वाला है। आरोप है कि कपिल का उनके घर आना जाना था। कुछ समय पहले कपिल ने अधिकारियों में अच्छी बात कहकर उन्हें उनके बेटे की नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। प्रेम ने विजयनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रेम सिंह का कहना है कि दो साल पहले उनकी मुलाकात अलीगढ़ निवासी कपिल कुमार से हुई थी। कपिल ने नौकरी लगवाने में ढाई लाख रुपये खर्च आने की बात कहीं, इसमें से डेढ़ लाख रुपये पहले और एक लाख रुपये नौकरी लगने के बाद लेने की बात कही। प्रेम का कहना है कि उन्होंने कपिल को चेक के जरिये एक लाख रुपये और 50 हजार रुपये नकद दे दिए। तय समय के अनुसार कपिल ने उनके बेटे की नौकरी नहीं लगवाई। उन्होंने रुपये मांगे तो वह टालमटोल करता है। उन्होंने सख्ती से तगादा किया तो कपिल ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। विजयनगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक का कहना है कि मामले में कपिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है

## घटना में प्रयुक्त रस्सी बरामद

दैनिक पहल टुडे / मुदिस्सीर अली




हापुड़ थाना हापुड नगर पुलिस ने ब्लाइन्ड मर्डर का किया खुलासा थाना हापुड नगर पुलिस ने थाना क्षेत्र में करीब 20 दिन पूर्व रस्सी से गला दबाकर की गई हत्या का सफल अनावरण करते हुए मृतक की मां व पत्नी सहित 03 हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार जिनकी निशानदेही पर घटना कारित करने में प्रयुक्त रस्सी बरामद हुई हैं एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता जितेन्द्र पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम गोयना थाना हापुड़ नगर जिला हापुड़ प्रियंका पत्नी नवीन कुमार निवासी ग्राम उपरोक्त चन्द्र वती पत्नी शौदान सिंह निवासी ग्राम उपरोक्त गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह थाना हापुड़ नगर जिला हापुड़ जशवन्त सिंह राजीव त्यागी दिनेश अंकुश कुमारी

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर

दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई



बिलग्राम ।।बिलग्राम हरदोई मार्ग ललौली गांव के पास तेज गति से आ रही बाइक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार विकास पुत्र सुरेश उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम लालपुर कन्हरी थाना बिलग्राम घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से घायल विकास को आनन-फानन में एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने उपचार के बाद युवक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।। परिजनों ने बताया कि विकास साइकिल से सेमरा चौराहा अपने दोस्तों के साथ गया था वापस आते समय बाइक से टक्कर हो गई जिससे साइकिल सवार विकास गंभीर रूप से घायल हो गया।

## काँवरियों की टोली देवघर के लिए प्रस्थान किया



दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा

किशनगंज / मोहम्मद अजीमुद्दीन किशनगंज जिला के टेढ़ागाछ प्रखंड के भोरहा पंचायत वाड नम्बर 12.शीशागाछी गांव से काँवरियों की टोली देवघर के लिए प्रस्थान किया हैं वही डाकबमों को सेवा समिति फुलवरिया की ओर दुध दही फल फ्रुट ठंडा पानी गरम पानी दवाई आदी सामग्रियों से सेवा देने के लिए प्रस्थान कर चुकी हैं ।मिली जानकारी अनुसार टेढागाछ प्रखंड के भोरहा पंचायत के फुलबरीया बाजार समिति की ओर से डाकबमों को सेवा देने प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी अबरखिया पहाड़ पर समिति सदस्य लोग अपनी टीम के साथ फुलबरीया बाजार से प्रस्थान किया हैं जो डाकबमों को सोमवार को सुबह से सेवा समिति सदस्य द्वारा सेवा देने व्यवस्थापक गोविन्दा तिवारी, बिंदेश्वर साह के साथ टीम लेकर पहला जथ्था में राजकुमार पांडे अशोक साह मंटू गुप्ता संतोष साह मुकेश यादब मिथुन साह विकास सिंह बबलू पैकरा इत्यादि सदस्य काँवरिया पथ अबरखिया पहाड़ स्थित टेन्ड लगा कर सेवा देने के लिए प्रस्थान कर चुकी हैं ,जहां काँवरिया लोग सुलतानगंज से पवित्र नदी गंगा तट से जल भरकर काँवरिया लोग बाबा धाम देवघर नगरी 105 किलो मीटर पैदल चल कर जल को बाबा बैजुनाथ भोले बाबा की शिवलिंग पर जल को अभिषेक और गंगा जल चढ़ावा करेगी जो यह सुनहरा अवसर साल में एक ही महिना आता जो सावन पवित्र महीना मानी जाती हैं। वही कुछ सनातनः धर्म को मानने वाले लोग तो भादों मास में सुलतानगंज से जल भर बाबा धाम देव नगरी में भोले नाथ की शिवलिंग जल अभिषेक एवं चढ़ावा करते हैं ।वही झारखंड सरकार द्वारा देव घर की पुरी तैयारी की जाती उनकी की निगरानी में रेख देख में पुरे सावनी मेला रहती हैं ।और भोले नाथ सभी काँवरिया भगत्तजनों मनोकांमना पुर्ण करें।

## चोरी किए हुए मोबाइलों के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



जिला हरिद्वार :- पुलिस उप महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एंव पुलिस अधीक्षक नगर महोदय क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सिडकुल के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। जिसमें अज्ञात चोरो विरूद्ध बादी के 02 मोबाईल फोन एक ओपो कम्पनी व एक रियलमी कम्पनी का वादी के घर से चोरी करने के सम्बन्ध में थाना सिडकुल पर मु०अ०सं०- 379 / 2022 धारा-380 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। रात्री में मुखविर खास की सूचना पर महिन्द्रा चौक के पास थाना सिडकुल के पास से अभियुक्तगण को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी मोबाईल फोनों के साथ गिरफ्तार किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तगणो को मय माल के माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया ज रहा है।

## हरिद्वार में हर तरफ बोल बम और हर हर महादेव की गूंज, आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में कावड़ियों के आने का अनुमान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा

जिला हरिद्वार :- हरिद्वार में 14 जुलाई से शुरू हुए कांवड़ मेले में बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगाजल और कांवड़ लेने पहुंच रहे है। शिवभक्तो के आगमन से पूरे हरिद्वार में बोल बम और हर हर महादेव की गूंज है। हरिद्वार पहुंचे शिवभक्तो का कहना है कि भगवान शिव उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते है इसलिए वो बाबा भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर कांवड़ लेने हरिद्वार आते है। कई कई दिनों तक दिन रात पैदल चलकर हरिद्वार से कांवड़ और गंगाजल भरकर अपने अपने शिवालयों को जाते है ।कोरोना संक्रमण की वजह से दो साल तक कांवड़ यात्रा पर कई तरह के प्रतिबंध रहे। इस बार संक्रमण कम होने के बाद अनुमान लगाया जा रहा है की चार करोड़ कांवड़िए हरिद्वार पहुंचेंगे। यही वजह है की प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने का दावा किया है। हरिद्वार में कावड़ मेले के लिए करीब 5 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उत्तराखण्ड पुलिस जवानों के साथ, छह कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स, बॉम्ब स्कॉयड, आरएएफ और पीएसी द्वारा चप्पे चप्पे पर तैनाती की गई है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर ए.एस.पी ने लिया जायजा



दैनिक पहल टुडे नफीस अहमद हरदोई

हरदोई बिलग्राम।।सावन माह में श्रद्धालुओं के द्वारा गंगा स्नान और कांवड़ यात्रा को लेकर एडिशनल एसपी अनिल यादव ने पूरे मार्ग का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ को दिक्कत न हो और आवागमन बेहतर किया जा सके इसके लिए राजघाट पहुंच कर खाका खींचा। मातहतों को निर्देशित किया कि सभी जिम्मेदार सामंजस्य बनाकर काम करें ।सावन माह में शिवालयों में भीड़ होती है तो खासकर सोमवार को लोग गंगा नदी में डुबकी लगाकर कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। जाम की दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस को सतर्क किया गया है। एएसपी ने कहाकि पूरे मार्ग को चाक आउट कर लिया जाए और कुशल प्रबंधन के साथ पुलिस की पेट्रोलिग हो। सुरक्षा के लिहाज से थाना, चौकी और सीओ सर्किल में बैठक करके कार्ययोजना बना ली जाए। एएसपी ने मातहतों को शासन की मंशा का पाठ पढ़ाया। कहाकि शासन के साफ निर्देश हैं कि किसी भी दशा में उपद्रव और अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोनों अफसरों ने बिलग्राम से राजघाट तक के मार्ग का निरीक्षण करते हुए पेट्रोलिग शिविर आदि बनाए जाने पर चर्चा की। ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी योजना बनाने पर जोर दिया। इस इस दौरान क्षेत्रधिकारी एस के सिंह व थाना प्रभारी राज वीर सिंह समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

### डीसीएम की टक्कर से कावड़िया घायल

दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई।।

बिलग्राम।। कन्नौज मार्ग छिबरामऊ गांव के निकट कांवर लेकर जा रहे कांवरियों को डीसीएम ने टक्कर मार दी जिससे कावड़िया घायल हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल कावड़िया गुलाब पुत्र दिनेश 21 वर्ष निवासी मिश्रिख जिला सीतापुर जो अपने साथियों के साथ कांवर लेकर छिबरामऊ राजघाट से पैदल पैदल जा रहा था तभी पीछे से आ रही डीसीएम ने छिबरामऊ गांव के निकट एक कावड़िया को टक्कर मार दी जिससे कावड़िया गुलाब सिंह घायल हो गया पुलिस की मदद से घायल को आनन-फानन में सीएचसी पहुँचाया गया जहा घायल को प्राथमिक उपचार किया गया दूसरी ओर खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने घायल कावड़िया का हालचाल जाना उसके बाद उसके साथियों के साथ घर के लिए भेज दिया।।

## कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अपहरण के अपराधी को किया गिरफ्तार तथा उसके कब्जे से नाबालिक लडकी को सकुशल बरामद किया गया

पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के निर्देशन में कोतवाली नगर हरिद्वार पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गयी। जिसमें थाना हाजा पर मु0अ0सं0 306/22 धारा 363 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग से सम्बन्धित नाबालिक गुमशुदा/अपहरता की बरामदगी एवं अभियुक्त उपरोक्त की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा गहन सुरागरसी पतारसी एवं अथक प्रयास एवं सम्भावित स्थानों पर दबिश देते हुये

## बागपत : सीनियर सिटीजन्स ने समस्याओं पर की चर्चा

दैनिक पहल टुडे



बागपत। बड़ौत के बावली रोड स्थित दयानंद विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में रविवार को सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन बड़ौत की बैठक हुई। इसमें वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। परस्पर सहयोग से संगठन को आगे बढ़ाने में सबके योगदान के महत्व को रेखांकित किया। बैठक में शहर में नालों की सफाई, महिला शौचालयों का निर्माण, नगर पालिका का सीमा विस्तार, जाम आदि की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से मिलकर बात करने का निर्णय लिया। जनपद स्तर पर राज्य सरकार द्वारा लोक अदालत के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही कानूनी सहायता के विषय में जानकारी दी गई। बैठक में डॉ. ओमबीर सिंह, डॉ. हरपाल सिंह, सत्यपाल सिंह पथौलिया, शिवनारायण शर्मा, डॉ. विजेंद्र सिंह, धर्मवीर तोमर, तेजपाल सिंह, अंगीरास मुनि, मोहम्मद उमर, अख्तर अली, राजेंद्र सिंह, ओमपाल मलिक, प्रेम सिंह राणा, ओमप्रकाश राठी, तेजेंद्र चौहान, राममेहर सिंह, ऋषिपाल तोमर, अनिल जैन, विक्रम सिंह आर्य, सुखपाल सिंह मौजूद रहे

## त्याग व समर्पण का प्रतीक है भगवा ध्वज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुरु के रूप में करते हैं भगवा ध्वज की पूजा

पहल टुडे। ब्यूरो चीफ ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी



मथुरा।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा महानगर की माधव नगर शाखा द्वारा श्री गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन 17 जुलाई 2022 को दिन रविवार प्रातः 7:00 बजे से कैलाश पैलेस पुष्पांजलि उपवन 100 फुटा रोड पर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस धर्म जागरण मंच के प्रांतीय प्रमुख श्री दिनेश लवानिया जी व कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में रहे खेलगुरु बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान मथुरा इस कार्यक्रम में गुरु पूजन किया गया जिसमें भगवा ध्वज की पूजाकी गई और संघ की स्थापना संघ के कार्य देश निर्माण और भारत देश को पूर्ण रूप से हिंदू राष्ट्र बनाया जाए इस विषय पर विचार विमर्श किए गए जगह जगह शाखाएं लगाई जाएं और अधिक लोगों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से किस प्रकार जोड़ा जाए इस पर मंथन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन अजय शर्मा जी ने किया , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गण गीत श्री राधा बल्लभ जी ने गाया , व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना पवन शर्मा जी ने गाई इस मौके पर स्वयंसेवक राजकुमार जी , राकेश राणा जी , सुभाष जी , मुरारी अग्रवाल जी , श्याम बाबू जी , जयपाल ठाकुर , सुनील सिंह , जयभगवान पहलवान , अंकित पहलवान , कन्हा पहलवान , लक्ष्य पहलवान , विश्णु पहलवान , गनटोली पहलवान , सीएम पहलवान व सैकड़ो राष्ट्रीय स्वयं सेवी उपस्थित थे ।।

समापन बेला में स्वामी श्री हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू की अगुवाई में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन

## त्रिदिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भजन संध्या के साथ हुआ समापन



पहल टुडे/ ब्यूरो चीफ ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी

मथुरा।वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित श्री ललित कुंज आश्रम में त्रिदिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव शुक्रवार की देर शाम को समापन की ओर पहुंच गया। समापन बेला में स्वामी श्री हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू की अगुवाई में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मथुरा के आए हुए गीतकारो ने श्रावण मास से सम्बंधित सुंदर भजनों का गायन किया। वह इस मौके पर बोलते हुए महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली वृंदावन में हर एक उत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यहां पर हर दिन कोई ना कोई उत्सव मनाया ही जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का उत्सव निज आश्रम में तीन दिनों तक मनाया गया है। जिसमें त्रिदिवसीय उत्सव के समापन बेला पर मथुरा के गायको के द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि भगवान शंकर के प्रिय मास श्रावण मास का प्रारंभ हो चुका है। आज श्रावण मास का द्वितीय दिवस है। वही इस मास की महिमा को देखते हुए गायको के द्वारा झूलन के गीतों का भी गायन किया जा रहा है। सभी कलाकार स्वामी श्री हरिदास जी और पूज्य गुरुदेव भगवान के समक्ष अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। वही इस मौके पर शिव कुमार बंसल, मुकेश चंद्र, देवेंद्र सिंह, अतुल अग्रवाल, सूरज मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, चंदन सिंह वैद्य, योगेश अग्रवाल, राहुल, डॉ. एसपी अग्रवाल, डॉ. डीडी गर्ग आदि मौजूद रहे।

## गाजे बाजे के साथ निकली शोभा कलश यात्रा- रितु सिन्हा

पहल टुडे। ब्यूरो चीफ ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी को सूत्रो से मिली खबर



नोएडा, दीदी की रसोई ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित मंदिर शिव नगरी सेक्टर- 17 नोएडा में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा करने से पूर्व 16 जुलाई 2022 को श्रद्धालुओं की ओर से कलश यात्रा निकाली गई गाजे-बाजे के साथ कलश शोभायात्रा आकर्षण झांकी सजी रही। शोभा कलश यात्रा शिव नगरी सेक्टर- 17, मंदिर से निकलकर सनातन धर्म मंदिर सेक्टर- 19, नोएडा पहुंची और वहां से अट्टा होते हुए वापस सेक्टर- 17 मंदिर पर पहुंची। शोभा कलश यात्रा ट्रस्ट की अध्यक्ष व वरिष्ठ समाज सेविका रितु सिन्हा, गंगेश्वर दत्त शर्मा, मंजू शर्मा, गुड़िया देवी, रेखा चौहान, मधु शर्मा, पूजा अवाना, दीपा देवी, रेखा शर्मा, आशा गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता आदि के नेतृत्व में संपन्न हुई।

फास्ट ट्रैक

## तीर्थ नगरी हरिद्वार आने वाले शिव भक्तों रविवार को बारिश की फुहारों के बीच जाने का सिलसिला जारी है

कैराना। हरिद्वार से गंगा जल लेकर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली के शिव भक्तों का रविवार को बारिश की फुहारों के बीच नगर के पानीपत खटीमा राज मार्ग से होकर गुजरना लगातार जारी है। शासन प्रशासन ने शिव भक्तों के सभी पुख्ता इंतजाम किए हैं। ताकि किसी भी तरह की परेशानी का शिव भक्तों को सामना न करना पड़े। नगर में कई स्थानों पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। वहीं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।दिन रात लगातार निगरानी की जा रही है। आपको बता दें यमुना ब्रिज पर भोलों के लिए विशेष व्यवस्था की गई।यमुना नदी के किनारे पर बेरिकेटिंग लगा दी गई है। ताकि स्नान करते समय पानी के तेज बहाव से बचा जा सके।गोताखोरों को हर समय अलर्ट रहने के आदेश दिए गए हैं।

## तालाब में नहाते हुए डूबने से 14 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत



सहारनपुर ,नकुड कोतवाली क्षेत्र में अंबेहटा कस्बे के मोहल्ला कोटला स्थित तालाब में आज बारिश आने पर 4 बच्चे तालाब में नहाने चले गए नहाते समय 14 वर्षीय अमन तालाब में डूब लगा अमन को डूबता देख बच्चों ने शोर मचा दिया शोर सुनकर भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और तालाब में डूबे हुए बच्चे को बाहर निकाला और इलाज के लिए डॉक्टर के यहां ले गए जहां डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।इसी तालाब में डूबने से कई माह पहले भी एक लड़की की मौत हो चुकी है। कई घटना होने के बाद भी नगर पंचायत ने तालाब के आस-पास सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं किया।

## नगर निगम और बिजली विभाग की लापरवाही के चलते कई बच्चे करंट से झुलसे - लोगों ने किया हंगामा - पार्षद लोगो को समझाने में लगे



दैनिक पहल टुडे /बेनी प्रसाद शर्मा

सहारनपुर , थाना कुतुबशेर के मोहल्ला बंजारन के बुड्ढीमाई के समीप बारिश होने के बाद नाले चोक होने से सड़कों पर एक बार फिर गंदा पानी भर गया और उसमे करंट दौड़ने लगा - इसी दौरान पानी से गुजर रहे कई बच्चों करंट लगने से झुलस गए - इनमे एक बालक अली मुर्तजा की हालत गंभीर बताई जा रही है - पानी में आए करंट को लेकर लोगो में आकोष फैल गया - सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थाना पुलिस और पार्षद मंसूर बदर ने लोगो को समझने में लगे हुए है-मोहल्ले के लोग अधिकारियों को मौके पर बुलाने पर अड़े रहे

## शादी के नाम पर महिला से दुष्कर्म हुआ गिरफ्तार

पहल टुडे / साजिद खान

थाना कांधला पुलिस द्वारा शादी के नाम पर महिला से दुष्कर्म के मामले में वांछित मुबारिक पुत्र हारून निवासी ग्राम गढीदौलत थाना कांधला जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली



थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त द्वारा महिला से शादी करने के नाम पर बहलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के संबंध में पीड़िता के द्वारा मा0 न्यायालय कैराना में तहरीर दाखिल की गई थी । दाखिल तहरीर के आधार पर मा0 न्यायालय कैराना द्वारा थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने हेतु आदेशित किया था ।इसी क्रम में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । घटना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कांधला को दिये गये थे ।

## क्षेत्र के गांव अकबरपुर सुंनैहटी में दो दिवसीय रेफरिशर केंप का समापन

### प्रतिभाग करने वाले बच्चों को किया गया प्रमाण पत्रों का वितरण

पहल टुडे



कैराना। क्षेत्र के गांव अकबरपुर सुंनैहटी के मदरसा हुसेनिया सबीलुल हुदा में जमिअत यूथ कलब जिला शामली के द्वारा एक दो रोजा रेफरिशर कैम्प का समापन हुआ जिस में जनपद शामली के अलग अलग स्थान से स्काउट मास्टरो ने भाग लिया। जिनको स्काउट की ट्रेनिंग दी गई ।

स्काउट युवाओं के लिए एक आन्दोलन है। प्रगतिशील स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार सभी जगह विकसित एवं अनुकूलित की जाती है । स्काउट गाईड की विशव के 216 देशों मे मान्यता प्राप्त संगठन शाखायें हैं । जो आज के समय में 216 देशौ मे 3 करोड 80 लाख से ज्यादा इसकाउट गाईड यूवा एवं युवतियां इसके सदस्य है तथा गर्ल गाईडस एवं गर्ल स्काउट की संख्या लगभग 150 देशौ मे एक करोड से ज्यादा है । स्काउट एन्ड गाईड सभी के लिए बिना कीसी जाति धर्म के भेदभाव के संस्थापक बेडन पावेल द्वारा निरूपित सिद्धांत उदेश्य के अनुरूप सामान अवसर प्रदान करती है जमिअत यूथ कलब के जरिए बच्चो को स्काउटिंग सीखाई जाती है। ताकि बच्चो के अनदर खिदमत करने का जज्बा पैदा होजाऐ और वह समाज मै लोगो कि सेवा करके एक अच्छा इनसान बन जाऐ इस दो रोजा तरबियती कैम्प मे यही सब कुछ सिखाया गया है।

केसे समाज में सेवा कर सकते हैं। कैम्प मे भाग लेने वाले मोहम्मद परवेज स्काउट मास्टर मोहम्मद इरफान असारा स्काउट मास्टर मोहम्मद मुबारक स्काउट मास्टर मौलाना मोहम्मद आजम साहब कारी मोहम्मद मुबारक पंजीठ कारी मोहम्मद नसीम जिडाना कारी मोहम्मद आदिल साहब भूरा मौलाना हम्माद बलवा अब्दुलवाजिद मोहम्मद पुर इसटाफ मे मौलाना मोहम्मद वासिफ साहब महासचिव जमिअत यूथ कलब कारी मोहम्मद शिबली साहब प्रोग्राम के खतम पर गदपुरी कमपीटीशन मे भाग लेने वाले बच्चो को सर्टिफिकेट वितरित कीऐ गए ।इस आवसर पर मौलाना मोहम्मद इरफान साहब प्रबन्धक मदरसरा सबीलुल हुदा अकबरपुर सुनहैठी, मौलाना मोहम्मद ऊमरदीन ,मौलाना मोहम्मद मुनववर साहब मजाहिरी जमीअत ओपन स्कूल मौलाना मोहम्मद अफसर ,हाफिज मोहम्मद इस्लाम मास्टर मोहम्मद नसीम , डाक्टर मोहम्मद असजद सुनहैटी , मौलाना मोहम्मद वासिल अलहूसैनी कनवीनर जमिअत यूथ कलब जिला शामली मौजूद रहे।

## नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने वार्ड 18 में रामविहार व गणेश विहार आदि क्षेत्रों का किया निरीक्षण

### नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने वार्ड 18 और 26 में गली-गली घूमकर क्षेत्रवासियों से समस्याओं की जानकारी ली

### वार्ड 18 की जल निकासी के लिए नाला निर्माण का मांगा आकलन

दैनिक पहल टुडे / जतिन शर्मा नगर



सहारनपुर, नगरायुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ वार्ड 18 तथा वार्ड 26 का निरीक्षण किया व गली-गली घूमकर वार्ड के हालात का जायजा लिया और क्षेत्रीय लोगों से वार्ता कर जलभराव आदि समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से जल निकासी के बारे में पूछा और निर्माण विभाग को सर्वे कर नाला निर्माण का आकलन बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कहा कि उनका प्रयास है कि महानगर के जिन 11 क्षेत्रों में जलभराव होता है अगले वर्ष की बरसात में वहां जलभराव न हो।

नगरायुक्त शनिवार की सुबह नौ बजे वार्ड 18 के रामविहार, गणेशविहार आदि कॉलोनियों में पहुंची और अपर नगरायुक्त राजेश यादव सहित निगम अधिकारियों के साथ गली-गली घूमकर वार्ड की समस्याओं का जायजा लिया और लोगों से बात की। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि उनके वार्ड में बरसात में काफी जलभराव होता है तथा वार्ड की अनेक गलियां भी कच्ची है जिसके कारण लोगों का जीवन दूभर हो रहा है। नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ.कुनाल जैन ने नगरायुक्त को बताया कि वार्ड 18 की जल निकासी के लिए दो मड पंप वहां स्थायी रुप से लगाए गए हैं तथा बीमारियों से बचाव के लिए एंटी लार्वा, ब्लीचिंग व चूना का छिड़काव नियमित रुप से किया जा रहा है।

वार्ड 18 के पार्षद प्रदीप पंवार का कहना था कि बराबर के वार्ड 26 की कुछ गलियां काफी ऊंची होने के कारण उनके वार्ड की गलियां काफी नीचे आ गयी हैं, जिससे समस्या काफी बढ़ गयी है। नगरायुक्त ने ऊंची-नीची गलियां देखकर निर्माण विभाग से पूछा कि गलियां बनाते समय अन्य गलियों की जल निकासी का ध्यान क्यों नहीं रखा गया। अवर अभियंता अनूप सिंह ने नगरायुक्त को बताया कि यह क्षेत्र पहले से अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा निचला इलाका है। इस क्षेत्र की जलनिकासी के लिए एक नाले की आवश्यकता है। इस पर नगरायुक्त ने अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि वे वहां की जल निकासी के लिए नाले का नजरी नक्शा बनाकर आकलन सहित प्रस्तुत करें।

वार्ड 18 के राजकुमार शर्मा व सुनील त्यागी सहित क्षेत्रीय लोगों ने वार्ड का भ्रमण कर उनकी समस्याओं को जानने के लिए नगरायुक्त का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जतायी कि उनकी वर्षो की समस्या का समाधान हो जायेगा। इस पर नगरायुक्त ने कहा कि उनका प्रयास है कि महानगर के जिन 11 क्षेत्रों में जलभराव होता है अगले वर्ष की बरसात में वहां जलभराव न हो। निरीक्षण के दौरान उक्त अधिकारियों के अलावा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी रवीश चौधरी, अधिशासी अभियंता जलकल सुशील सिंघल, सहायक अभियंता निर्माण रजनीश मित्तल, अवर अभियंता देशांतर, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल व इंद्रपाल के अलावा सफाई निरीक्षक सुधाकर आदि मौजूद रहे।

## बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व वीआईपी प्रेस क्लब के चेयरमैन का शिवालिक के जंगल में हुआ एक्सिडेंट. बाइक के फिसलने से हुआ हादसा



दैनिक पहल टुडे / अशोक सैनी

सहारनपुर, बिहारीगढ़ बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व डीसीडीएफ के चेयरमैन व वीआईपी प्रेस क्लब के चेयरमैन राव गुलबहार अहमद का देहरादून जाते समय अचानक बंदरों के सामने आ जाने पर बाइक फिसल जाने से एक्सीडेंट हो गया. जिसमें गुलबहार अहमद को गंभीर चोट आई है जबकि वेद पाल गौतम के पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है. जिन्हें तत्काल सहारनपुर हॉस्पिटल ले जाया गया है.

मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर 1:00 बजे लगभग राव गुलबहार अहमद व वेद पाल गौतम अपनी बाइक से देहरादून की ओर जा रहे थे. की शिवालिक जंगल में नर्सरी के पास अचानक उनकी बाइक के आगे बंदर आ गए. तत्काल ब्रेक मारने के कारण बाइक फिसल गई. और दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे जिसमें राव गुलबहार अहमद के मुंह हाथ पैर पर जबरदस्त खरोंच के निशान है. जबकि वेद पाल गौतम के सीने और पैर में फैक्चर होने की आशंका है. जिस कारण वेद पाल गौतम को तुरंत सहारनपुर इलाज के लिए रवाना कर दिया गया।

## मदरसा इमदादिया रशीदिया में ईद उल अजहा के मौके पर सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित

पहल टुडे / सलीम फारूकी



शामली:आज दिन शनिवार को जनपद शामली के मौहल्ला तैमूर शाह के दिल्ली रोड स्थित मदरसा इमदादिया रशीदिया में वार्ड 17 के सभी सफाई कर्मचारियों का ईद-उल- अजहा के मौके पर सभी कर्मचारियों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस सुंदर कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से हाजी जहूर हसन जी द्वारा किया गया उन्होंने सभी सफाई कर्मियों के कार्य से खुश होकर उनको बधाई देते हुए कहा की शामली शहर मैं सभी त्योहारों पर आप लोगों के द्वारा किया गया कार्य बहुत ही सराहनीय है और इसके लिए आप सभी जनपद शामली के सभी सफाई कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। वरिष्ठ समाजसेवी हाजी जहूर हसन जी हाजी कुतुबुद्दीन जी, मौलाना साबिर जी, आसिफ मंसूरी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री आदेश कुमार सैनी जी एवं वार्ड 17 के सफाई नायक प्रवीण कुमार, साथ में सफाई कर्मचारी गण: प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, श्रवण कुमार, राधेश्याम, राहुल कुमार, अरुण कुमार, मुकेश कुमार, शिव कुमार, सोनू ,ट्रेक्टर ड्राइवर धनराज, सचिन कुमार, सुमित कुमार, सहदेव सिंह, गुलबहार सिंह, शहीद अहमद, राजेश कुमार, शम्मी कुमार, अभिषेक, बालेश ,एवं आदि मौजूद रहै है

## बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों की नकदी व आभूषण चुराए

**कैराना।** गत रात्रि अज्ञात चोरों ने बन्द मकान का ताला तोड़कर लाखों की नकदी के साथ कीमती आभूषण चुराए। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने रहमत कालोनी निवासी अनवर पुत्र शरीफ के बन्द मकान के ताले तोड़कर अलमारी में रखी लाखों की नकदी व कीमती आभूषण चुरा लिए। पीड़ित ने बताया कि वह शामली स्थित रिश्तेदारी में किसी कार्य से गया हुआ था और उसकी पत्नि मायके गई हुई थी। इसी दौरान मौका पाकर अज्ञात चोर मकान में घुस गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया।सूचना मिलते ही इमामगेट चौकी इंचार्ज राहुल कादयान मौके पर पहुँचे और घटना के बारे में जानकारी जुटाई।

## सैनी कल्याण समिति उत्तर प्रदेश रजिस्ट्रेशन के तत्वावधान मे मिटिंग मे आधुनिक शिक्षा पर जोर दिया व आडम्बर, अनधविशास, पाखंड, कुरितियो के प्रति जागरूक अभियान

दैनिक पहल टुडे / अशोक शर्मा



सहारनपुर , प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन सैनी एडवोकेट ने कहा है कि हमको व हमारे बच्चो को आधुनिक शिक्षा की तरफ जागरूक करना चाहिए, शिक्षा ही वह शेरनी का दूध है जो पीता है अपना अधिकार पाकर रहता है। शिक्षा से ही हम अपने समाज को व राष्ट्र को उचाईयो पर ले जा सकते है।

हमको अपने समाज के युवाओ को पाखंड, आडम्बर, कुरितियो, अनधविशास के प्रति जागरूक होना चाहिए। इन कुरोतियो के कारण सैनी समाज बहुत बहुत पिछड रहा है। हमारे युवा वर्ग आज नशा का शिकार हो रहे है। सैनी महापंचायत के राष्ट्रीय महासचिव जोगिन्दर सिंह सैनी ने कहा है कि सैनी समाज के सभी संगठनो को एकजुट होकर समाज के युवाओ को आधुनिक शिक्षा के प्रति जागरूक के लिए अभियान चलाना होगा व पाखंड, आडम्बर, अनधविशास, कुरोतियो को त्यागना होगा। अध्यक्षता संस्थापक माँगाराम सैनी ने की और संचालन डा संदीप सैनी ने किया। उपस्थित रहे अमित सैनी, सतेनदर कुमार एडवोकेट, अंकित सैनी, कवरपाल सैनी, सुभाष सैनी, विरेन्द्र सैनी एडवोकेट, कुलदीप सैनी एडवोकेट, सोनू सैनी सजय सैनी आदि रहे

### हवन पुजन कर क्षेत्र एवं घर की सुख शांति के लिए मनोकामनाएं की

## भीषण गर्मी व उमस से बौखलाए ग्रामीणो इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए किये गये यज्ञ और भंडारे के आयोजन

पहल टुडे / साजिद खान



गढीपुख्ता :- सूर्य देव की चिलचिलाती धूप और उमस ने आम लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है । खेतों और आवागमन के अलावा घरों में भी निम्न और मध्यम वर्गीय परिवार गर्मी और उमस से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं । इंद्र देवता को प्रसन्न न करने के लिए गॉव पिंडौरा जंहागीरपुर एवं व गढ़ी पुख्ता कस्बे में यज्ञ एवं भंडारे का अनुष्ठान किया गया ।

दोनों जगह सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बारिश करने की प्रार्थना की । पिंडोरा - जहांगीर पुर के शिव मंदिर आज सुबह करीब 8:30 बजे यज्ञ हवन पूजन के अनुष्ठान को पंडित सचिन शर्मा ने विधि विधान से संपन्न कराया ।इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कढ़ी चावल के रूप में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया ।

### इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए हुआ अनुष्ठान

पिंडोरा गांव के निवासी सत्यपाल सिंह सोमपाल सिंह जगपाल सिंह कृष्ण पाल सिंह और राजवीर सिंह आदि ने बताया कि भीषण गर्मी और सूरज की चिलचिलाती धूप से आम जनमानस परेशान है । जिसमें निम्न और मध्यम वर्ग खास तौर पर प्रभावित है ।किसान खेतों में परेशान तो जन सामान्य भी अपने घर में भी परेशान है ।बिजली के लो वोल्टेज भी राहत नहीं दे रहे हैं । सुबह के समय निकलते सूरज की चिलचिलाती धूप भी जबरदस्त परेशान कर रही है । गर्मी के अलावा खेतों के लिए भी बारिश जरूरी राजीव कुमार धीरसैन महिपाल सिंह रोहतास शुभम गौतम सुबोध विनय विपिन नीटू सेठपाल आकाश आदि ने बताया कि इस समय बारिश की बहुत आवश्यकता है , इस बारिश से जहां इंसानों को भी गर्मी व उमस से राहत मिलेगी , वही धान की फसल को भी लाभ मिलेगा ।वही कस्बा गढ़ीपुख़्ता के रैदासपुरी त्रंबकेश्वर मंदिर में पंडित राधा कृष्ण जी के द्वारा यज्ञ हवन का अनुष्ठान संपन्न कराया गया। जिसमें बाबा योगी कमलनाथ के नेतृत्व में त्रंबकेश्वर मंदिर पर इंद्र देव को खुश करने के लिए हवन पूजन किया गया ।इस दौरान देवेंद्र डॉ रवि ,अनीता ,रिंकुल, वीरसेन रजनीश आदि सैकड़ों व्यक्ति मौजूद रहे

## महंगी में घायल युवक से पूछताछ करते पुलिसकर्मी

दैनिक पहल टूडे / अमरीश पंडित



गंगोह सहारनपुर- बाइक सवार नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने युवक के चहेरे पर मिर्ची पावडर फेंककर सरियों व डण्डों से पीटकर गम्भींर रूप से घायल कर दिया है, पुलिस ने घायल को सीएचसी पर दाखिल कराया है, पीडित युवक ने पुलिस को तहरीर दे दी है ।नानौता कोतवाली के मौहल्ला कानूनगोयान निवासी 29 वर्षीय युवक निखिल कुमार पुत्र पुरूषोतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को अपनी एक सहकर्मी महिला के साथ महंगी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विधालय में उसकी 13 वर्षीय बालिका का एडमिशन कराने के लिए महंगी आये थे, बताया कि नारायण जनता इण्टर कालेज के मुख्य द्वार के सामने ही पीछे से दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश हमलावरों ने सरियों व डण्डों से उस पर हमला कर दिया, जिससे युवक को गम्भींर चोटें आयी, बीच-बचाव कराने के प्रयास में महिला भी जख्मी हो गई। युवक की चीख- पुकार सुनकर दौडे ग्रामीणों को आता देखकर हमलावर बाइकों पर सवार होकर मौके से भाग निकले। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड लग गई, ग्रामीणों ने घटना की बाबत बहलोलपुर पुलिस चौकी पर सूचना दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक से जानकारी की तो उसने बताया कि नगर के निजि पब्लिक स्कूल पर लेखाकार के रूप में तैनात है तथा नानौता में पार्टटाइम मोबाइल शॉप भी चलाता हैं जहां पर उसके साथ मौहल्ले की महिला भी नौकरी करती है। उसकी 13 वर्षीय बालिका का एडमिशन कराने आया था, युवकों ने मिर्ची पाऊडर आखों में डालकर उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल युवक को गगोंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भिजवा दिया है। कोतवाली प्रभारी सोबीर नागर का कहना है कि पुलिस तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई है तथा आस-पास के सीसीटीवी फुटेज से हमलावर की पहचान की जा रही है।

# संक्षेप

## शाहजहांपुर में मारपीट कर टॉयलेट पिलाने वाले 3 गिरफ्तार

**शाहजहांपुर** मारपीट कर टॉयलेट पिलाने वाले 3 आरोपियों को थाना सदर बाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार। शाहजहांपुर में मारपीट कर टॉयलेट पिलाने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आज तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। दोनों पक्षों के बीच पिछले करीब 1 साल से खेत में जानवर जाने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच कई बार दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। मगर दूसरे पक्ष ने थाने में शिकायत नहीं थी। खुद बदला लेने की ठान ली। 8 जुलाई को पीड़ित समझौते की बात करने गए, तो दबंगों ने दोनों युवकों को घेरकर पीटा। फिर एक व्यक्ति को टॉयलेट भी पिला दी थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया था। 3 आरोपी गिरफ्तार 1 एक फरारइफ्तेखार और उसके दोस्त जही खां को सुखदेव, राजू, कलविन्दर और जीता ने 8 जुलाई को मारपीट की थी। आरोप है कि मारपीट के बाद टॉयलेट पिला दिया था। जिसका वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया था। इफ्तेखार की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार सुबह आरोपी राजू, कलविंदर और सुखदेव के घर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी जीता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।दोनों पक्षों के बीच 4 बार हो चुकी है मारपीटपीड़ित इफ्तेखार और जही खां का करीब एक साल से सुखदेव से विवाद चल रहा था। एक-दूसरे के खेत में जानवर जाने से दोनों के बीच विवाद बढ़ता चला गया। जानकारी के मुताबिक इससे पहले पीड़ित पक्ष ने सुखदेव पक्ष को पीटा था। दूसरे पक्ष ने बदनामी के डर से थाने में शिकायत नहीं कर बदला लेने की ठानी थी। इस तरह 8 जुलाई को मारपीट कर टॉयलेट पिलाकर अपना बदला पूरा कर लिया। दोनाँ पक्षों के बीच अब तक 4 बार मारपीट हो चुकी है। ये पहली बार है कि किसी पक्ष ने थाने में शिकायत की थी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि, मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

## एसडीएम ने बैठक कर कांवड़ यात्रा की बनाई रणनीति

**जलालाबाद** शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद कोतवाली परिसर में एसडीएम बरखा सिंह व सीओ मस्सा सिंह ने शांति कमेटी की बैठक की। इसमें कांवड़ यात्रा के बारे चर्चा की गई। साथ ही डीजे मालिकों को निर्देश दिया वह डीजे बजाएं लेकिन आवाज मानक के अनुरूप हो।घटियाघाट से जल भरकर यात्रा शुरू करेंगेकांवड़ यात्रा करने वाले भक्तों से कहा कि आप लोग यात्रा में कोई भी नशा न करें और न ही नशा करने वालों को यात्रा में शामिल करें। यात्रा के दौरान हुड़दंग न करें और न होने दें। शस्त्र लेकर यात्रा न करें। क्षेत्र में रविवार से कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। भक्तगण गंगा जी घटियाघाट फरुर्खाबाद से जल भरकर यात्रा शुरू करेंगे। सोमवार को गोला गोकर्णनाथ में जलाभिषेक करेंगे।

# डॉक्टर सोनेलाल पटेल की 73वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पौधारोपण पखवाड़ा

**पहल टुडे** / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

**मिर्जापुर** अपना दल (एस) के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल की 73वीं जयंती के उपलक्ष में डॉक्टर सोनेलाल पटेल फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें समाज के हर तबके के लोगों ने बढ़ चढ़-कर भाग लिया। गत 2 जुलाई को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डॉक्टर सोनेलाल पटेल जन्म जयंती समारोह में अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय उद्योग व वाणिज्य राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने सभी से अपील की थी की डॉक्टर साहब की 73वीं जयंती पर कम से कम 73 पौधे हर जिले में लगाए जाएं। आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत पर्यावरण संरक्षण हैं। इसी क्रम से रविवार को स्थित जलालपुर में बृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। रोपे गए पौधों में कुछ इमारती तो कुछ






फलदार भी है। इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी फाउंडेशन से जुड़े लोगों की है। सभी ने संकल्प लिया की रोपे गए पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करेंगे। इस अवसर पर इंजीनियर राम लौटन बिंद ने कहा कि वृक्ष में प्राणवायु ऑक्सीजन देते हैं। आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है। इसका एक मात्र उपाय पौधारोपण ही है। इस अवसर पर उदय पटेल, रामवृक्ष बिंद, हेमंत बिंद, श्रीमती नमिता केसरवानी, श्रीमती अर्चना अग्रहरि, श्रीमती गीता केसरवानी, श्रीमती रीता सिंह, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती मीना गुप्ता, श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती शशि कला, शंकर सिंह चौहान, विजय शंकर केसरी, राजाराम पाल, रामविलास, कुलदीप पटेल, संतोष विश्वकर्मा, परमेश्वर पटेल, तुलसीदास पाल, सुरेश चंद बिंद, रामेश्वर, जयदेव सिंह, धनंजय सिंह, डॉक्टर लाल धर पटेल, रतन सिंह, अजय केसरवानी, दुर्गा प्रसाद स्थानीय फुलर वेनवंशी आदि लोग उपस्थित रहें।

# मनोज जायसवाल ने भाभी जी सर्विस सेंटर का किया उदघाटन

**पहल टुडे** / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

मीरजापुर। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल रविवार की सुबह बारियाघाट पहुँचे। जहां नगर पालिका अध्यक्ष ने नवनिर्मित और आधुनिक भाभी जी कार सर्विस का फीता काटकर उदघाटन किया।बता दे मुख्यातिथि के रूप में पहुँचे नपाध्यक्ष को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित भी किया।भाभी जी सर्विस के ओनर दंपति ने कहा कि मीरजापुर में पहली बार भाभी जी कार सर्विस में आधुनिक मशीन से सभी फोर व्हीलर की धुलाई और पॉलिश की जायेगी।सबसे बड़ी बात की हाथों से धुलाई में जहा तीस से पैतालीस मिनट का समय लगता है उससे बिल्कुल उलट लगभग दस से पंद्रह मिनट में गाड़ी की धुलाई और पालिश भी हो जायेगी और मीरजापुर के लोगो के समय की बचत भी होगी।प्रीबुकिंग के साथ कस्टमर के लिये सेल्फी पॉइंट भी बनाये गये है।इस



मौके पर भाभी जी सर्विस सेन्टर के मनोज कुमार गुप्ता,रजनी गुप्ता,स्पर्स, तरुणा ,माहिया,रविन्द्र साध ,ऋषि राम कुमार कृष्ण कुमार राजेश,वीर प्रताप,राजेन्द्र सेठ,उमा शंकर साहू,विजय अग्रवाल,संतोष शर्मा,अभिषेक,वैभव जायसवाल, विष्णु खंडेलवाल आशीष बुधिया,ओम प्रकाश मौर्या सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# लल्लू उम्र करीब 46 वर्ष की विषाक्त पदार्थ खाने से मृत्यु हो जाने की सूचना



**पहल टुडे** / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

**मिर्जापुर** आज दिनांक 17.07.2022 को थाना को0 कटरा क्षेत्रान्तर्गत अनगढ़ रोड मोहल्ला कतवारू का पुरा में किराये के मकान में रह रहे लल्लू पुत्र माता प्रसाद निवासी माधोपुर थाना पड़री मीरजापुर उम्र करीब 46 वर्ष की विषाक्त पदार्थ खाने से मृत्यु हो जाने की सूचना पर क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरी0 को0कटरा मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# स्थानीय निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी अध्यक्ष पद हेतु उतारेगी अपना प्रत्याशी, बैठक में की गई घोषणां

**पहल टुडे**

बीसलपुरः- आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं की रामलीला रोड स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में स्थानीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु अपना प्रत्याशी उतारने के लिए संभावित प्रत्याशी की घोषणा करते हुए रणनीति तैयार की गई।आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने विधानसभा चुनाव में करारा झटका खाने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और उन्होंने आज रामलीला मार्ग स्थित अपने कार्यालय पर पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक कर आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के अध्यक्ष पद हेतु अपना प्रत्याशी बनाने के लिए रणनीति तय की गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रुहेलखंड आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष हैदर अली ने अपने संबोधन में पार्टी कार्यकताओं से कहा जो लोग मेहनत करते हैं और हिम्मत नहीं हारते




हैं उनकी ही सदा जीत होती है। जीत तथा हार सिक्के के दो पहलू हैं। हार यह साबित करती है और सचेत करती है कि हम लोगों की किन-किन स्थानों पर क्या क्या कमी रहीं। इन सभी कमियों को इस बार पूरा करते हुए स्थानीय निकाय चुनाव में चेयरमैन पद हेतु संभावित प्रत्याशी तफज्जुल हुसैन अंसारी को अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारने को पार्टी के कार्यकताओं के समक्ष नाम प्रस्तुत किया गया। आम आदमी पार्टी की नेता सुनीता गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि यदि सभी कार्यकर्ता पूरे मन से घोषित पार्टी के प्रत्याशी को स्थानीय निकाय का चुनाव लडाएंगे तो कोई भी ताकत उनके प्रत्याशी को जीतने से नहीं रोक सकेगी। बैठक में अमित मिश्रा, रामसिंह, अवनीश कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पार्टी कार्यालय की बैठक में बड़ी संख्या में आप पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीसलपुर से 15 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ के लिए हुआ रवाना



**पहल टुडे**

बीसलपुरः- बीसलपुर नगर से 15 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहे थे। पूर्व भाजपा विधायक ने ईदगाह चौराहे पर उन्हें फूल मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया तथा मिठाइयां खिलाकर उन्हें अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया।

नगर से अमरनाथ के लिए 15 श्रद्धालुओं का जत्था आज रवाना हुआ है। जहां पूर्व विधायक रामसरन वर्मा ने ईदगाह चौराहे पर पहुंच कर श्रद्धालुओं को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर रवाना किया। स्वागत करने वालों में वीरेंद्र लोहिया, प्रमोद गुप्ता सहित कई लोगों ने श्रद्धालुओं को फूल माला पहनाकर रवाना किया।

# चर्चित रेंज में वृक्षारोपण के नाम पर पेड़ों की टहनियों को काटकर रोपित करने की बना ली योजना

**पहल टुडे**

पूरनपुर।पीटीआर की चर्चित रेंज में सरकारी धन को ठिकाने लगाने के लिए काम शुरू कर दिया गया। पीटीआर में अनुकूल वातावरण होने से वन्य जीवों की तादाद बढ़ रही है। वन्यजीवों की तादाद को देखते हुए जंगल का क्षेत्रफल कम पड़ने लगा है। जंगल क्षेत्र में लगातार वृक्षारोपण के नाम पर भारी-भरकम बजट ठिकाने लगाया जा रहा है। खेतों में तब्दील हो चुकी वन विभाग की भूमि पर वृक्षारोपण के लिए किए गए प्रयास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। इन दिनों वृक्षारोपण के लिए पौधे ना मिलने पर चर्चित वन क्षेत्राधिकारी ने पेड़ों की लकड़ियों को काटकर रोपित करने की योजना बना ली।



पीलीभीत टाइगर रिजर्व की चर्चित रेंज के वन क्षेत्राधिकारी ने बीते दिनों उच्चाधिकारियों के नाम पर सामाजिक वानिकी के एक वन क्षेत्राधिकारी के पास फोन किया। चर्चित वन क्षेत्राधिकारी ने उच्चाधिकारियों का हवाला देकर कड़े रुख में बात करते हुए समाजिक वानिकी के वन क्षेत्राधिकारी से पौधों की मांग की। सामाजिक वानिकी के वन क्षेत्राधिकारी से उच्चाधिकारियों के नाम से की गई पौधों की मांग बेकार साबित हुई। तेजतर्रार सामाजिक वानिकी के वन क्षेत्राधिकारी ने नर्सरी में तैयार पौधे अपनी प्लांटेशन के लिए पर्याप्त होने का हवाला दे दिया। तमाम मिन्नतों के बाद भी चर्चित रेंजर को पौधे मुहैया नहीं हो पाए। हालांकि सामाजिक वानिकी वन क्षेत्राधिकारी जनपद से रुखसत कर गए। सरकारी धन को ठिकाने लगाने के लिए चर्चित वन क्षेत्राधिकारी ने पेड़ों की टहनियों को काटकर रोपित करने की योजना बना दी। चर्चा है कि पूर्व में भी प्लांटेशन के नाम पर पौधे रोपित ना करके चर्चित रेंजर द्वारा पेड़ों की टहनियों को काटकर रोपित कर सरकारी धन को ठिकाने लगाया गया है। जंगल क्षेत्र में रोपी गई पेड़ों की टहनियां कुछ दिनों बाद ही सूख गई।

# सांड से टकराई बाइक युवक हुआ गंभीर रुप से घायल, जिला अस्पताल रेफर



**पहल टुडे**

बीसलपुरः- बीसलपुर दियोरिया मार्ग पर बाइक सांड से टकरा गई। जिससे बाइक सबार गंभीर रुप से घायल हो गया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने 108 ऐम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गांव बिहारीपुर निवासी बबलू रात्रि में बीसलपुर से घर वापस जा रहा था। तभी गांव के ही निकट मार्ग पर बैठे आबारा सांड से बाइक टकरा गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले की सूचना 108 ऐम्बुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# पुलिस ने अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ किया केस दर्ज

**पहल टुडे**

बीसलपुरः- एक पत्रकार द्वारा गाजी कमाल शाह मजार के पीछे खेत में गौवंशीय पशु के अबशेष पड़े होने का मामला ट्वीट किया गया। जिसको पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर पुलिस पहुंच गई। अवशेषों को एकत्र कर पशु चिकित्सालय के डाक्टर को बुलाकर अवशेषों का परीक्षण कराया तो गौ के ही अबशेष पाये गये। जिस पर पुलिस ने अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। बीसलपुर की गाजी कमाल शाह मियां मजार के निकट एक खेत में प्रतिबंधित पशु के अबशेष पड़े होने की सूचना मिलते ही एसएसआई नीरज कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। जहां पर उन्होंने अबशेषों को एकत्र कराकर अबशेषों का डाक्टरी परीक्षण कराया। तो अबशेष गौ के ही होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने अबशेषों को दफनाकर अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। उधर कोतवाल नरेश कुमार त्यागी का कहना है कि अबशेष मिले हैं अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कार्यवाही कर रही ।




भूगर्भ जल सप्ताह दूसरा दिन...... जल संरक्षण पृथ्वी संरक्षण अगर जल को ऐसे व्यर्थ गंवायेगें


# स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन बताया जन जन तक जल पहुंचाना है जल संरक्षण अपनाना है

**पहल टुडे**

पीलीभीत। समाधान विकास समिति विपनेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित भूगर्भ जल संरक्षण सप्ताह के दूसरे दिन का। श्रद्धा सक्सेना हर्षिता पनेरु शोभित सक्सैना मोहित पांडे राज मिश्रा सृष्टि मिश्रा पूजा भट्ट साक्षी देवल दिव्यांशी अंशिका देवल हिमांक कटिहार अराइजा फात्मा ओम गुप्ता शबनम अनम अंसारी सुनैना आकृति के द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई रिसोर्स पर्सन लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि भूगर्भ जल संरक्षण कल के लिए जल की उपलब्धता बनी रहे आज पहली आवश्यकता है वाहनों को धोने आरओ से शुद्ध पानी लेने आदि में पानी बर्बाद होता है।हमें इसे नियंत्रित करना




होगा।इसी क्रम में कल कल क्विज



प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।प्रतिभागियों का आह्वान किया जायेगा प्रतिभागी अपने अनुभव समाज में साझा कर भूगर्भ जल सप्ताह की सार्थकता बनाएं।

## आधा दर्जन लोगो ने एक युवक को मारपीट कर किया घायल रिपोर्ट दर्ज

बीसलपुरः- आधा दर्जन लोगो नें एक राय होकर एक युवक को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया है। पुलिस ने घटना के बावत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर निवासी तालिव हसेन व कमरूद्दीन के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। उसी रंजिश को लेकर दोनों ने एक-दूसरे को देख लेने की धमकी दी थी। उसी के तहत दो दिन पूर्व कमरूद्दीन ने अपने साथी ताजमोहम्मद सद्दाम नियाज आजम व जुनैद के साथ खेतों की तरफ जा रहे तालिव हुसेन को सामूहिक रूप से पकडकर गाली-गलौज करने लगे। तालिव हुसेन के द्वारा विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने जमकर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पास पडोस के लोगों ने देखकर जब तक मौके पर पहुंचे कि उससे पूर्व दबंग वहां से फरार हो गये थे। घायल युवक किसी तरह कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर उपरोक्त लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने दुष्कर्मी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**पहल टुडे**

बीसलपुरः- तीन माह पूर्व शादी समारोह में आये युवक ने एक किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म कर फरार हो जाने के बाद पीड़ित किशोरी के पिता द्वारा पुलिस से की गयी शिकायत पर पुलिस ने मामले को नजरअंदाज कर देने से पीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने दियोरिया पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गौरतलब हो कि दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रम्बोझा निवासी हुलासीराम के यहां तीन माह पूर्व वेटी की वारात आयी थी। उसी वारात में उनका एक मेहमान थाना गजरौला के ग्राम अमखेड़ा निवासी प्रमोद कुमार भी आया हुआ था। जिसने एक 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर कर ले




जाकर जबरन दुष्कर्म कर फरार हो गया था। घटना के वावत किशोरी ने रोते हुए सारी बात अपने परिजनों को बतायी जिस पर किशोरी का पिता वौखला गया और किशोरी के साथ कोतवाली गया तथा पुलिस को सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के लिये अनुरोध किया। जिसे पुलिस ने नजरअंदाज कर दिया था। पीड़ित युवक अपनी किशोरी के साथ पुलिस अधीक्षक के पास जाकर घटना से अवगत कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने का अनुरोध किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने दियोरिया पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। निदेशों के अनुपालन मे पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दुष्कर्मी को रम्बोझा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

फास्ट ट्रैक

## नजीबाबाद पुलिस अधीक्षक को प्राथना पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई

थाना क्षेत्र नांगल सोती के अंतर्गत ग्राम रसूलपुर सैद के शाहिद हुसैन पुत्र सैद अली निवासी रसूलपुर सैद बूढ़े कमजोर व्यक्ति जिसकी उम्र 90वर्ष के लग भग बताई जा रही है !जिसमें अच्छा बुरा सोचने में सक्षम नहीं है तथा यादाश्त कमजोर बताई जा रही है !तथा जिसमें सगे भाई मोहित हुसैन वह उसकी पत्नी सूफिया उर्फ छोटी चुशत चालाक किशम की व्यक्ति बताई जा रही है जिसमें मुजीब पुत्र शहीद हुसैन की जमीन को हड़पने के चक्कर में लगी हुई है ! लेकिन प्रार्थी के पिता के नाम पर ग्राम रसूलपुर सैद वें हरेवली में जो कृषी जमीन है !वहीं रसूलपुर सैद के पास आबादी की जमीन स्थित है जिसमें उपरोक्त प्रतिपक्ष प्रार्थी के पिता को बहला-फुसलाकर प्रार्थी के हक को हड़पने की नीयत से बताया जा रहा है लेकिन जब मुजीब को जमीन हड़पने के बारे में पता चला की आबादी के पास वाली जमीन रसूलपुर सैद को बिकवाने की फिराक में है ! मुजीब ने अपने भाई शाहिद हुसैन को समझाने का प्रयास किया तों उपरोक्त ने ए शब्दों का प्रयोग किया और मारपीट करतें हुए वहां से रफूचक्कर हो गया जिसमें मुजीब पुत्र शाहिद हुसैन ने नजीबाबाद पुलिस उपाधीक्षक महोदय को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की आखिरकार शाहिद हुसैन कब तक अपने छोटे भाई पर अपना कहर बरसाता रहेगा जिसमें यह भी बताया जा रहा है कि शाहिद हुसैन चतुर चलाक किस्म का व्यक्ति है जो दबंगी के बल पर अपने भाई मुजीब के साथ मारपीट पर उतारू हो जाता है !

## अमरोहा यूपी हसनपुर नगर में लगातार दो घंटे नहीं चलपा रही विद्युत सप्लाई नगर वासियों में भारी आक्रोश

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार को नगर में लगातार दो घंटे विद्युत सप्लाई नहीं चल सकी है।जिसके चलते नगर की जनता में आक्रोश बना हुआ है एक तरफ जहां प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने आदेश पारित किया था कि शहर को बीस एवं देहात क्षेत्र को अट्ठारह घंटे विद्युत सप्लाई दी जानी चाहिए। और बिना ट्रिपिंग शेड्यूल के मुताबिक विद्युत सप्लाई सुचारू की जाए लेकिन इसके उलट ही विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा भाजपा की योगी सरकार एवं योगी मोदी



को बदनाम करने की नाकाम साजिश रची जा रही है। और नगर भर में लगातार ट्रिपिंग कर कई घंटे विद्युत सप्लाई गायब की जा रही है।एक तरफ जहां नगर की जनता द्वारा विद्युत व्यवस्था पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार ट्रिपिंग कर एक साथ दो घंटे भी विद्युत सप्लाई नहीं दी जा रही है। इस विषय में विद्युत अधिकारियों का कहना है कि अधिक गर्मी एवं लोड अधिक होने के कारण विद्युत सप्लाई कम मिल रही है और जितनी विद्युत सप्लाई प्राप्त हो रही है उसमें कंप्लेंट आदि समेंत बहुत ही समस्या बनी हुई हैं।जिसके चलते विद्युत सप्लाई कम मिल पा रही है एक तरफ जहां नगर की जनता को विद्युत सप्लाई को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं इसके उलट ही शुद्ध पेयजल की किल्लत भी लगातार बनी हुई है। ओर इस वर्ष जैसे जैसे गर्मी बढ़ी है वैसे ही विद्युत सप्लाई काटी जाती रही है ।अब देखना यह है कि क्या विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से दी जाएगी या फिर ऐसे ही सरकार को बदनाम करने की नाकाम कोशिश की जाती रहेगी। बता दें कि जहां योगी सरकार के फरमान के बाद विद्युत विभाग अधिकारी कर्मचारी उलट पूर्ववर्ती सरकारों के ढर्रे पर चल कर कार्य कर रहे हैं। जिसके चलते योगी सरकार को बड़ा नुकसान साबित हो रहा है।दूसरी तरफ नगर की जनता में आक्रोश होने के बाद भी सयंम बरता जा रहा है। और जिस दिन जनता का धैर्य का बांध टूट गया उस दिन विद्युत अधिकारियों के होश गादले हो सकते हैं।

## पंद्रह दिनों से जल स्टेट ट्यूबेल का मोटर किसान हुए परेसान

पहल टुडे /आशुतोष कुमार मिश्र



बेल्थरारोड बलिया। स्थानीय तहसील के चन्दाडीह गांव स्थित स्टेट ट्यूबेल 147आर जी लगभग पंद्रह दिनों से मोटर जल हुआ है जिसको ग्रामीण किसानों ने ऑपरेटर साहब के माध्यम से जेई साहब को अवगत करा दिया गया पर बिभाग के अधिकारी आज कल कहते रहे की मोटर खुल जाएगा पर अभी तक मोटर नही बना है जिससे सैकड़ो बिगहा धान की रोपाई और धान का बिया सुख रहा है वरसात नही होने से कुछ भी समझ में नही आ रहा डीजल की महंगाई अपने चरम पर है कितना कोई डीजल डाल कर पानी चलाएगा समझ में नही आ रहा है स्थानीय किसान आशुतोष कुमार मिश्र के अनुसार एक तो बरसात नही हो रहा है दूसरा मोटर जलने से हम किसानों की समस्या और बढ़ गयी है डीजल महंगा है खेती कैसे होगी किसान शिव चन्द राजभर के अनुसार पानी के आभाव ने धान की रोपाई नही ही रही है जबकि बिभागी अधिकारी आज कल कह रहे है उनको मौका नही मिल रहा है इधर हम लोगो का धान का बिया सुख रहा है तो कही धान पानी के न होने से सुख रहा है जे देखते है इस जोगी जुग में किसानों को सम्मान के रूप में दो हजार सरकार देती है पर कब नलकूप बिभाग के कर्मचारियो को मौका मिलता है और स्टेट ट्यूबेल बनता है सरकार किसानों पर जोर दे रही की वही बिभागी अधिकारी उदासीन है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

पहल टुडे



**नजीबाबाद** गरीब उत्थान सेवा संस्थान के तत्वधान में किया गया विद्यार्थियों का सम्मान समारोह जिसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल थाना अध्यक्ष मंडावली नरेंद्र गौड, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, वालिया ग्लोबल के प्रधानाध्यापक श्याम प्रकाश तिवारी, ग्रीन लाइट पब्लिक स्कूल के एम डी रविन्द्र सिंह, योगाचार्य अरुण राजपूत, मोहित कर्णवाल, समिति अध्यक्ष दीपक सैनी द्वारा सभी चयनित छात्र छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट जैनब प्रवीन एवं रेयान अंसारी के द्वारा किया गया सभी अतिथि गणों द्वारा बच्चों को शिक्षक के क्षेत्र में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सही मार्गदर्शन कराने के लिए रास्ते बताए गए और सभी के द्वारा सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी गई अध्यक्ष दीपक सैनी द्वारा बच्चों को लगन और मेहनत से पढ़ते रहना चाहिए जिससे वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने जीवन को उजागर कर सकें गुरु का काम तो बच्चों को सही मार्गदर्शन करा कर सही दिशा में भेजना होता है इसलिए सभी बच्चे को पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य का पीछा करते आगे बढ़ते रहना चाहिए थाना प्रभारी मंडावली नरेन्द्र कुमार गौड़ द्वारा बताया गया सड़क और गुरु दो ऐसी चीज है जो स्वयं अपने स्थान पर रहते हुए दूसरों को उसकी मंजिल तक पहुंचा देते हैं।छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करके इमानदारी और निष्ठा से मेहनत करनी चाहिए जो ऐसा करते हैं सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमती है ब्लाक प्रमुख तक राज सिंह ने शिक्षा के साथ-साथ दीक्षा अर्थात संस्कार ग्रहण करने का भी सभी से आह्वान किया चौधरी इसम सिंह एवं प्रधानाचार्य श्याम प्रकाश तिवारी ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में दीपक सैनी द्वारा उनकी संस्था के द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं का किया गया सम्मान एक सराहनीय कदम है इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को का मनोबल बढ़ेगा और दूसरे छात्र छात्रा भी इन मेधावी छात्रों के प्राप्त होने वाले सम्मान से प्रेरणा लेकर और अधिक कार्य करेंगे लगन और मेहनत से पढ़ेंगे सभी अतिथियों ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की सम्मानित हुए छात्र छात्राओं में पीयूष कुमार, दीपशिखा पाल , सूरज कुमार, सनामंतशा, एहतेशाम, मुस्कान, अफीफा, हिबा परवीन, सोफिया परवीन, रुकैया परवीन, सहबाज आदि शामिल रहे गरीब उत्थान सेवा संस्थान पर समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे ललित, रमाकांत, रचित सैनी, राहुल, यशपाल सैनी, विमल, आदि मौजूद रहे।

## तहसीलदार ने बरिष्ठ अधिवक्ता को तहसील सभागार में फर्स पर पटका

पहल टुडे /शकील खान



बैरिया, बलिया तहसीलदार के गलत आचरण के चलते शनिवार को बवाल होते होते बचा। बैरिया तहसील में उस समय हंगामा हो गया, जब तहसीलदार शैलेश चौधरी ने एक बुजुर्ग अधिवक्ता को तहसील सभागार में ही फर्श पर पटक दिया। वह एक समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में बैठे तहसीलदार के पास गए थे। अन्य अधिवक्ताओं ने हंगामा करते हुए तहसील के सभी कार्यालयों व न्यायलयों से कर्मचारियों को निकालकर तालाबन्दी करा दिया। वहीं एसडीएम व अन्य अधिकारियों के साथ बैठे तहसीलदार के सामने पहुंचकर विरोध जताते हुए उन पर लपके, किन्तु समाधान दिवस में मौजूद एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह, रेवती एसएचओ रमायण सिंह, थानाध्यक्ष दोकटी रोहन राकेश सिंह अपने सहयोगियों के साथ अधिवक्ताओं को किसी तरह रोका और आग्रह कर अधिवक्ताओं को शांत करना चाहा। अधिवक्ता उग्र व आक्रोशित थे। फिर एसडीएम आत्रेय मिश्र ने हाथ जोड़कर तहसीलदार की गलती स्वीकार करते हुए कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजने का भरोसा दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचन्द श्रीवास्तव किसी समस्या के समाधान के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों के साथ बैठे तहसीलदार से आग्रह करने गए थे, तभी तहसीलदार शैलेश चौधरी नराज हो गए। अधिवक्ता का गर्दन पकड़कर फर्श पर पटक दिए। यह देख समाधान दिवस में जुटी जनता व अधिकारी अवाक रह गए। पुलिस वालों ने अधिवक्ता को सहारा देकर उठाया। इसकी सूचना अधिवक्ताओं तक पहुंची तो हंगामा की स्थिति उत्पन्न हो गयी। सैकड़ों अधिवक्ता जुटकर तहसीलदार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए एसडीएम से तहसीलदार को बाहर निकालने की मांग करने लगे, तब पुलिस वालों ने एसडीएम के साथ मिलकर मामला सम्भाला। सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता तहसील बन्द कराने के बाद तहसील के मुख्य द्वार पर बैठकर नारेबाजी करते हुए तहसीलदार के बाहर निकलने का इंतेजार करने लगे। मौजूद थानाध्यक्षों के साथ एसडीएम ने अधिवक्ताओं को समझाकर मामला शान्त कराना चाहा, किन्तु अधिवक्ता मौके पर डीएम व एसपी को बुलाने की मांग करने लगे।

एसडीएम की सूचना पर अपर जिला अधिकारी वित्त व राजस्व राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गाप्रसाद तिवारी व बांसडीह सीओ राजेश कुमार तिवारी मौके पर पहुचे। अधिवक्ता अपर जिलाधिकारी से तहसीलदार को तत्काल निलंबित करने, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, उनकी विभागीय जांच कराने की मांग की।अधिवक्ताओं ने उक्त मांगों के साथ तहसीलदार पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को तहरीर दिया। अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद अधिवक्ता शांत हुए। वहीं तहसीलदार को पुलिस सुरक्षा में बलिया भेज दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता शिवजी सिंह, बसन्त पाण्डेय, रामनरायण सिंह, रुद्रदेव कुँवर, अरुण श्रीवास्तव, देवेन्द्र मिश्र, अजय सिंह, धनन्जय सिंह, शत्रुघ्न सिंह, रामप्रकाश सिंह, चन्द्रशेखर यादव, अजित सिंह, राकेश मिश्र सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर कई गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि तहसीलदार की आदत बन गयी है किसी न किसी से रोज ही बदसलूकी करने की

किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। इस प्रकरण पर जिलाधिकारी से परामर्श कर कार्रवाई की जाएगी।

राजेश कुमार सिंह एडीएम (वित्त व राजस्व)

## पुलिस के जवान ने खुद को मारी गोली

पहल टुडे

बैरिया, बलिया। दोकटी थाना क्षेत्र के करनछपरा निवासी व त्रिपुरा पुलिस के जवान अमरजीत सिंह उर्फ सुनील सिंह (30) पुत्र विजय सिंह ने शनिवार की देर शाम कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। अचानक हुई घटना से न सिर्फ घर-परिवार, बल्कि पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही बैरिया एसएचओ धर्मवीर सिंह मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि करनछपरा निवासी सीआरपीएफ से रिटायर विजय सिंह के पुत्र अमरजीत उर्फ सुनील सिंह त्रिपुरा पुलिस के जवान थे। वह अगरतला में तैनात थे। वे इन दिनों छुट्टी पर गांव आये थे। लीवर रोग से पीड़ित अमरजीत कुछ दिनों से काफी परेशान थे। इलाज चल रहा था, किंतु लाभ नहीं था। परिजनों के अनुसार इसी कारण वह अपने सर्विस रिवाल्वर से अपने गले में गोली मार ली। गंभीरावस्था में परिजनों ने सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वार्ड नंबर 2 से जिला पंचायत प्रत्याशी रहे संदीप सिंह राजा के बड़े भाई सुनील सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।



## बु. वि. सेना ने धरना प्रदर्शन कर धौर्रा जाखलौन स्टेशनों के स्टॉपेज को बहाल करने की मांग की

### बु. वि. सेना मंगलवार को स्टेशन मास्टर के माध्यम से रेलमंत्री को सौपेंगी ज्ञापन

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुर : स्थानीय कंपनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास सेना के तमाम कार्यकताओं ने बु. वि सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में जाखलौन , धौर्रा के कोरोनाकाल में बन्द हुए विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज की बहाली को लेकर धरना प्रदर्शन किया ।

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि पत्थर व्यवसाय और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण धौर्रा और जाखलौन स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण मेल और पेसैंजर ट्रेनों का स्टॉपेज था तथा प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते थे । परंतु कोरोनाकाल में उक्त ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया गया जो आजतक बंद है ।सरकार द्वारा कोरोना पर काफी हद तक नियंत्रण के उपरांत सरकार द्वारा राजनैतिक , सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न शिक्षण संस्थायें भी खोल दी हैं । किन्तु धौर्रा जाखलौन में मेल और पैसेन्जर ट्रेनों के पूर्व के स्टॉपेज बहाल नहीं किए हैं । जिसके कारण क्षेत्रवासियों , पत्थर व्यवसायियों और पर्यटकों भारी परेशानियों क सामना करना पड़ रहा है । बु. वि. सेना प्रमुख ने कहा कि स्थानीय सांसद की उदासीनता के चलते धौर्रा , जाखलौन क्षेत्र के लोगों में भारी असन्तोष व्याप्त है ।उन्होंने कहा है कि सांसद संवेदनशीलता का परिचय देते हुए इस ज्ववंत समस्याओं से सरोकार करते हुए शीघ्र ही भारत सरकार के रेलमंत्री से बात करके धौर्रा जाखलौन और जीरोन के स्टॉपेज पहले की तरह बहाल करायें । अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना को उग्र आन्दोलन छेड़ने के लिए विवश होना पड़ेगा । बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि इस ज्वलंत समस्या के बाबत बु. वि. सेना मंगलवार को ललितपुर स्टेशन मास्टर के माध्यम से एक ज्ञापन रेलमंत्री भारत सरकार को सौपेंगी धरना प्रदर्शन में राजकुमार कुशवाहा , विनोद साहू , मगन सोनी , हरीओम कुशवाहा पार्षद , परवेज पठान , अमरसिंह बुन्देला , भजन कुशवाहा , प्रदीप साहू , शैलेन्द्र , दीपेश , कवि , मोहित , छोटू , ओमप्रकाश अवधेश बाबू , अनिल कुमार अहिरवार , खुशाल बरार , नंदराम कुशवाहा , कुशल बरार , राजकुमार आदि मौजूद रहे ।

## सावन महीने की शुरूआत और हरेला पर्व पर लायन्स क्लब

नजीबाबाद रेनबो द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमें अलग अलग तरह के पौधे लगाए गए जिसमे आम, तुलसी, अमरूद आदि के मुख्य रूप से लगाये गए।इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा रूपम अग्रवाल ने कहा कि पेड़ ही जीवन का आधार है और आज के युग मे पौधारोपण का विशेष महत्व है ।जिस तरह पृथ्वी पर गर्मी बढ़ रही है,इस से हमारा बचाव आगे चलकर ये वृक्ष ही कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने उपस्थित सदस्यों से समय समय पर पौधरोपण करने की अपील भी की ।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन रुपम अग्रवाल सचिव लायन रश्मि गुप्ता , दिव्या तायल, स्वाती अग्रवाल,शिमोना , सुषमा अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों उपस्थित रहे और काफी जगह पौधरोपण किया

## बेल्थरा मार्ग पर नवरतनपुर चट्टी के समीप बोलेरो के धक्के से बाइक सवार युवक समेत दो घायल

पहल टुडे




सिकन्दरपुर, बलिया। सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के कठौड़ा गांव निवासी किशन कुमार 25 वर्ष पुत्र स्वामीनाथ रविवार की दोपहर को सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के भड़ीकरा सुभद्रा गांव से अपने बुआ की लड़की कुमारी बंदना 20वर्ष पुत्री संजय कुमार को बाइक द्वारा लेकर अपने गांव कठौड़ा जा रहा था। वह जैसे ही नवरतनपुर चट्टी के समीप पहुंचा कि बेल्थरा की तरफ से आ रहे बोलेरो सवार नें जोरदार धक्का मार दिया है जिससे दोनों बाइक सवार सड़क किनारे गिर कर पर गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद जुटे स्थानीय लोगों ने दोनों को। घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य सिकंदरपुर भिजवाया यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया अब

## क्षेत्रपाल मंदिर धर्मसभा में मुनि श्री ने बुरे विचार त्यागने की दी समझाईश

## साधू की संगति में संत न बन पाए तो संतोषी जरूर बनें :सुधासागर महाराज

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुरः क्षेत्रपाल मंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव सुधासागर महाराज ने मन में बुरे विचार त्यागने और पवित्र विचार लाने की सीख देते हुए कहा साधू की संगति में श्रावक संत न बन पाए तो संतोषी तो बनें। अभाव में सदभाव की अनुभूति हो अपनी आंख से गंदा न देखें। कही ऐसा विचार आए कि कोई देख तो नहीं रहा गुरू महाराज तो नहीं देख रहे ।समझों गलत कार्य है हमें नहीं करना चाहिए। उन्होने कहा धर्म मंदिर जाना या पूजा करने में नहीं यह तो धर्म के साधन हैं। मुनि श्री ने अपनी समझाईश शैली में श्रावकों को बताया मेरा जो ,जो मेरा है उसका में सहयोग दूंगा कभी विरोध में नहीं जाउगा उसका विरोध नहीं करुगा गलत व्यवहार भी नहीं करूंगा मेरा मन है तो उसको गंदा नहीं करूंगा अपनों की गंदगी साफ करने वाला मेरा है। मैं कौन हूँ मै कैसा हूँ मै कहा हूँ किनके साथ रह रहा हूँ कल किसिके साथ था में हूँ तो क्यों हूँ ऐसे विचार आने से मन में संतोषी भाव आएगे प्रात काल क्षेत्रपाल मंदिर मूलनायक वेदिका पर अभिषेक की मांगलिक क्रियाएं हुई इसके उपरान्त शान्तिधारा मुनि सुधासागर महाराज के मुखारविन्द से हुई। मुनि द्वय के पादप्रक्षालन करने का सौभाग्य संतोष जैन परिवार तेदूखेडा को प्राप्त हुआ। मुनि श्री सुधासागर महाराज की आहारचर्या का सौभाग्य आलोक मोदी परिवार को मिला। मुनि श्री जव आहारचर्या के उपरान्त क्षेत्रपाल मंदिर जी को आए तो मार्ग में स्थान स्थान पर आरती उतारी पादप्रक्षालन कर श्रावकों ने पुर्याजन किया श्रावक श्रेष्ठ शिलचंद अनौरा, अखिलेश गड्याना, ज्ञानचंद इमलिया, धन्य कुमार जैन एड। अशोक देलवारा, सनत जैन खजूरिया, कोमल दादा, मुकेश सराफ, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, जिनेंद्र जैन डिस्को, मनोज जैन बबीना, अक्षय अलाया, श्रेयंस जैन गदयाना, नरेंद्र जैन छोटे पहलवान, राजीव जैन लकी, कपूरचंद लगन, अजीत जैन, विजय जैन कल्लू अरविंद जैन ऑप्टिशियन, सुधीर सिवानी, आनंद चौधरी, पंडित शीतल प्रसाद जैन, पंडित वीरेंद्र जैन, श्रीश सिघई प्रमुख रूप से उपस्थित थे। चातुर्मास की व्यवस्था मंदिर प्रबंधक राजेंद्र जैन थनवारा व पार्षद मोदी पंकज जैन स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर करा रहे हैं। शाम के समय मुनि सुधासागर महाराज और मुनि पूज्य सागर महाराज देश के विभिन्न भागों के भक्तों के ऑनलाइन प्रश्नों को चैनलों के माध्यम से हल करते हैं। कार्यक्रम का संचालन महामन्त्री डॉ. अक्षय टड़ैया ने किया। दोपहर में क्षेत्रपाल मंदिर में मुनि श्री की चातुर्मास व्यवस्था पर एक बैठक हुई जिसमें चातुर्मास के आयोजनों की व्यवस्था में स्वयंसेवको ने सहयोग करने का संकल्प लिया।

जैन पंचायत के मीडिया प्रभारी अक्षय अलया के अनुसार मुनिपुगव सुधासागर महाराज जी के प्रवचन प्रात 8 बजे क्षेत्रपाल मंदिर में सम्पन होगे सायंकाल 5-45 बजे क्षेत्रपाल मंदिर में जिज्ञासा समाधान का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## पुलिस मुठभेड़ में 25,000 का इनामी गैंगस्टर बदमाश गिरफ़्तार, घायल

### कब्जे से तमंचा मय कारतूस-खोखा व चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद

पहल टुडे





गाज़ियाबाद। जनपद के एसएसपी मुनिराज ने शातिर अपराधियों की कमर तोड़ने हेतु कई तरह के अभियान जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में चलाए हुए हैं। इसी के साथ ही एसएसपी मुनिराज ने कावड़ यात्रा को लेकर भी कड़े निर्देश दिए हुए हैं। जिसके चलते जनपद पुलिस पहले से और ज्यादा सतर्कता से अपने कार्य को अंजाम दे रही हैं। इसी क्रम में बीती देर रात थाना लोनी पुलिस चिरोड़ी रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान चेकिंग कर रही पुलिस को एक मोटर साइकिल सवार संदिग्ध तेज गति से आता हुआ दिखाई दिया तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस का इशारा देख मोटर साइकिल सवार संदिग्ध घबरा गया और उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया और मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस ने मोटर साइकिल सवार बदमाश के बुलंद हौसले को देखते हुए आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग कर दी। जिसमें, बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस को पकड़े गए बदमाश की पहचान यूनुस उर्फ गंगा पुत्र युसूफ निवासी थाना लोनी गाज़ियाबाद बताया हैं। सीओ लोनी रजनीश कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त गण शातिर किस्म का अपराधी हैं, जिसके विरुद्ध एक दर्जन मुकदमें जनपद गाज़ियाबाद और दिल्ली-एनसीआर में दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि घायल अभियुक्त गण को जनपद के स्थानीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती करा दिया हैं।

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
पहल टुडे
जनता का अखबार



## सम्पादकीय

### गरिमामय अभिव्यक्ति

इसमें दो राय नहीं कि हमारे माननीयों की शब्दावली व बोल-वचन गरिमामय होने चाहिए। देश की नई पीढ़ी उनके व्यवहार से प्रभावित भी होती है क्योंकि वे भारतीय लोकतंत्र के नायक सरीखे होते हैं। अक्सर देखा जाता है कि संसद की कार्यवाही के दौरान होने वाली गरमा-गरम बहसों के दौरान ऐसे शब्दों का प्रयोग हो जाता है जो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं होते। संसद में सत्तारूढ़ दल अपने एजेंडे के साथ आता है और विपक्ष उसका विरोध करना अपना धर्म मानता है। लेकिन यह महज विरोध के लिये विरोध भी नहीं होना चाहिए। वहीं वे शब्द भी प्रतिबंधित नहीं होने चाहिए जो सही मायनों में लोकतंत्र को अभिव्यक्त करते हैं। लेकिन शब्दों की गरिमा तो हर हाल में बनी ही रहनी चाहिए। वैसे आज सदन में धीर-गंभीर प्रतिनिधि कम नजर आते हैं जो व्यापक ज्ञान व अध्ययन के अधिकारी हों और प्रतिरोध के लिये रचनात्मक भाषा का प्रयोग करते हों। निस्संदेह, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में भाषा भी लोकतंत्र की अर्चना जैसी ही होनी चाहिए। व्यक्तिगत आक्षेप के लिये गढ़ लिये गये तीखे-तल्ख शब्दों के प्रयोग से बचा जाना चाहिए। लेकिन यहां सवाल यह भी उठता है कि लोकसभा सचिवालय ने ह्यअसंसदीय शब्द 2021ह्न शीर्षक के तहत जिन शब्दों व वाक्यों को असंसदीय अभिव्यक्ति के दायरे में रखा है क्या वे वास्तव में असंसदीय हैं। कहा गया है कि सांसद इन शब्दों के प्रयोग से बचें और यदि इन शब्दों का प्रयोग होता है तो उसे सदन की दर्ज कार्यवाही से हटा दिया जायेगा। कहना कठिन है कि इसका व्यवहार में कितना पालन करेंगे। दरअसल, कुछ विपक्षी सांसदों ने खुलेआम कहा है कि वे इन शब्दों का प्रयोग करते रहेंगे। वे इस कदम को लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति पर अंकुश बता रहे हैं। साथ ही कह रहे हैं कि जब भाजपा विपक्ष में बैठती थी तो इन शब्दों का भरपूर उपयोग करती रही है।

बहरहाल, वक्त की दरकार है कि जिन शब्दों को असंसदीय बताकर रोक लगाई गई है, उनकी समीक्षा तो होनी चाहिए। यूं भी देश के राजनेता आम व्यवहार में गिने-चुने शब्दों का ही अपने संबोधन में प्रयोग करते हैं और शब्दों के चयन में रचनात्मकता कम ही नजर आती है। वैसे तो देश की कई विधानसभाओं में पहले से कई शब्द प्रतिबंधित हैं। वैसे इनमें से कई शब्द ऐसे भी हैं जो आम व्यवहार में खूब उपयोग किये जाते हैं। कई बार संसदीय बहस के दौरान आवेश में आकर विपक्षी सांसद लक्ष्मण रेखा लांघते नजर भी आते हैं। निस्संदेह, राजनीतिक विमर्श के मानकों की गरिमा बनाये रखने की जरूरत है। वहीं सरकार को भी अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान करना चाहिए। यदि कोई प्रतिनिधि सटीक स्थिति को दर्शाने वाले शब्दों का प्रयोग करता है तो सत्तापक्ष से सहिष्णुता की उम्मीद की जाती है। दुनियाभर के लोकतंत्रों में सत्ता की निरंकुशता पर नियंत्रण के लिये तीखे तेवर दिखाये जाते रहे हैं। इसे कुछ लोग लोकतंत्र की खूबसूरती बताते हैं। यह भी कि विपक्ष इसके जरिये सत्तापक्ष के मनमाने व्यवहार पर अंकुश लगाता है। वैसे भी सदन में वाद-विवाद संसदीय कार्यवाही की आत्मा कही जाती है। सत्तारूढ़ दल के मंत्री व सांसद सरकारी नीतियों व प्रस्तावित कानूनों को प्रस्तुत करते हैं, यदि विपक्षी सांसद उससे सहमत न हों तो उसके खिलाफ बहस करते हैं। निस्संदेह, ऐसे विमर्श से कई खामियों व विसंगतियों पर चर्चा हो सकती है। सत्ता पक्ष-विपक्ष अपनी बात को ठोस बिंदुओं और तर्कों से प्रमाणित करने का प्रयास कर सकते हैं।

# लोकतंत्र के पहरुए के शपथ तोड़ते बयान!



-ऋतुपर्ण दवे

> लोकतंत्र के पहरुए बनकर ही संसद जा रहे हैं जहाँ विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा, निष्ठा, संप्रभुता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ और साँसद के कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करने की शपथ लेंगे। इस शपथ के साथ वो कुतर्कों, गैर जरूरी बयानों और आतंकवाद को समर्थन की बात कह पाएंगे? इतना तो है कि उन भगत सिंह के बलिदान का तिरस्कार जो भारत के बच्चे-बच्चे के लिए एक आदर्श हैं असहनीय है। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की कुबार्नी पर सवाल अब तक न उठे हैं न उठ सकते हैं।

अगर हम अपने आदर्शों को आतंकवादी कहेंगे तो फिर राष्ट्रवादी कौन होगा? यह सवाल इन दिनों देश में बड़ी गंभीरता से लोगों को परेशान और हतप्रभ कर रहा है। माना कि ऐसे सवालों की जद में राजनीति होती है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश के लिए प्राणों की आहुति देने वालों उसमें भी खासकर देश भक्ति की अनूठी मिशाल पेश करने वालों पर स्वतंत्रता या इससे जुड़े आन्दोलनों या कोशिशों के इतने लंबे अरसे बाद केवल सियासत चमकाने के लिए सवाल उठाना न केवल हैरान और परेशान करता है बल्कि भावनाओं को आहत भी करता है। लगता नहीं कि ऐसे सवालों को अब और खासकर तब जब देश स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी में पूरे उत्साह, जोश और जोर-शोर से जुटा है उठाना किसी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हो सकता है? पंजाब की संगरूर सीट से नए नवेले सांसद सिमरनजीत सिंह मान का भगत सिंह के बलिदान पर सवाल उठाना एक तो बकवास और दूसरा गैर जरूरी है। यकीनन हर उपचुनाव के नतीजों के खास मायने होते हैं लेकिन मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान की पंजाब में एक मात्र संसदीय सीट खाली करने से हुए उपचुनाव में शिरोमणि अकाली दल, अमृतसर(शिअदअ) के सिमरनजीत सिंह मान का जीतना और जीतते ही विवादित बोलों से सभी ध्यान खींचना अब आहत करने जैसा लगने लगा है।

ऐसा कहीं से भी नहीं लगता कि अपने तौर तरीकों से सुर्खियों में बने रहने वाले मान देश के हक में अपनी बातें कह रहे हैं। दशकों बाद पंजाब में खालिस्तान समर्थक आवाजें फिर सुनाई देना, ऑपरेशन ब्लू स्टार की इस बरसी पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे, हिमाचल विधानसभा की दीवार पर खालिस्तानी झंडे लगाना, जनरैल सिंह भिण्डरावाले को शहीद संत कहना तथा और ऐसे ही तमाम दूसरे वाकये लोकतंत्र के हिमायती के मुंह से अच्छे नहीं लगते। उनके अतीत को देखते हुए भी लगता है कि कहीं न कहीं पंजाब को वो




भूली, बिसरी बातें याद दिला रहे हैं जिसको छोड़ राज्य बहुत आगे निकल चुका है बल्कि वहाँ नई पीढ़ी नई सोच और नए रास्ते पर चल चुकी है जिसमें राष्ट्रवाद अहम है। पंजाबी दुनिया में भारत का परचम लहराते हुए अपनी पगड़ी, कृपाण, भांगड़ा और खास लहजे से देश प्रेम की अनूठी मिशाल से लबरेज दिखते हैं। प्रधानमंत्री के हर विदेश दौरे के दौरान भारतीय समुदाय में सबसे अलग और दूर से पहचाने जाने वाले वो पंजाबी बिरादरी ही है जो विदेशों में भारत की भीड़ में अलग पहचान है। ऐसे में सिमरनजीत सिंह मान की मंशा पर पूरे देश में सवाल उठना ही चाहिए और उठ भी रहे हैं।

इतना तो समझ आने लगा है कि मान खालिस्तानी विचारधारा को संसद में रखने की कोशिश तो करेंगे लेकिन कितने कामियाब होंगे वक्त पर छोड़ना होगा। उनका बयान जिसमें वो किसान आन्दोलन के दौरान दंगे भड़काने के आरोपी दीप सिद्धू की सड़क हादसे में हुई मौत और जाने-माने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या को शहादत बता उससे पूरी दुनिया में सिख कौम को फायदा हुआ बता क्या कहना चाहते हैं? किसी की मौत या हत्या में फायदा ढूंढ़ना राजनीति का कौना सा हिस्सा है वही जानें लेकिन भारत में इसे समुदाय विशेष से जोड़कर खुले आम बयान देना नफरत को बढ़ावा देना ही कहा जाएगा।

ऑपरेशन ब्लू स्टार के खिलाफ 18 जून 1984 को भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया। 1967 में आईपीएस बने और पंजाब कैडर एलॉट हुआ। एएसपी लुधियाना, एसएसपी फिरोजपुर, एसएसपी फरीदकोट, एआईजी जीआरपी पंजाब-पटियाला, सतर्कता ब्यूरो चंडीगढ़ के उप निदेशक, कमांडेंट पंजाब सशस्त्र पुलिस रहकर आखिर में बॉम्बे में सीआईएसएफ के ग्रुप कमांडेंट बने। इस्तीफे के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। यह विडंबना नहीं तो और क्या है जिसे मान ने खुद माना कि 80 के दशक में उन्होंने भिंडरावाले और उसके समर्थकों को हथियारों की सप्लाई की थी! सिमरनजीत मान के सोशल मीडिया एकाउण्ट से भी पता चलता है कि शुरू से ही कट्टर खालिस्तानी समर्थक हैं। ऑपरेशन ब्लू स्टार के चलते उन्होंने पुलिस की नौकरी से इस्तीफा दिया। भिंडरावाले को अपनी जीत का श्रेय देने वाले यह सांसद, संसद में कश्मीर में भारतीय सेना के अत्याचार का मुद्दा और बिहार और छत्तीसगढ़ में आदिवासी लोगों को नक्सली बताकर उनकी हत्या किए जाने के मुद्दे को भी उठाने की बात कहकर कौन सा संदेश देना चाहते हैं यह तो वही जाने लेकिन न केवल पंजाब बल्कि पूरे देश में विरोध झलकने लगा है यहाँ तक कि पंजाब के तमाम राजनीतिक दलों ने भी खुले शब्दों में निंदा की है।

1989 में विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार के दौर में मान ने तरनतारन लोकसभा चुनाव जेल में रहते हुए जीता था। लेकिन जब संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने संसद पहुँचे तो इस जिद पर अड़ गए कि तीन फुट लंबी कृपाण लेकर ही प्रवेश करेंगे। इस पर तब काफी बहस हुई। लेकिन लोकसभा में कृपाण समेत घुसने की इजाजत नहीं मिली। जिससे संसद की किसी भी बैठक में शामिल हुए बगैर सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कमोवेश कहीं वही जिद फिर न कर बैठें? अब सबकी निगाहें हमारे लोकतंत्र के बेहद खूबसूरत उस मंदिर की ओर है जिसमें अपनी जिद व देश विरोधी ताकतों को बढ़ाने वाले 77 वर्षीय सांसद क्या करेंगे?

अब किसी भी राजनीतिक वजह से हो, मान की फिर से ऐसे विरोधों को सुलगाने की कोशिशें हवा हो जाएगी। लेकिन कम से कम इतना तो होना चाहिए कि देश के आदर्श, देश के लिए कुर्बान होने वाले और देश के लिए मर मिटने वालों पर नफरती सवाल उठाने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। साथ ही अब यह बेहद जरूरी हो गया है कि देश वि?धी किसी भी बकवास व इस तरह शहीदों के अपमान की छूट किसी को भी न मिले भले ही कितनी भी बड़ी हैसियत ह्यी क्यों न हो। कम से कम उस साँसद को सोचना ही चाहिए जिस देश की संसद में जो शपथ को लेने जा रहा है बाहर उसी के खिलाफ आग उगलता हो। यह किसी को भी न स्वीकार्य था, न है, न होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

# विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से सचेत रहने के प्रति जागरूक करना समय की मांग



एडवोकेट किशन भावनानी

**अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2022 पर विशेष**

**सर्वो दण्डजितो लोको दुर्लभो हि शुचिर्नरः**

**दण्डस्य हि भयात्सर्वं जगद्भोगाय कल्पते**

**दुनिया भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने, पीड़ितों के अधिकार को बढ़ावा देने, न्याय को मजबूत करने, न्यायिक सेवाओं को रेखांकित करना जरूरी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर एक दो दशक से जिस तरह संगठित अपराधों की संख्यामें अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व स्थानीय समूह की गतिविधियों में वृद्धि हुई है इसे गंभीरता से रेखांकित करना समय की मांग है। संगठित अपराधों को अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में देखें तो जांच एजेंसियों द्वारा आजकल अपराध की थ्योरी को अन्तर्राष्ट्रीय एंगल से जांच करने की थ्योरी भी अपनाई जाती है जिस तरह से वर्तमान में सिद्धू मूसेवाला केस, रूस-यूक्रेन मानवीय अधिकार हनन अपराध चर्चा में आया था क्योंकि उसने घोषणा की थी कि वह यूक्रेन में रूस द्वारा किए गए संभावित युद्ध अपराध की जांच शुरू करेगा, युद्ध अपराध के लिए विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय मानक मौजूद हैं, सहित अनेक केसों की तारें विदेशों तक जुड़ी हुई है। एक आपराधिक संगठन को हम गिरोह, माफिया, भीड़, सिंडीकेट, अंडरवर्ल्ड या गैंग्लैंड भी कहा जा सकता है, जिसमें अनेक अपराध जैसे सफेदपोश अपराध, वित्तीय अपराध, राजनीतिक अपराध, युद्ध के अपराध सहित अनेक परिभाषित अपराधों को शामिल किया जा सकताहै जोअंतरराष्ट्रीय कनेक्टेड होते हैं इसीलिए आज हम ऐसे अपराधों और न्याय पर चर्चा करेंगे जो अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में आते हैं उनके पीड़ितों को न्याय दिलाने, दुनिया भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से सचेत रहने के प्रति जागरूक करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2022 के उपलक्ष में इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम पारंपरिक और वर्तमान युग की करें तो, आज के लोकतांत्रिक युग में पारंपरिक अर्थ में राजा नहीं रहे। उनका स्थान शासकवर्ग नें ले लिया है ।एक से अधिक व्यक्तियों का समूह राजा का स्थान ले चुका है। सिद्धांततः राजा के अधिकार उन्हें मिल चुके हैं, और राजा के कर्तव्यों का निर्वाह भी उन्हीं के जिम्मे है। अधिकारों के मामले में तो वे काफी आगे हैं,किंतु दायित्वों के क्षेत्र में उनका कार्य चिंताजनक है। उन्होंने दण्ड की प्रक्रिया को पेचीदा, समयासाध्य, अपराधी के प्रति नरमी वाला बना डाला है, इसलिए दिन प्रतिदिन अपराध बढ़ रहे हैं।

## सर्वो दण्डजितो लोको दुर्लभो हि शुचिर्नरः

दण्डस्य हि भयात्सर्वं जगद्भोगाय कल्पते ॥२२॥

(सर्वः दण्डजितः लोकः दुर्लभः हि शुचिः नरः दण्डस्य हि भयात्सर्वम्जगद् भोगाय कल्पते।)

भावार्थः यह संसार दण्ड के द्वारा ही जीते जाने योग्य है, अर्थात्दण्ड के द्वारा ही इसे नियंत्रण में रखा जा सकता है। ऐसा व्यक्ति दुर्लभ है जो स्वभाव से ही साफ सुथरा एवं सच्चरित्र हो, न कि दण्ड के भय से। दण्ड के भय से ही वह व्यवस्था बन पाती है जिसमें लोग अपनी संपदा का भोग कर पाते हैं। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के ढांचे की करें तो, संयुक्त राष्ट्र से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय द हेग में है ।इस न्यायालय में 6 भाषाओं (अंग्रेजी, फ्रेंच, रसियन, स्पेनिश, अरेबिक, चाइनीज) में सुनवाई होती है, लेकिन काम अंग्रेजी और फ्रेंच में ही होता है। इसके सदस्य देशों की संख्या 123 है। 17 जुलाई 1998 को इसकी स्थापना हुई थी, इसने 1 जुलाई 2002 से कार्य करना प्रारंभ कर दिया।

साथियों बात अगर हम न्यायालय की जरूरत की करें तो अपराध की दुनिया पर लगाम लगाने के लिए न्यायालय की जरूरत पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व में न्याय दिलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना हुई थी।

प्रतिवर्ष आज ही के दिन 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है। इसे आमतौर पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्याय दिवस भी कहा जाता है। इसी दिन अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की स्थापना हुई थी। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के प्रति जागरूक करना है।

साथियों बात अगरहम अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के क्रियाकल्प की करें तो, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय एक स्थाई और स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक ऑगेर्नाइजेशन है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय और मानव अधिकारों के सबसे गंभीर उल्लंघन के आरोपियों को दंडित करने में सक्षम है। जिसमें नरसंहार का अपराध, अपराधों का युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है। अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय स्थापना तब हुई जब, राज्यों ने रोम में एक कानून को अपनाया इस की प्रतिमाको अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय के संविधि के रूप में जाना जाता है। आईसीसी राष्ट्रीय अदालतों की जगह नहीं लेता है।

## लेटर टू एडिटर

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी घोषित करने के साथ ही सत्ता के गलियारों में जारी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। पहले कयास लगाए जा रहे थे केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान या पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के नाम पर एनडीए मोहर लगा देगी लेकिन इनको निराशा ही हाथ लगी है. एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनकर विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं चंद्रशेखर की सरकार में केंद्रीय मंत्री थे एवं झुंझुनू से सांसद भी रहे हैं. एनडीए की इस घोषणा से भाजपा ने क्षेत्रीय एवं सामाजिक संतुलन को साधने का प्रयास किया है राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार आदिवासी राजनेता द्रौपदी मुर्मू पूर्वी भारत के राज्य झारखंड से संबंध रखते हैं जबकि ओबीसी राजनेता जगदीश धनकर उत्तर भारत के राज्य राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हैं. राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार द्रोपती मुर्मू को अधिकांश राजनीतिक दलों ने उनका समर्थन किया है इसलिए लगता है एनडीए प्रत्याशी बड़ी जीत की तरफ बढ़ रही हैं. एनडीए ने जो भावनात्मक कार्ड खेला था सफल होता दिखाई दे रहा है। लेकिन उपराष्ट्रपति के चुनाव में ऐसा नहीं होने वाला है विपक्ष एक मजबूत ,सांझा उम्मीदवार खड़ा करने में कामयाब हो जाएगी और संभवत इस बार विपक्ष भावनात्मक कार्ड खेल सकती है । विपक्ष की तरफ से मीरा कुमार, डॉ करण सिंह, गुलाम नबी आजाद जीतराम माझी जैसे नामों पर विचार कर सकती है। यदि ऐसा हुआ तो राष्ट्रपति पद का चुनाव दिलचस्प होगा और कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

# सरकाते रहो गोटियाँ



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा (उरतृप्त)

हिंदी अकादमी, तेलंगाणा से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार

बहुत कुछ समझने के बाद मैं निश्चित हो चुका था कि मोबाइल ही एक ऐसा पावन प्रसाद है, जो पापों से मुक्ति दिलाने में सबसे उपयुक्त है। इस डिवाइस का संस्कृतसम्मत नाम चरवाणी है, जिससे प्रकट होता है कि यह नारद या मंथरा की भाँति इसकी पौराणिकता भी काफी संचारी और संप्रेषणीय है। यह स्थिति के अनुकूल नहीं बल्कि स्थितियाँ इसके अनुकूल काम करती हैं। यह दुश्मनों को उतना ही प्रिय है जितना कि मित्रों को। खुशी की बात है कि यह पावन प्रसाद इंटरनेट और वॉयस कॉल के गुड़-चने से बना है। यह इतना बढ़िया काम करता है कि आपको कोई दूसरा काम करने ही नहीं देता। यह हमें कैमरे से देखता है और स्पीकर से सुनता है। इसके देखने का परिणाम यह हुआ कि पाउट बनाते-बनाते मुँह बंदर बनकर रह गया है। मैं उससे जब भी पूछता कि अपना टाइम कब आएगा तो उसका बड़ा क्यूट सा उत्तर आता कि घंटा लेकर आया था जो घंटा लेकर जाएगा। सुन, तेरा टाइम आएगा।

यह मोबाइल नाव नहीं है जो पानी में तैरने का गुर सिखाता हो। बल्कि यह हमें एक पल बिना मोबाइल के तड़पना और मरना सिखाता है। एक मोबाइल दूसरे मोबाइल से हमेशा चिढ़ता और जलता है। कभी उसके कैमरे से तो कभी उसके रैम से। कभी स्टोरेज से तो कभी उसके बैटरी बैकप से। कभी कुछ तो कभी कुछ। इनमें भी जात-पात, भाषा लिंग की तरह गलाकाट प्रतियोगिता होती है। अंत में चलकर यह पता चलता है कि यह तो उभयलिंगी होता है और सदैव नर-मादा दोनों के बाहों में खेलता है और समय देखकर स्विच ऑफ हो जाता है। ऐसे पावन प्रसाद का सेवन करने से जो पद मिलेगा उससे घरवालों, बाहरवालों और अधबीच वालों से पूरी तरह मुक्ति मिल जाएगी।

इसमें प्रेरणा और चरित्र-बल होता है, वह सर्वथा हमारी संस्कृति के अनुकूल होता है। शार्ट विडियो देखने से टाइमपास करने और दुष्ट कार्यों से ध्यान भटकाने में अत्यंत सहायक है। यहाँ चरित्र की पहचान विडियो में फूहड़ता देखने के बावजूद भी अश्लील हरकत करने से बचता रहता है। इसका पूरा श्रेय क्राइम पेट्रोल, सावधान इंडिया जैसे प्रसाद रूपी कार्यक्रमों को जाता है। पावन मोबाइल का प्रसाद इतना पवित्र होता है कि मुल्क में बैठे लोगों के काम छीनकर बेरोजगार बनाने और बेरोजगारों को सोशल मीडिया का सेवक बनाकर ग्यारह-ग्यारह लोगों में शेयर एंड फॉर्वर्ड का खेल खेलने में ठेल देता है। इस तरह यहाँ जितने हाथ नहीं हैं उससे ज्यादा मोबाइल है। एक और बात जो इस संदर्भ में जरूरी है, वह यह कि राष्ट्रीय फल, फूल के साथ प्रसाद को स्थान दिया जाए। सरकार का कायदा है कि लोग जब भी भुखमरी के बारे में बात करें तो उन्हें हीरो-हिरोइन लव अफेयरों में उलझा कर रखें।। उन्हें मुद्दाविहीन बनाएँ। यह काम केवल एक ही प्रसाद कर सकता है जिसका नाम है झ्र मोबाइल। आज बच्चा बाद में जन्म लेता है पहले मोबाइल माँगता है। माँगने की इस प्रक्रिया में वह कब लूडो चैंपियन बन जाता है कि किसी को पता ही नहीं चलता। फिर जिंदगी भर सरकारते रहो अपनी गोटियाँ।

# ब्रिटेन, बोरिस जॉनसन भारतवंशी ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बनते नहीं देखना चाहते



संजीव ठाकुर

## खुल कर जताया विरोध

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में भारतीय मूल के भारतवंशी ऋषि सुनक वैसे तो 2 चरणों की वोटिंग में निकटतम प्रतिद्वंदी पैनी मोर्दोंट से काफी आगे चल रहे हैं जबकि इंग्लैंड में यह माना जा रहा है कि महिला व्यापार मंत्री पैनी मोर्दोंत कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों के बीच काफी लोकप्रिय हैं तथा प्रधानमंत्री की दौड़ में आगे चल रही हैं। इसी महिला मंत्री को ऋषि सुनक के पीएम बनने की राह में सबसे बड़ा रोड़ा माना जा रहा है। वैसे ऋषि सुनक भी कंजरवेटिव पार्टी में काफी लोकप्रियता रखते हैं। उल्लेखनीय है कि ऋषि सुनक भारत वंशी हैं अतः यह उनका ऋणात्मक पहलू भी हो सकता है। भारत वंशी होने का पहलू उनके लिए प्रधानमंत्री बनने की राह में एक बड़ा सेटबैक ना बन जाए। पहेली दौर में ऋषि सुनक 88 वोट लेकर कंजरवेटिव पार्टी में पेनी मोरडॉन्ट जोकि केवल 67 वोट पाकर दूसरे स्थान में थी दूसरे दौर की वोटिंग में 101 वोट लेकर सबसे आगे थे। वही उनकी प्रतिद्वंदी महिला मंत्री 83 वोट लेकर दूसरे स्थान में थी ।यह माना जा रहा है कि कंजरवेटिव पार्टी के 876 सदस्यों के बीच कराए गए सर्वेक्षण में महिला मंत्री, ऋषि सुनक से कहीं आगे चल रही थी, दूसरे नंबर पर केमी बेडिनोक की दावेदारी में ऋषि सुनक के बराबर चल रहे हैं। इसके पहले सर्वे में ऋषि सुनक तथा मोरडॉन्ट के बीच 1 फीसदी का अंतर था। बोरिस जॉनसन द्वारा 7 तारीख को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहने दिया गया था। उन्होंने घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री पद के किसी भी उम्मीदवार के लिए प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से चुनाव में शामिल नहीं होंगे। अब बदली हुई परिस्थितियों में बोरिस जॉनसन ऋषि सुनक का खुलकर विरोध कर रहे हैं ।वह नहीं चाहते कि ऋषि सुनक प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठे और इसके लिए वह लगातार दूसरे प्रधानमंत्री के उम्मीदवार का समर्थन करते आ रहे हैं, ऋषि सुनक का पुरजोर विरोध कर रहे हैं इसके पीछे बोरिस जॉनसन कारण बताते हैं कि ऋषि सुनक लगातार योजना बनाकर कंजरवेटिव पार्टी के अंदर बोरिस जॉनसन के इस्तीफे की पृष्ठभूमि तैयार कर रहे थे और ऋषि सुनक के कारण ही बोरिस जॉनसन को इस्तीफा देना पड़ा था ।हालांकि



उन्होंने पहले घोषणा की थी कि वे सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी भी कैंडिडेट के लिए प्रचार अथवा उसका विरोध नहीं करेंगे पर अब स्थिति बदल गई है अब बोरिस जॉनसन भारतवंशी भारतीय मूल के ऋषि सुनक का खुलकर विरोध कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 42 वर्षीय ऋषि सुनक इंफोसिस के मालिक कृष्णमूर्ति के दामाद हैं और ब्रिटेन में कई वर्षों से जिम्मेदार पद पर कार्य करते आ रहे हैं। ऋषि सुनक 2015 में यॉर्कस के सांसद रहे हैं। 2015 से 2017 तक पर्यावरण खाद्य एवं ग्रामीण मामलों की चयन समिति में महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत रहे हैं। जनवरी 2018 से लेकर 19 तक ऋषि सुनक संसदीय सचिव रहे। बोरिस जॉनसन के प्रधानमंत्री रहते रहते ऋषि सुनक 2019 में ट्रेजरी के मुख्य सचिव तथा प्रिवी काउंसिल के सदस्य बने, 2020 के मंत्रिमंडल के फेरबदल में उनको राजकोष के चांसलर के रूप में पदोन्नत किया गया। बोरिस जॉनसन की नीतियों के खिलाफ विरोध करने तथा प्रधानमंत्री बने रहने के विरुद्ध इस्तीफा देने वाले वह पहले मंत्री थे।

बोरिस जॉनसन अब विदेश मंत्री लीज ट्रस्ट के पक्ष में लगातार घूम घूम कर माहौल बना रहे हैं ।इसके अलावा इस ट्रस्ट के कट्टर समर्थक जैकब रोस और नोदीन डोरिस भी विदेश मंत्री के पक्ष में माहौल बनाने में लगे हुए हैं यह माना जा रहा है की बोरिस जॉनसन तथा विदेश मंत्री लीज ट्रस्ट को ऋषि सुनक का सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी बनाकर कंजरवेटिव पार्टी में माहौल बनाने में लगे हुए हैं। अब स्थिति यह है कि ऋषि सुनक के खिलाफ ब्रिटेन मूल के ही विदेश मंत्री तथा महिला मंत्री को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मुहिम बनाई जा रही है। बोरिस जॉनसन प्रधानमंत्री आवास में कंजरवेटिव पार्टी जिसे टोरी पार्टी भी कहा जाता है की विशेष बैठक लेकर सदस्यों से ऋषि सुनक के खिलाफ व्यक्तिगत दुश्मनी जैसा माहौल बनाया जा रहा है ऋषि सुनक के विरुद्ध विदेश मंत्री या महिला मंत्री को प्रधानमंत्री बनाने की बात कही जा रही है जबकि ऋषि सुनक प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के इस्तीफा देने के बाद प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में 20 सांसदों का समर्थन लेकर पहले स्थान पर है उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर को प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी। यह आपको बता दें कि 1922 कमेटी ऑफ बैकबेंचर सांसदों ने चुनाव के लिए समय सारणी कथा नियम निर्धारित किए हैं कमेटी के अध्यक्ष ग्राम ब्रैंडी ने नियमों तथा आचार संहिता की घोषणा कर यह बताया है की 5 सितंबर तक ब्रिटेन को नया प्रधानमंत्री अवश्य मिल जाएगा यह अलग बात है की बोरिस जॉनसन के अलावा अब देखना है कि कौन प्रधानमंत्री बनता है। भारतवंशी होने के कारण ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री की दौड़ में विरोध का सामना ना करना पड़ जाए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा मोनेक्स ऑफसेट बी-12, एस.डी. कॉम्पलेक्स निकट एम.एम.जी. अस्पताल, जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर, डी-148 मिर्जोल विहार, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से प्रकाशित किया। संपादक-अर्चना तिवारी। RNI No. UPHIN/2020/78772 नोट. सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र जिला गाजियाबाद होगा।

## बड़ी नहर से छोटीअलपिका में टेल तक पानी ना मिलने से किसानों ने किया प्रदर्शन



पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

शिवगढ रायबरेली। शिवगढ खण्ड- 28 सारदा सहायक अच्छ्ई अलपिका में टेल तक पानी न पहुँचने की दशा में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, ग्रमीणों का कहना है कि टेल तक पानी न पहुंचने की दशा में टेल के पास की किसानों की खेती सूख रही है और कोई भी अधिकारी संज्ञान में लेने को तैयार महि जिस बात को लेकर किसान काफी आक्रोशित है वहीं ककरिया प्रधान प्रतिनिधि रिंकू सिंह ने जब दूरभाष द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया तो अधिकारियों ने आश्वाशन दिया कि किसानों के साथ माइनर पर पहुंचे हम भी आ रहे है परन्तु वहां न तो जेई पहुंचे और नही कोई और अधिकारी, कागज पूर्ति के लिए सिर्फ पतरोल जगन्नाथ नजर आए तो किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया लेकिन पतरोल के आने के बाद भी कोई नतीजा नही निकल पाया न तो माइनर की सफाई की कोई बात हुई न ही टेल तक पानी पहुंच सका किसानों ने बताया कि यदि यहां से कोई कार्यवाही नही होती तो हम धरना देने पर मजबूर हो जाएंगे इस मौके पर माइनर अध्यक्ष लल्लू सिंह,प्रधान प्रतिनिधि ,रिंकू सिंह ,रामजी छिटूलाल,मंगल,भाईलाल,रामसुख,रामकिरशन,रामनरेश आदि किसान मौजूद रहे

## जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस फरेंदा तहसील सभागार में संपन्न

**नगर पंचायत आनंदनगर में सड़क चौड़ीकरण, नाला निर्माण और डिवाइडर के भौतिक सत्यापन हेतु त्रिस्तरीय जांच टीम गठित**

**संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 246 मामले दर्ज सिर्फ 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण व शेष मामलों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने का निर्देश**

**जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियाद सुनते जिलाधिकारी**



पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

**आनंदनगर , महराजगंज :** शनिवार को फरेन्दा तहसील सभागार में जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया ।जिलाधिकारी महराजगंज सतेंद्र कुमार की अध्यक्षता में फरियादियों की शिकायते सुनीं गईं । संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 246 मामले आये, जिनमें 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी ने शेष मामलों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने का निर्देश दिया गया ।फरेंदा खुर्द निवासी कमरुल हक द्वारा नगर पंचायत आनंदनगर के मुख्य सड़क गोरखपुर सोनौली मार्ग के चौड़ीकरण,नाला निर्माण और डिवाइडर में खर्च हुए सरकारी धन के भौतिक सत्यापन के संदर्भ में शिकायत को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाई । साथ ही साथ जिलाधिकारी ने त्रिस्तरीय जांच टीम गठित कर जांच करने का आदेश दिया । कमेटी में एडीएम , वरिष्ठ कोषाधिकारी व एक्सीएन आरईडी होंगे ।अधिवक्ताओं का एक समूह सुदेश मोहन,सनत त्रिपाठी, अमित जायसवाल अखिलेश कुमार यादव, संजय मिश्र, जितेन्द्र दत्त यादव द्वारा दाखिल खारिज (नामांतरण) एवं उत्तर प्रदेश के राज्य संहिता के विभिन्न धाराओं व शुल्क वसूली और तहसील के जिम्मेदारों के शिथिलता आदि 9 समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया। सिधवारी ग्राम पंचायत के अधिवक्ता विनोद तिवारी ने भूमि पर अवैध निर्माण पर फरेंदा थाना व तहसील प्रशासन द्वारा लापरवाही, पक्षपातपूर्ण एवं न्यायिक आदेश की अवमानना पर हस्तक्षेप कर दोषियों पर कदाचार की प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग किया। डंडवार बुजुर्ग की निवासिनी सुमित्रा देवी ने अपने आराजी संख्या एवं पोखरे की जमीन का सीमांकन कराने का अनुरोध किया। तहसील सभागार में एएसपी महराजगंज निवेश कटियार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नीना वर्मा ,जिला प्रोबेशन अधिकारी ध्रुव चंद्र त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी फरेन्दा,डी०डी०ओ० जगदीश त्रिपाठी, पी०डी० राजकरन पाल, जिला विद्यालय निरीक्षक, पंजायतीराज अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षाधिकारी ,तहसीलदार फरेन्दा राम अनुज त्रिपाठी, सीएचसी अधिक्षक एमपी सोनकर, थानाध्यक्ष फरेन्दा संजय मिश्र, ईओ अवध प्रकाश सिंह, लेखपाल उपेन्द्र तिवारी,संजय सिंह सहित जनपदस्तरीय सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

फास्ट ट्रैक

## 407 रुपये के चक्कर में गवाएं 97 हजार, मुकदमा

महराजगंज। गोरखपुर से लखनऊ जाने के लिए आनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग के दौरान दो बार रुपये कटने पर युवक को रिफंड पाने के लिए ट्रोल फ्री नंबर पर फोन करना महंगा पड़ गया। जालसाजों ने युवक को झांसे में लेकर न सिर्फ बुकिंग डिटेल्स हासिल किया, बल्कि उसी के आधार पर नौ बार में 97880 रुपये उड़ा दिए। युवक ने इस मामले में घुघली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। घुघली थाना के बरगदवा माधोपुर निवासी कृष्णकुमार त्रिपाठी ने बताया कि 11 जुलाई को सुबह उन्होंने गोरखपुर से लखनऊ जाने के लिए आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन) पोर्टल से ट्रेन टिकट की बुकिंग कराई। टिकट की राशि 407 रुपये थे, लेकिन किन्हीं कारणवश एक ही टिकट के लिए दो बार धनराशि कट गई। इसके बाद 407 रुपये वापस पाने के लिए आइआरसीटीसी के टोल फ्री नंबर पर फोन किया, लेकिन फोन नहीं लगा। इसके तुरंत बाद ही मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को आइआरसीटीसी का कर्मचारी बताते हुए समस्या पूछी और रुपये रिफंड कराने का आश्वासन देते हुए टिकट बुकिंग की जानकारियां ली। रुपये पाने के लिए उक्त व्यक्ति को बुकिंग की डिटेल्स बता दिया, जिसके बाद से करीब नौ बार में कुल 97880 रुपये कट गए। घुघली थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी और आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## 60.220 किग्रा(अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 18 लाख) अवैध गांजा के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार

**मिर्जापुर** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 16.07.2022 को थानाध्यक्ष अहरौरा संजय सिंह मय पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं एवं वाहनों की चेकिंग में मामूर थे कि इस दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सुकृत की तरफ से अवैध मादक पदार्थ से लदी एक कार आ रही है । उक्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा पुलिस द्वारा बरबकपुर बार्डर पर सघन चेकिंग कर कुदारन की तरफ से आने वाली कार शेवरले एन्जॉय वाहन संख्या यूके 04 एएफ 9947 को रोककर उसमें सवार 02 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । वाहन उपरोक्त की तलाशी के दौरान वाहन की पिछली सीट पर 59 पैकेट में रखा 60.220 किग्रा अवैध गांजा बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से गांजा लेकर बिक्री हेतु देवरिया, उत्तर प्रदेश जा रहे थे । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0स0-119/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।




नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त –

1-अतुल कुमार पुत्र जयराम निवासी सिरिसिया मिश्र थाना खामपार जनपद देवरिया, उम्र करीब-28 वर्ष ।

2- धर्मवीर प्रसाद पुत्र नन्दलाल निवासी भठवां तिवारी थाना खामपार जनपद देवरिया, उम्र करीब-42 वर्ष ।

बरामदगी विवरण–

1- कुल 60.220 किग्रा अवैध गांजा ( अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब ? 18 लाख )

2- शेवरले एन्जॉय कार वाहन संख्याः वड 04 अऋ 9947.

## जिला अस्पताल में इलाज के नाम पर हुआ दुष्कर्म का प्रयास



**तो क्या जिला अस्पताल में मरीजों के साथ आई तीमारदार महिलाएं सुरक्षित नहीं।**

पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

रायबरेली। प्रदेश की योगी सरकार जहां महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति से लेकर कई अभियान चला रही है ताकि महिलाएं निडर होकर कहीं भी आ जा सके। वहीं रायबरेली जिले के जिला अस्पताल में अपने पति का इलाज कराने आई महिला से अस्पताल के कर्मचारी द्वारा ही बाथरूम में ले जाकर छेड़खानी करने का मामला सामने आया है महिला के शोर मचाने पर जिला अस्पताल में कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपने पति के इलाज को लेकर जिला अस्पताल वार्ड नंबर 3 में भर्ती थी वहीं पीड़ित की माने तो स्टाफ पवन राठौर नाम का व्यक्ति महिला को बहला-फुसलाकर महिला अस्पताल के शौचालय में ले गया जहां महिला द्वारा पूछे जाने पर कि मुझे यहां क्यों लाए हो तो पवन राठौड़ ने प्यार मोहब्बत का हवाला देते हुए महिला से छेड़खानी शुरू कर दी जब महिला ने इसका विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी पवन राठौर महिला को छोड़कर मौके से फरार हो गया महिला का आरोप है कि उसका पति एक हफ्ते से यहां पर भर्ती है लगातार यहां का स्टाफ उसकी देखरेख के लिए चाय व नाश्ते पानी की डिमांड महिला से करते हैं,महिला को पुलिस अपने साथ कोतवाली ले गई है। जहां महिला ने उक्त आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी है।सीएमएस महेंद्र मौर्य ने बताया कि पवन नाम का जिला अस्पताल में कोई कर्मचारी नहीं है तो फिर सवाल खड़ा होता है कि फिजिशियन के ओपीडी में क्या कर रहा था पवन नामक व्यक्ति।

## शौचालय निर्माण में कहीं भूमि अभाव तो कहीं भूमि का विवाद, कैसे हो निर्माण

**महराजगंज।** जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनवाया जाना है, लेकिन दो गांवों में जहां भूमि का विवाद है, वहीं चार गांवों में भूमि का संकट बना हुआ है। राजस्व व जिला पंचायत राज विभाग इस समस्या को अभी तक सुलझा नहीं सका। इस कारण करीब एक वर्ष से शासन की यह योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत जिले के 882 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, ताकि शौचालय के अभाव में किसी को असुविधा न हो और गांवों में स्वच्छता का वातावरण बना रहे। इसके लिए भूमि चिन्हित करने का भूमि के अभाव में कुछ ऐसे स्थानों को चिन्हित कर दिया गया है, जहां पहले से ही विवाद है। उदाहरण के तौर पर परतावल के हरपुर तिवारी में जहां अतिक्रमण है, वहीं निचलौल के तुर्कवलिया में भूमि का मामला न्यायालय में है। इस कारण यहां कार्य राजस्व विभाग को सौंपा गया, लेकिन निर्माण कार्य का शुभारंभ नहीं हो पा रहा है।इसी प्रकार बृजमनगंज के हरैया मौला,परतावल के परसा खुर्द, घुघली के चैनपुर तथा लक्ष्मीपुर चैनपुर में भूमि नहीं मिली है।

## बीए की छात्राओं को नहीं मिला स्मार्टफोन तो विद्यालय गेट पर खड़े होकर सरकार से जताई नाराजगी




पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

लालगंज रायबरेली। तहसील स्थित गायत्री देवी महिला महाविद्यालय की बीए छात्राओं ने सरकार से नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि आसपास के सभी महाविद्यालयों में पढने वाले छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन मिल गया है। जबकि स्मार्टफोन वितरण हुए लगभग दो माह बीत चुके हैं लेकिन गायत्री देवी महिला महाविद्यालय की छात्राओं को स्मार्टफोन आज तक नहीं मिला लगभग तीन दर्जन से अधिक छात्राओं ने आज महाविद्यालय के प्रधानाचार्य से मिलकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। वहीं छात्राओं ने बताया कि प्रधानाचार्य के द्वारा आश्वासन मिला है कि शासन को पूरी सूची भेजी जा चुकी है जैसे ही स्मार्ट फोन मिलेगा वैसे ही आप सभी छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर दिया जाएगा। शिकायत करने वाली छात्राओं में कल्याणी मिश्रा ,प्रिया सिंह, पूजा वर्मा ,आंचल सिंह, आकांक्षा शुक्ला ,सोनाली ,रेखा पटेल, वर्तिका साहू, गुड़िया, गोल्डी सिंह, मुस्कान सिंह, आरती यादव आदि छात्राएं उपस्थित रही।

## घुघली में अलसिफा फैक्चर एवम फिजियो क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

**मरीजों की सेवा करना पुनीत कार्यः डॉ. राजेश सिंह**

पहल टुडे



**घुघली, महराजगंज।** मरीजों की सेवा कार्य सर्वोपरि है। दीन- दुखियों की सेवा ही किसी भी ब्यक्ति को महान बनाता है।धनोपार्जन के लिए ब्यवसाय तो बहुत हैं। लेकिन चिकित्सा क्षेत्र में सेवा करने का अवसर तो बहुत भाग्यशाली लोगों को ही मिलता है। इसलिए जरूरी है कि मरीजों की चिकित्सा संबंधी सेवा ईमानदारी और निष्ठापूर्वक होनी चाहिए। उनके साथ भेदभाव एवम किसी भी प्रकार का अनुचित ब्यवहार नहीं होना चाहिए। चिकित्सकों का यह ब्यवहार निश्चय ही उन्हें ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

यह बातें श्री गुरु गोरक्षनाथ पीजी कालेज जोगिया एवम श्री बजरंगी सिंह शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ राजेश सिंह ने कही। वह रविवार को घुघली नगर पंचायत के वार्ड संख्या 10 सुबास नगर में अलसिफा फैक्चर एवं फिजियो क्लिनिक के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह स्मरण रहे कि सेवा ही सर्वोपरि है। बिना सेवा के मेवा नही मिलता। मजदूर नेता सीताराम पांडेय ने कहा कि हड्डी रोगों का इलाज और फिजियो थिरेपी पद्धति द्वारा इलाज के लिए अब मरीजों को अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर फिजियोथिरेपिस्ट डॉ एच ए अंसारी, विश्व हिंदू महा संघ के जिलाध्यक्ष महंत बालकदास, जहूर आलम, बबलू यादव, इस्तखार अहमद ऊर्फ टुनटुन, संतोष गुप्ता, दुर्गेश राजभर, मोहम्मद मुस्तफा, पूर्व प्रधान इलताफ, राधेश्याम गुप्त, राममिलन यादव आदि उपस्थित रहे।

## भंडारे के आयोजन से बढ़ता है भाईचाराः कमलेश पांडेय

आनंदनगर, महराजगंजः नगर पंचायत बृजमनगंज के आलमचक में लार्ड कृष्णा पीजी कालेज के प्रबंधक व भावी नगर अध्यक्ष प्रत्याशी कमलेश पांडेय के नेतृत्व में काली माता का भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।कमलेश पांडेय ने कहा कि भंडारे के आयोजन से सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।नगर पंचायत बृजमनगंज में सभी वर्गों में भाईचारगी की भावना लाना व नगर का सवार्गीण विकास ही हमारा उद्देश्य है।



## बारिश के लिए मन्नतो के साथ हर जुगत कर रहे है लोग

पहल टुडे

**भिटौली,महराजगंज।** एक तरफ जहां देश के अलग-अलग हिस्सों में जबरदस्त बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त के साथ बाढ़ के हालात बने हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पूर्वी उत्तर प्रदेश मे बारिश नहीं होने के चलते धान की खेती प्रभावित हो रही है, और अब तो सूखे के आसार नजर आने लगे हैं, जिसके चलते अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दें रही हैं ह्न धान धान की जबरदस्त पैदावार करने वाला जनपद महराजगंज मे बारिश न होने से हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है

और अन्नदाता सूखे की आशंका से चिंतित हैं। इसी सूखे से निजात पाने के लिए सदर तहसील के ग्राम भैंसी अमवां में अनिल वर्मा के अगुवाई में समस्त ग्रामवासीयों ने गांव में पूजा-पाठ किए तो वहीं समस्त ग्रामवासी कीचड और पानी में लोट-पोट कर रूठें मेघ को मनाने के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रार्थना किये। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बृजेश वर्मा, मंटू शर्मा, विनोद वर्मा, राजेश वर्मा, प्रहलाद वर्मा, जयप्रकाश शर्मा, दिनेश कन्नौजिया और समस्त ग्राम वासी मौजूद रहें।



## बरखंडी विद्यापीठ शिवगढ़ का मनाया गया 78 वां स्थापना दिवस

**विद्यालय के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत**

पहल टुडे



शिवगढ़ रायबरेली। बिकास क्षेत्र के बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज का 78 वां स्थापना दिवस संस्थापक की मूर्ति पर माल्यार्पण कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गौरतलब हो स्थापना दिवस का कार्यक्रम विद्यालय के पूर्व शिक्षक राम प्रकाश सिंह चौहान, राजेंद्र श्रीवास्तव , हरेंद्र श्रीवास्तव, रामदास रावत , शत्रुघ्न सिंह , हरि बहादुर सिंह, राम नरेश मेहता आदि इस 78वे स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप अपना आशीर्वाद छात्र छात्राओं को देते हुए अपने शिक्षक के रूप में संस्मरणों को उपस्थित जन समुदाय को सुनाया विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्त ने बोर्ड परीक्षा में सम्मान सहित उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मेडल तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अर्चना का भी विमोचन विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार गुप्ता ,संपादक मंडल और विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ प्रारंभ किया गया । विद्यालय के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह ने संस्थापक की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक लक्ष्मीनारायण, सुशील शुक्ला भूपेंद्र सत्यवीर सिंह ओमप्रकाश सिंह अभिषेक मिश्रा जेबी सिंह अभय राज विकास वर्मा सतेंद्र आनंद ओमप्रकाश शर्मा आनंद अविनाश राम सजीवन पटेल शुभा दुबे योगेश झा मनोज गौतम अंबरीश चंदन सिंह राज बहादुर सिंह तथा विजय प्रताप सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

**नामांकन 20 जुलाई पत्रों की संवीक्षा 21 जुलाई, उम्मीदवारी वापसी व प्रतीक आवंटन 22 जुलाई, मतदान 04 अगस्त एवं मतगणना 05 अगस्त को : माला श्रीवास्तव**

## पंचायत/जिला पंचायत सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधान व उनके सदस्यों के रिक्त पदों का मतदान 04 अगस्त तथा मतगणना 05 अगस्त को: डीएम

पहल टुडे



रायबरेली ।उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली माला श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार जनपद रायबरेली की क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा उनके सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो मा0 न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार नामांकन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि- 20 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक), नाम पत्रों की संवीक्षा- 21 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापसी- 22 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक), प्रतीक आवंटन- 22 जुलाई 2022 (अपरान्ह 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक), मतदान- 04 अगस्त 2022 (प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक) तथा मतगणना 05 अगस्त 2022 (प्रातः 8 बजे से कार्य समाप्ति तक) निर्धारित है।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली माला श्रीवास्तव ने बताया है कि उपर्युक्त सूचना के अधीन क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों के रिक्त स्थानों/पदों पर निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 16 जुलाई, 2022 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जाएगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया गया है। उक्त उप निर्वाचन उत्तर प्रदेश नियमावली, 1994 के अनुसार सम्पन्न होगा।निर्वाचन अधिकारी की सूचना निर्गत किए जाने के दिनांक अर्थात 16 जुलाई, 2022 से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जाएगा। उपर्युक्त उप निर्वाचन में नामांकन पत्रों का विकय, नामांकन पत्रों के दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन का कार्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर तथा जिला पंचायत सदस्यों के लिए जिला मुख्यालय पर होगा। सभी मतों की गणना क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। सदस्य क्षेत्र पंचायत के स्थानों/पदों का निर्वाचन परिणाम क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर तथा सदस्य जिला पंचायत के स्थानों पदों का निर्वाचन परिणाम जिला मुख्यालय पर घोषित किया जाएगा ।इसी प्रकार प्रधान ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित विकासखण्ड मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकासखण्ड मुख्यालय पर की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट माला श्रीवास्तव ने बताया कि समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। संदर्भित निर्वाचन कोविड-19 व अन्य किसी महामारी के सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्ध राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध, राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा निदेर्शों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न कराए जाएंगे।

फास्ट ट्रैक

## रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने दिया आश्वासनः बंद नहीं होंगे रेलवे स्कूल, होगा विस्तार

गोरखपुर।रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने रेल कर्मचारी नेताओं को आश्वस्त किया कि रेलवे स्कूल बंद नहीं किए जाएंगे, बल्कि उनका विस्तार किया जाएगा। आज रेलवे बोर्ड के साथ मान्यता प्राप्त संगठनों की स्थायी तंत्र वार्ता (पीएनएम) की दिल्ली में हुई बैठक में रेलकर्मियों की समस्याएं उठाई गईं। जिसमें रेलवे स्कूल को बंद न करने, अस्पतालों में कैशलेस इलाज, पदों को सरेंडर करने, रेलकर्मियों को ड्यूटी के दौरान ट्रेनों में सीट उपलब्ध कराने आदि मुद्दे शामिल रहें।रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने कहा कि रेलवे स्कूल बंद नहीं किए जाएंगे, बल्कि विस्तार किया जाएगा। यह जानकारी बैठक में शामिल पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेन के महामंत्री डॉ. एम राघवैया ने ऑपरेशन थियेटर सहायकों और ड्रेसरों को 4,200 ग्रेड पे देने, अनुकंपा के आधार पर मेडिकली अनफिट अभ्यर्थियों का मेडिकल कराने, उम्मीद कार्ड पर अनुबंधित अस्पतालों में हर हाल में कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने, जीडीसीई के जरिए चयनित रेलवे कर्मचारियों के समायोजन और पदों के सरेंडर होने का मुद्दा उठाया। बैठक में पूर्वोत्तर रेलवे के प्रतिनिधि के रूप में एनएफआईआर के जोनल सचिव रमेश मिश्रा, पीआरकेएस प्रवक्ता एके सिंह भी मौजूद रहें।

### अब अधिकतम गति से दौड़ेंगी ट्रेनें, यात्रियों का बचेगा समय

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे में ट्रेनें अधिकतम गति से दौड़ेंगी। ज्यादातर रेलवे ट्रैक को बेहतर करके उसकी क्षमता बढ़ा दी गई है।ट्रेनें अधिकतम गति 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही हैं।इससे यात्रियों का समय बच रहा है। रेलवे प्रशासन के मुताबिक, हर 100 किलोमीटर की यात्रा 10 मिनट पहले पूरी हो रही है।300 किलोमीटर की यात्रा पर 30 मिनट समय बच रहा है रेल प्रशासन ने रेलवे स्टेशन के यार्ड में भी ट्रेनों की गति बढ़ा दी है।लूप लाइन (स्टेशन व यार्ड) में भी ट्रेनें 10 किमी प्रति घंटे की जगह अब 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाई जाएंगी। गोरखपुर जंक्शन में इसे लागू भी कर दिया गया है।कई अन्य स्टेशनों पर काम तेजी से चल रहा है। जबकि कुछ रेल खंडों में तेजी से काम चल रहा है।इससे ट्रेनें समय से पहुंचेंगी और यात्री समय से सफर पूरा करेंगे। गोरखपुर-लखनऊ रेल खंड में 130 किमी होगी रफ्तारगोरखपुर-लखनऊ रेलखंड में ट्रेनें 110 किमी की रफ्तार से चल रहीं हैं। अब इस रूट पर अधिकतम गति 130 किमी प्रति घंटे करने की तैयारी है। गोरखपुर से बस्ती तक काम पूरा भी हो गया है।गोंडा जंक्शन में जल्द ही काम किया गया है। 130 किमी रफ्तार होने के बाद हाईस्पीड ट्रेनें भी चलाई जा सकेंगी।

## एसएसपी ने चिलुआताल व पीपीगंज थाने का किया औचक निरीक्षण

### थानो पर जनसुनवाई के लिए नियुक्त पुलिस कर्मियो को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर ने खजनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस से निकलने के बाद उत्तरी क्षेत्र के थाना चिलुआताल व थाना पीपीगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थानो पर बने जनसुनवाई डेस्क पर नियुक्त कर्मियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। एवं महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय एवं



सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण किया। तथा सम्पूर्ण परिसर को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को बेहतर व अद्यावधिक एवं व्यवस्थित रख रखाव, अपराध/अपराधियों के विरुद्ध शख्ती से कार्यवाही करने तथा थानाक्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रतिदिन पैदलगस्त करने हेतु प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष गण को निर्देशित किया ।मौके पर संबन्धित थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष गण मौजूद रहे ।

## फेंका गया वृक्षारोपण के लिए लाया गया पौधा

पहल टुडे

कुशीनगर विकास खंड दुदही व तमकुही के बॉर्डर के ग्राम पंचायत दोधरा व तार बिशुनपुर के बीच नहर के उत्तरी पट्टरी पर हजारों की संख्या में पौधे फेंके गए तो कुछ नहर में बहा दिए गए हैं ,जहां एक जगह बहुतायत संख्या में पौधे हैं वह एक वीरान जगह है जहां लोगों का आना जाना नागण्य के बराबर रहता है ,एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सहित वन महोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित कर जनचेतना लाकर पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने में जुटी है वहीं जनप्रतिनिधि अपना कोरम पूरा कर इसे दुर्गम स्थान पर पौधा फेंकने का काम कर रहे हैं अधिकारी और जन प्रतिनिधियों के द्वारा सरकार के व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहे हैं जानकारी के मुताबिक विकास खंड दुदही के ग्राम पंचायत गुरवलिया मठिया दोधरा व विकास खंड तमकुही खलवापट्टी तार बिशनपुर आदि गांव जुड़े हैं कुल मिलाकर सरकार के मनसा को धूमिल करने का काम किया है यह तो जांच का विषय है, क्योंकि ग्राम पंचायत जन प्रतिनिधि सचिव व अधिकारी का



विशेष ध्यान होता तो ऐसा काम नहीं होता इस संदर्भ में जिला पंचायत राज्य अधिकारी अभयअभय कुमार यादव का कहना है कि उक्त के बारे मे जांच करवा रहा हूं जो दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी

## सांसदों के लेटर पैड पर दिलाता था ट्रेन का कंफर्म टिकट, गिरफ्तार

### आरपीएफ की सीआईबी टीम ने दलाल को किया गिरफ्तार

गोरखपुर। सांसदों के लेटर पैड का इस्तेमाल करके रेलवे के कामर्शियल विभाग से वीआईपी कोटे के तहत ट्रेन के वेटिंग टिकट को कंफर्म कराने वाला गिरोह सक्रिय है। आरपीएफ सीआईबी और सतर्कता विभाग की संयुक्त टीम ने एक सप्ताह पहले एक ऐसे ही टिकट दलाल को गोरखपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दलाल 500 से 700 रुपये में सांसदों का कोटा बेच रहा था।दलाल के पास से गोरखपुर व बस्ती मंडल के तीन सांसदों के लेटर पैड के साथ ही 8880 रुपये बरामद हुए हैं। टीम ने दलाल के खिलाफ आरपीएफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अब सांसदों के लेटर पैड का सत्यापन कराया जा रहा है, ताकि फजीवाड़े में शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।



आरपीएफ की सीआईबी टीम को सूचना मिली थी कि बिछिया का रहने वाला सत्येंद्र पाल, सांसदों के लेटर पैड पर ट्रेन के वेटिंग टिकट को कंफर्म कराता है। शिकायत के आधार पर सतर्कता दल निरीक्षक यातायात के साथ आरपीएफ की टीम पिछले सप्ताह रेलवे स्टेशन पर जांच-पड़ताल करने में जुट गई।सत्येंद्र पाल नाम का दलाल स्टेशन पर एक व्यक्ति को बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का वीआईपी कोटे से कंफर्म टिकट देने पहुंचा।वह यात्री को ट्रेन का टिकट दे ही रहा था कि टीम ने उसे दबोच लिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम की पूछताछ में सत्येंद्र ने बताया कि वह 500 से 700 रुपये अधिक लेकर टिकट कंफर्म कराता है। बताया कि सांसदों के लेटर पैड का प्रयोग कर सीसीएम कार्यालय से टिकट कंफर्म कराता है। उसके लोगों का संपर्क सांसदों के कुछ प्रतिनिधियों से है। 200 से 300 रुपये प्रतिनिधियों को देकर लेटर पैड पर हस्ताक्षर करा लेते थे और सीसीएम कार्यालय में जमा कर देते थे।पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान पहले सत्येंद्र पाल ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। उसने खुद को पत्रकार बताया और नाम भी कुछ और बताया, लेकिन जांच के दौरान उसके दोनों दावे झूठे निकले।

### मोबाइल की गैलरी में मिले 35 हस्ताक्षर किए लेटर पैड

टीम ने जब दलाल सत्येंद्र के मोबाइल की जांच की तो उसकी गैलरी में तीन सांसदों के 35 लेटर पैड मिले। सभी पर सांसदों के हस्ताक्षर थे।लेटर पैड का प्रिंट आउट निकालकर हस्ताक्षर जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच के बाद पता चलेगा कि सांसदों के हस्ताक्षर असली हैं या नकली।इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।

**कोट :** सीपीआरओ एनईआर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे का सतर्कता विभाग व आरपीएफ अभियान चलाकर ट्रेन का फर्जी टिकट बनाने वाले दलालों को पकड़ता है। जो पकड़े जाते हैं, उन सबके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है। सतर्कता विभाग की टीम ने एक दलाल को रंगे हाथ टिकट के साथ पकड़ा है।कानूनी कार्रवाई की गई है। टिकट हमेशा रेलवे काउंटर, आईआरसीटीसी की वेबसाइट या रेलवे के अधिकृत एजेंट से ही लेना चाहिए।

## एक्ट्रेस अक्षरा बोलीं- आगे का भविष्य क्या पता मौका मिला तो पॉलिटिक्स में आने का मौका छोड़ूंगी नहीं



पहल टुडे

गोरखपुर। भोजपुरी फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पहली बार शूटिंग करने गोरखपुर पहुंचीं हैं। वह यहां एक अलबम की शूटिंग करने आई हैं।उन्होंने कहा, क्या पता कि मैं भी राजनीति में आ जाऊं। भोजपुरी फिल्म और अलबम से कोई महिला कलाकार राजनीति में नहीं आई है। आगे का भविष्य क्या पता ईश्वर का आशीर्वाद रहा, तो राजनीति में आने के अवसर को नहीं छोड़ूंगी। अक्षरा ने गोरखपुर की तारीफ करते हुए कहा, दो दिनों में ही उन्हें इस शहर से प्यार हो गया है।

वे खुद यहां पर फिल्मों की शूटिंग करने के लिए आएंगी।साथ ही बाहर के कलाकारों को भी लेकर आएंगी। यहां पर शूटिंग करके काफी खुश हैं। योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर की तस्वीर बदल दी है।ये शहर और यहां के लोग बहुत अच्छे हैं।

### अक्षरा बोलीं- बहुत सुंदर शहर है गोरखपुर

अक्षरा ने बाबा गोरखनाथ के दरबार में मत्था टेका। उन्होंने नौका विहार और कुसम्ही जंगल शूटिंग लोकेशन की चर्चा करते हुए यहां के डेवलपमेंट की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ये बहुत ही सुंदर शहर है। बहुत ही अपनत्व है।जो भी लोकेशन देखी, रामगढ़ ताल का नौकाविहार और कुसम्ही जंगल का लोकेशन बहुत पसंद आया।

अब फिल्मों के लिए मुबंई जाने की जरूरत नहीं अक्षरा ने कहा, मेरे जैसे कई कलाकारों को यूपी-बिहार से धक्के खाकर मुंबई जाना पड़ता है। जो नए लोग जाते हैं, उन्हें काम नहीं मिलता है। उन्हें यहां काम मिलेगा। उनका घर चलेगा। योगी आदित्यनाथ को इसका श्रेय जाता है। शूटिंग के लिहाज से लोकेशन बहुत अच्छे हैं। लोग सपोर्टिव हैं।

उन्होंने कहा, मैं सावन में शिवजी के गानों के अलबम की शूटिंग के लिए आई हूं। मेरा मन गदगद हो गया। मैं यहां पर खुद अपनी फिल्म प्रोड्यूस करूंगी। सभी जानते हैं कि मैं गिनी-चुनी फिल्में करती हूं।मैं खुद गोरखपुर आउंगी और फिल्म की शूटिंग करूंगी।

कलाकरों को अब नहीं खानी पड़ेंगी ठोकरें

अक्षरा ने कहा, भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री यहां खुलने से कलाकारों को अवसर मिलेगा। उन्हें दर-दर ठोकर नहीं खानी होगी। आने वाले समय में फिल्म सिटी के साथ सांसद रवि किशन जैसे कितने रवि किशन अपना नाम बनाएंगे।

### पुलिस कप्तान ने गायब मासूम के परिवार से की मुलाकात

गोरखपुर। कैम्पियरगंज क्षेत्र के डुमरिया गांव में बुधवार की शाम घर के दरवाजे से डेढ़ वर्षीय सिद्धार्थ के अपहरण के मामले में पीड़ित परिवार से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने मुलाकात की। पुलिस कप्तान ने क्राइम ब्रांच, सर्विलान्स की टीम के साथ डुमरिया गांव आए थे।सर्व प्रथम बच्चे की माता व परिजनों से अकेले में मुलाकात कर वार्ता की और पुनः मातहतों को निर्देश दिया।डुमरिया गांव के राजेश यादव का डेढ़ वर्षीय बालक सिद्धार्थ बुधवार की शाम दरवाजे पर खेल रहा था और उसी दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात युवक दरवाजे से मासूम का अपहरण कर फरार हो गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस घटना के दिन ही मासूम के पड़ोस में रहने वाले घरों की जांच किया और गांव में मौजूद पोखरे में भी तलाश कराया।घटना को लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।जांच की विभिन्न टीमें मौके पर हर पहलुओं पर जांच में लगी हैं।

## यूपी और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में कच्ची शराब के साथ भारी मात्रा में लहन नष्ट

पहल टुडे / धर्मेंद्र कन्नौजिया

**तमकुहीराज (कुशीनगर)** तरयासुजान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग ? के साथ बिहार की उत्पादन विभाग कि टीम ने अपने संयुक्त कार्यवाही में बिहार सीमा से सटे इलाकों में हुई छपमारी के दौरान तीन पेटी अंग्रेजी शराब के साथ बीस लीटर कच्ची शराब को बरामद किया है।वहीं पांच सौ किलो लहन को नष्ट करने में सफलता प्राप्त किया है। जानकारी हो कि पुलिस अधीक्षक और जिला आबकारी अधिकारी कुशीनगर के निर्देश में शनिवार को तरयासुजान प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र संख्या चार अमरनाथ कश्यप हेड कांस्टेबल कृपाशंकर दुबे, बहादुरपुर पुलिस चौकी प्रभारी अवनीश कुमार सिंह, विहार उत्पादन विभाग अपने टीम के साथ बिहार सीमा से सटे हफुआ बलिराम, हफुआ चत्रभुर्ज, सलेमगढ़ पैठानी टोला, राम पुर बंगरा, अहिरौली दान में अवैध शराब की ठिकानों पर छपेमारी करके कच्ची शराब के साथ अवैध शराब को बरामद किया है।पुलिस टीम ने अपने आज के अभियान में जहाँ सलेमगढ़ पठानी टोला में बीस लीटर कच्ची बरामद किया वही पांच सौ किलो ग्राम



लहन को नष्ट किया है।इसी दौरान में रामपुर बंगरा में एक घर से तीन पेटी अंग्रेजी शराब को बरामद करने में कामयाबी हासिल किया है।बहर हाल जो भी हो आज कल सोसल मीडिया पर वायरल हो रही अवैध शराब की कारोबार की खबरों को लेकर हरकत में आई प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया है।इस संबंध में तरयासुजान प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी से बात किया गया तो उन्होंने ने कहा कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई किया जा रहा है, जो अब लगातार चलता रहेगा।

## नेपाल के बिजनेसमैन को इंडिया में लूटता था टमाटर

### 25 हजार का इनामी मनोज साहनी उर्फ टमाटर गिरफ्तार

### -खरतनाक गैंग चलाता था बदमाश

पहल टुडे



गोरखपुर।कैंट पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। कैंट पुलिस और प्रभारी सर्विलांस सेल ने शातिर अपराधी मनोज साहनी उर्फ टमाटर को कचहरी साइकिल स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया।टमाटर पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।पुलिस उसकी काफी दिनों से तलाश कर रही थी। उसके कुछ साथ पहले ही पकड़े जा चुके हैं। जबकि कई अन्य अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस उन्हें भी दबोच लिया जाएगा।एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि कि पकड़ा गया अपराधी मनोज साहनी एक उर्फ टमाटर हत्या, लूट और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देता था। टमाटर और उसके साथ एक संगठित गिरोह चलाते थे।जोकि नेपाल के व्यापारियों की रेकी कर उन्हें भारत की सीमा में कदम रखते ही लूट लेते थे। इस गैंग के कुछ सदस्य नेपाल में व्यापारियों की पहले रेकी करते हैं। इसके बाद उसे रास्ते में रोककर यह गैंग असलहों के बल पर लूट लेता था।कई लूट की वारदातों में इस गैंग ने हत्या भी की है।एसपी क्राइम ने बताया कि 4 अप्रैल को रुस्तमपुर के रहने वाले शैलेंद्र मिश्र को भी टमाटर और उसके साथियों ने मिलकर लूट लिया था। शैलेंद्र अपने कुछ जानने वाले लोगों 4.60 लाख रुपए उधार लेकर बलदेव प्लाजा से अपने घर रुस्तमपुर जा रहे थे।इस बीच रुस्तमपुर स्थित उसके घर के पास से दो बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए थे। टमाटर ने इस घटना को अंजाम देने की बात कबूल की है।पकड़े गए अपराधी मनोज साहनी उर्फ टमाटर चिलुआतल इलाके के मोहरीपुर नकहा नंबर 1 केवटहिया टोला का रहने वाला है। उसके खिलाफ चिलुआतल, गोरखनाथ, रामगढ़ताल और कैंट में करीब 9 केस लूट, डकैती, हत्या का प्रयास सहित अन्य संगीन धाराओं में दर्ज हैं।

## एसडीएम चौरीचौरा को हटाने के लिए लामबंद हुए अधिवक्ता

गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील बार एसोसिएसन ने जारी आन्दोलन के बीच बैठक किया और एसडीएम रजत वर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानंतरण की मांग किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिवक्ताओं का आरोप है कि वैधानिक निर्णय लेने में लापरवाही के कारण बार एसोशिएसन ने चौरीचौरा जिला प्रशासन से एसडीएम से हटाने की मांग कर चुका है।आरोप है कि वादकारियों के साथ मनमानी पूर्ण कार्यवाही के तहत मुकदमे को खरिज करना, अव्यवहारिक आचरण को लेकर बीते 23 जून को सदन के निर्णय के मुताबिक उपजिलाधिकारी के स्थान्तरण की आयुक्त व जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) को अवगत कराने के बावजूद जिला प्रशासन गूंगा, बहरा, बनकर रजत वर्मा को गलत कार्यो में प्रश्रय दे रहा है।

## महाकल दर्शन को जा रहे अधेड की रास्ते मे मौत

पहल टुडे

गोरखपुर।गगहा इलाके के हटवा गांव निवासी अनिल कुमार सिंह साथियों संग उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में अचानक तबियत खराब होने के बाद उनकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गगहा इलाके के हटवा गांव निवासी अनिल कुमार सिंह साथियों संग उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए निकले थे। उज्जैन से 100 किलोमीटर पहले साथियों के साथ भोजन करने के बाद एक मंदिर में सभी लोग सो रहे थे। रात में 2 बजे अचानक अनिल की तबीयत खराब हो गई। साथ जाने वाले लोग उनको अपने निजी वाहन से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टर ने हृदय गति रुक जाने के कारण



उनकी मौत की पुष्टि की। उनके शव को एम्बुलेंस से घर ला गया। शव को देखते ही घर में कोहराम मच गया।ग्राम वासियों में दुख की लहर दौड़ गई।उनका अन्तिम सस्कार बड़हलगंज के मुक्तिपथ घाट पर हुआ। अनिल कुमार सिंह वन विभाग तुलसीपुर गोंडा में कार्यरत थे, वह बहुत ही सरल एवं सुशील स्वभाव के व्यक्तित्व के धनी थे। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र कृष्णकांत सिंह ने दिया। अनिल कुमार सिंह अपने पीछे माता पिता और 2 पुत्र कृष्णकांत सिंह उम्र 26 वर्ष और अतुल सिंह उम्र 23 वर्ष को छोड़ कर गए हैं।

## 40 वर्षों बाद मिला रास्ता, तहसीलदार ने खत्म कराया विवाद

गोला,गोरखपुर। गोला तहसील के डेहरीभार ग्राम सभा के निषाद टोला के तकरीबन 20 घरों को 40 वर्षों बाद रास्ता मिल गया। निषाद टोला को जाने वाले दो चकरोड पर अगल बगल के खेत वालों ने कब्जा कर लिया था। जिसको खुलवाने के लिए ग्रामीण वर्षों से तहसील का चक्कर काट रहे थे। तहसीलदार बृजमोहन शुक्ल राजस्व टीम व पुलिस के साथ पंहुच कर दोनो चकरोड को पूर्व प्रधान मलखान सिंह व वर्तमान प्रधान राणा सत्यप्रकाश सिंह के मौजदूगी में कब्जा मुक्त कराया। कब्जा मुक्त होने के बाद निषाद टोला के लोगों को चकबंदी के 40 वर्ष बाद रास्ता मिला।

एमसीए पब्लिक स्कूल के उत्कर्ष भट्ट ने जेईई मेंस में फहराया परचम

## जेईई मेंस में सफल मेधावी का विद्यालय पर हुआ सम्मान

### उत्कर्ष ने 99.21 परसेंटाइल के साथ जेईई मेंस किया उत्तीर्ण

पहल टुडे




गोला, गोरखपुर।उपनगर गोला के सुअरज स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल पर आज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय प्रबंधन ने जेईई (मेन) प्रवेश परीक्षा 99.2 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र को माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उत्कर्ष भट्ट गोला क्षेत्र की मटियारिया गांव संजीव कुमार शर्मा के पुत्र हैं। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दोहरीघाट-बड़हलगंज शाखा अध्यक्ष डा अनिल तिवारी ने कहा कि कठिन परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर उत्कर्ष ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नही होती। लक्ष्य के प्रति निष्ठा के साथ श्रम सफलता के पास पहुचाएगी। उत्कर्ष की सफलता ने यह जता दिया ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय भी अपने सीमित संशाधनों में प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहें है। विद्यालय के मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने सफल छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्कर्ष की सफलता विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्रों के साथ ही ग्रामीणांचल के छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी। उत्कर्ष के साथ कार्यक्रम में पहुंचे उनके बाबा पारस नथ शर्मा ने बताया कि उत्कर्ष बचपन से प्रतिभावान रहें। पर एमसीए पब्लिक स्कूल में मैट्रिक से दाखिला लेने के बाद से ही उनके जीवन गुणात्मक सुधार आया। जिसका प्रतिफल रहा कि अपने पहले ही प्रयास में उत्कर्ष ने जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा 99.2 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण किया। इन्होंने जेईई मेंस के लिए कहीं किसी कोचिंग से शिक्षा प्राप्त नहीं किया है। सिर्फ विद्यालयी पढ़ाई, अध्यापकों का मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालक शशांक द्विवेदी, उप प्रबंधक अतुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य राहुल यादव, विरेंद्र मौर्य, गोपाल प्रजापति, देवेंद्र राय, विरेंद्र पाल व अंतिमा ओझा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवम शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के कामना किया है।

### लक्ष्य निर्धारण के साथ कठिन मेहनत से मिली सफलता: उत्कर्ष

जेईई मेंस में सफलता का परचम लहराने वाले छात्र उत्कर्ष भट्ट ने छात्रों से अपनी सफलता को लेकर चर्चा किया और उन्हे बताया कि लक्ष्य निर्धारण करने के निष्ठा के साथ विद्यालय के शिक्षको के मार्गदर्शन में स्वाध्याय किया। नेट पर मौजूद नोट्स को पढा। घर पर स्वाध्याय की कठिनाईयों से निपटने के लिए पूरी रात पढाई करता था।

## राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर समस्याओं का करें निस्तारण : डीएम

### डीएम व एसएसपी ने खजनी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी फरियाद

पहल टुडे

गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर ने खजनी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना। डीएम ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।



डीएम व एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें। जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। जिससे जन मानस को बेवजह परेशान होना न पड़े। संपूर्ण समाधान दिवस में आए सभी फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच की। उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

## तेज हवा के चलने और झम झमाती बारिश होने से बादल किसानों के लिए उर्वरक होकर बरसे

पहल टुडे



चांदपुर, (बिजनौर) जलीलपुर क्षेत्र में शनिवार की शाम तेज हवा के चलने और झम झमाती बारिश होने से बादल किसानों के लिए उर्वरक होकर बरसे, एक तरफ लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली क्योंकि गर्मी का टेंपरेचर बहुत ज्यादा हो रहा था। वर्षा होने से टेंपरेचर में काफी कमी आई तो वही तेज हवा और बारिश से बिजली विभाग की लापरवाही भी सामने आई। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण 14 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली की लाइन धराशाही हो गई। पूरी रात बिजली नही आई। अगर लाइनमैन चाहते तो शाम को ही लाइन ठीक कर सकते थे। आपको बता दे कि तेज हवा और बारिश से सभी फिटरो की लाइनों मे फाल्ट आया जिसके कारण पूरी रात बिजली आपूर्ति ठप रही। लाइनों के पास जो पेड़ खड़े है उनकी ठीक से कटिंग ना होने की वजह से अक्सर हलकी सी हवा चलने के कारण ही पेड़ो की टहनियां टूटकर लाइनों पर गिर जाती है जिससे लाइनों मे फाल्ट आ जाता है। जिससे जलीलपुर क्षेत्र के लोगो को परेशानी का सामना उठाना पड़ता है। तेज हवा और बारिस के चलते सिर्फ चोंधेंड़ी फिटर ही चल पाया। इस समबन्ध में बिजली विभाग के अधिकारी जे ई मनोज शर्मा से बात करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन बंद होने के कारण उनसे सम्पर्क नही हो पाया।

# अपनी बहन के साथ मार पिटाई करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया शांतिपूर्ण गिरफ्तार




पहल टुडे

**सिंभावली** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव वेट निवासी महिला ने 112 नंबर फोन पर सूचना दी उसका भाई उसके साथ मार पिटाई और जान से मारने का प्रयास कर रहा है जिसकी तैयारी थाना सिंभावली में दी गई थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बतायाथाना सिम्भावली पुलिस द्वारा शाति भंग में अभियुक्तगण 1. शकिल पुत्र अब्बास नि0 ग्राम वैट थाना सिम्भावली जनपद हापुड 2. गजेन्द्र पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम फरीदपुर गोसाई थाना सिम्भावली जपनद हापुड अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अकबर पुलिस महानिदेशक मेरठ ने किया बृजघाट का दौरा

### कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए दिए दिशा निर्देश

पहल टुडे / पीतम सिंह



**हापुड़ बृजघाट** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर पवन कुमार थाना प्रभारी निरीक्षक अभिनव सिंह पुंडीर द्वारा थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत ब्रजघाट का निरीक्षण कर अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ने सुरक्षा-व्यवस्था/तैयारियों का जायजा लिया कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिएकहां कांवड़ियों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए

फास्ट ट्रैक

## मंडावर क्षेत्र के एक गांव में जमीन के बटवारे को लेकर पिता पुत्रो में विवाद हो गया



पहल टुडे / कासिद अंसारी,

मंडावर, (बिजनौर), ग्राम दयाल वाला में जमीन के बंटवारे को लेकर पिता और पुत्र में आपस में विवाद हो गया जिसमें सूचना पर पहुंची पुलिस पिता पुत्रो को पकड़ कर थाने ले आई। पुलिस ने चारों का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया है। शनिवार की सुबह दयालवाला में सुभाष, लबी, आशीष का अपने पिता महेंद्र से जमीन के बटवारे को लेकर विवाद हो गया। जिस की सूचना पर पहुंची पुलिस पिता पुत्रो को पकड़ कर थाने ले आई और पुलिस ने पिता पुत्रो का शांति भंग में चालान कर दिया।

## वर्षो से गायत्री परिवार में सक्रिय सदस्य बतौर कार्यरत ललितेंद्र भारतीय ने सावन के अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड में गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज पहुंचे



किशनगंज (मोहम्मद अजीमुद्दीन) वर्षो से गायत्री परिवार में सक्रिय सदस्य बतौर कार्यरत ललितेंद्र भारतीय ने सावन के अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड में गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज में विभिन्न स्थानों पर जाकर किशनगंज सहित संपूर्ण राष्ट्र की शांति और समृद्धि के लिए मंगल कामना की। साथ ही, इंसान जो एक भटके हुए देवता के रूप में हैं उन्हें अपने आध्यात्मिक पथ पर चलते रहने की प्रेरणा मिलती रहे, ऐसी प्रार्थना ईश्वर से की। परम सत्ता की असीम अनुकंपा से उन पर मनुष्य अपने संस्कारिक पथ से विमुख न हो और समाजिक उत्थान के लिए संकल्पित रहें, इस विश्वास के साथ आराधना में संलग्न हुए।

## मिशन शक्ति के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं को सिखाएं आत्मरक्षा के गुण

स्योहारा। छात्राएं स्वयं आत्मनिर्भर बनकर अपनी रक्षा कर सकती हैं तथा मुसीबत पड़ने पर वह किसी से भी मुकाबला कर सकती है। ये बातें धामपुर सीओ ने ग्राम कुरी में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से कही। मिशन शक्ति के तहत रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी बांगर पहुंची सीओ इंदु सिद्धार्थ ने मौजूद छात्राओं को स्वयं अपनी रक्षा करने के लिए कई टिप्स दिए। सीओ ने कहा कि तीन चीजों का विशेष ध्यान रखे शिक्षा, स्वास्थ एवं सुरक्षा। सीओ ने मौजूद सभी छात्राओं को महिला हैल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी जिसमें 112, 1090, 108, 1067 सहित सीओ आफिस एवं कोतवाली व थानों के नम्बरों की जानकारी देते हुए कहा असुरक्षा महसूस करने पर इन नम्बरों को डायल करें जिससे विपत्ति के दौरान आप लोगों तक मदद पहुंच सके। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

# गरीब उत्थान सेवा संस्थान के तत्वधान में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

पहल टुडे / भागूवाला, अमित कुमार रवि



चांदपुर, (बिजनौर) आज गरीब उत्थान सेवा संस्थान के तत्वधान में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह किया गया। जिसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को गरीब उत्थान सेवा संस्थान में आए मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष मंडावली नरेंद्र गौड, ब्लाक प्रमुख तपराज, और वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, एडवोकेट रिहान

अंसारी, योगा आचार्य अरुण, ग्रीन लाइट पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक रविंद्र, जो वालिया ग्लोबल के प्रधानाध्यापक श्याम प्रकाश ज, अध्यापक अरुण दिक्षित, मोहित कर्णवाल, और अध्यक्ष दीपक सैनी द्वारा सभी बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। और जिस का संचालन एडवोकेट जैनब प्रवीन द्वारा किया गया सभी अतिथि गणों द्वारा बच्चों को शिक्षक के क्षेत्र के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सही मार्गदर्शन कराने के लिए रास्ते बताए गए और सभी के द्वारा सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। अध्यक्ष दीपक सैनी द्वारा बच्चों को लगन और मेहनत से पढ़ते रहना चाहिए जिससे वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने जीवन को उजागर कर सकें गुरु का काम तो बच्चों को सही मार्गदर्शन करा कर सही दिशा में भेजना होता हैइसलिए सभी बच्चे को पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य का पीछा करते आगे बढ़ते रहना चाहिए। दीपक सैनी द्वारा बताया गया सड़क और गुरु दो ऐसी चीज है जो स्वयंअपने स्थान पर रहते हुए दूसरों को उसकी मंजिल तक पहुंचा देते हैं।

सम्मानित हुए बच्चों के नाम पीयूष कुमार, दीपशिखा पाल, सूरज कुमार, सनामंतशा, एहतेशाम, मुस्कान, अफीफा, हिबा परवीन, सोफिया परवीन, रुकैया परवीन, सहबाज आदि बच्चों को सम्मानित किया गया। और गरीब उत्थान सेवा संस्थान पर समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे ललित, रमाकांत, रचित सैनी, राहुल, यशपाल सैनी, विमल, आदि मौजूद रहे।

## बिजनौर कलेक्ट्रेट में पहुंचकर फर्जी डिग्री को लेकर विरोध करते हुए हंगामा

**बिजनौर**, चांदपुर पैरामेडिकल कॉलेज द्वारा दी गई फर्जी डिग्री का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है आज भी एबीवीपी के तमाम कार्यकताओं ने छात्राओं के संग बिजनौर कलेक्ट्रेट में पहुंचकर फर्जी डिग्री को लेकर विरोध करते हुए हंगामा किया। और डीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। एबीवीपी के कार्यकताओं का आरोप है कि एएनएम की छात्राओं को फर्जी डिग्री देकर कॉलेज प्रबंधक ने उनके भविष्य से खिलवाड़ किया है। गौरतलब है कि जनपद बिजनौर के चांदपुर में बास्टा रोड पर नेशनल पैरामेडिकल कॉलेज में कुछ छात्राएं एएनएम की पढ़ाई कर रही थी पढ़ाई पूरी होने के बाद जब छात्राओं को डिग्री दी गई तो वह डिग्री फर्जी थी छात्राओं ने अपनी डिग्रियों को सरकारी नौकरी पाने के लिए डिग्री लगाई तो उच्चाधिकारियों ने डिग्री को फर्जी बताया इसी से सभी छात्राएं आग बबूला हो गयी और कॉलेज प्रबंधक के खिलाफ हंगामा काटा। कार्यवाही ना होता देख छात्रा एबीवीपी के कार्यकताओं के पास पहुंची इसके बाद तमाम एबीवीपी के कार्यकर्ता आज बिजनौर कलेक्ट्रेट में पहुंचे ओर हंगामा काटा और जिलाधिकारी से कॉलेज प्रबंधक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से किया गया साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम




पहल टुडे

नूरपुर - हसूपुरा चौराहा स्थित चौधरी निवास पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौधरी रामअवतार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम मैं जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की सरकार से मांग की गई। फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष सरदार कमलजीत सिंह नूर ने अपने संबोधन में कहा की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए सरकार को इस पर शीघ्र ही कानून लाना चाहिए क्योंकि अगर जनसंख्या की दर ऐसी ही बढ़ती रही तो शीघ्र ही देश में भयानक स्थिति पैदा हो जाएगी इसीलिए सरकार को जल्द ही कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। ब्लॉक महामंत्री राम अवतार सिंह ने कहा कि जनसंख्या पर शीघ्र रोक लगानी चाहिए। कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटिया, डॉक्टर ओम प्रकाश सिह जिला मंत्री, चौधरी संतोष सिंह, करणवीर त्यागी, देवराज सिंह, कपिल चौधरी, बौद्धिक जिला प्रमुख अनिल कमल आदि ने अपने विचार रखे। सभी ने एक स्वर में सरकार से शीघ्र ही जनसंख्या समाधान कानून लाकर उसे लागू करने की मांग की।

# अकाली दल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा

**एन ए डी हमेशा सामाजिक हितों के लिए आवाज उठाता रहेगा – पम्मा**

**नेशनल अकाली दल में उच्च पदों पर महिलाओं की भागीदारी**

पहल टुडे




किशनगंज/नई दिल्ली (मो०अजीमुद्दीन) नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी की नई कार्य करने की घोषणा कर दी जिसमें बिंदिया मल्होत्रा को राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रश्मीत कौर बिंद्रा सोशल विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत कौर व महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन और दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष कुलदीप सिंह मारवाह बनाया गया। नई दिल्ली पिछले दिनों नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने दल की सभी विंग व कार्यकारिणी को भंग कर दिया था। उन्होंने बताया करोना काल के कारण काफी समय से नई कार्यकारणी नहीं बन पाई थी और कुछ सदस्य जो करोना काल में लिप्त होकर हमारे बीच नहीं रहे। उनकी मृत्यु हो गयी इसी कारण उनके भी कई पद खाली पड़े हुए थे। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा नेशनल अकाली दल का मकसद कोई राजनीति करना नहीं है बल्कि सामाजिक मुद्दों को सरकार तक पहुंचाना है और उनको हल करवाना है नेशनल अकाली दल लगभग 25 वर्षों से देश व समाज के हित के लिए कार्यकर्ता आ रहा उन्होंने कहा कि दल में सभी धर्मों के लोगों को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। परमजीत सिंह पम्मा ने दल की घोषणा करते हुए बताया कि नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दलजीत सिंह चग्गर, मनजीत सिंह, धर्मवीर आनंद राष्ट्रीय महासचिव बिंदिया मल्होत्रा, सतपाल सिंह मंगा, राष्ट्रीय संगठन सचिव रश्मीत कौर बिंद्रा, राष्ट्रीय सचिव जसबीर सिंह सरना, आईपीएस बेदी नियुक्त किया इसके इलावा सोशल विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत कौर, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन, एन ए डी दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष कुलदीप सिंह मारवाह, धर्म प्रचार विंग दिल्ली प्रदेश की अध्यक्ष वरिंदर कौर, दिल्ली प्रदेश यूथ विंग के अध्यक्ष बलविंदर सिंह सरना की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने कहा सभी अपनी अपनी विंग की कार्यकारिणी की घोषणा जल्द ही करेंगे।

## नाबालिक लड़की के साथ बलात्कार करने वाला आरोपी व छेड़छाड़ करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**हापुड़ बाबूगढ़** थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 258/22 धारा 376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अविनाश पुत्र नंदकिशोर व नाबालिग लड़की के साथ मार पिटाई वह छेड़छाड़ करने वाला आरोपी हिमांशु पुत्र मोहन लाल निवासी गण सिंमरौली थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया गया

## कार्यपालक सहायक मिनहाज आलम को दी गई सम्मानजनक विदाई

पहल टुडे



किशनगंज (मोहम्मद अजीमुद्दीन) पोठिया अंचल कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित विदाई समारोह के दौरान पदस्थापित कार्यपालक सहायक मिनहाज आलम को प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मियों व पदाधिकारियों ने उनको भावभीनी विदाई दी। यह विदाई समारोह अंचलाधिकारी निश्चल प्रेम के नेतृत्व में की गई। अंचलाधिकारी ने सभी पदस्थापित कार्यपालक सहायक को माल्यार्पण कर सम्मानजनक विदाई दी। करीब सभी ने इनके साथ बिताए पल को याद रखने की बात कही। ज्ञात हो कि पदस्थापित कार्यपालक सहायक मिनहाज आलम व अन्य कार्यपालक सहायक को पोठिया अंचल से स्थानतिरित कर दिघलबैंक प्रखंड कार्यालय कर दिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिले में लंबे समय से पदस्थापित सभी कार्यपालक सहायक को विभिन्न प्रखंडों व अंचलो में स्थानतिरित कर दिया गया है। पोठिया अंचल में पदस्थापित मिनहाज आलम के चले जाने के बाद अंचल कार्यालय में कार्यों की रफ्तार को बनाए रखना थोड़ा चुनौतीपूर्ण जरूर हो सकता है। इसका कारण है कि मिन्हाज आलम निर्धारित समय व नियमित रूप से अपने कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दैनिक कार्यों का निर्वहन करता था।

## हसनपुर शाहपुर कला में कब्रिस्तान स्थित कबरों को समतल कर जेसीबी से अवैध कब्जे का आरोप किया प्रदर्शन

पहल टुडे



हसनपुर प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार को नगर के लोगों ने शाहपुर स्थित कब्रिस्तान की भूमि स्थित कबरों को जेसीबी से समतल कर अवैध कब्जे किए जाने के संबंध में विरोध प्रदर्शन किया है। साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि कस्बा मनिहार बिरादरी का एकमात्र कब्रिस्तान गांव शाहपुर कला में है जहां सैकड़ों की संख्या में कच्ची एंव पक्की कबरें मौजूद है। जिस पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने की नियत से जेसीबी मशीन द्वारा कबरों को समतल करते हुए अनेक पेड़ों को नष्ट करा दिया। जिसका पता कुछ लोगों द्वारा दिया गया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे नगर निवासी लोगों ने कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर के मौहल्ला कंकर वाला कुआ निवासी कुछ दबंग कब्जा धारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि कब्जा धारक दबंग किस्म के लोग हैं ओर अवैध लाभ हेतु अवैध कब्जा कर रहे हैं। वहीं उन्होंने अधिकारियों से उक्त दबंग कब्जा धारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर जाहिद अली, अलीमुद्दीन, फैजान, साकिब, इंशाल्लाह, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद आकिब, मुमताज, साने आलम, इसरार, मोहम्मद अलीमुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### आदिनाथ जिनालय में हैं भगवान आदिनाथ की अद् भुत मूर्ति

# सम्यक दर्शन के बिना मोक्ष नहीं :मुनिश्री अभय सागर

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुरः मडावरा नगर की हृदय स्थली श्री महावीर विद्या विहार में आचार्य श्रेष्ठ 108 विद्यासागर महाराज के अष्टम निर्यापक मुनिश्री अभय सागर, मुनिश्री प्रभात सागर, मुनिश्री निरीह सागर महाराज का वर्ष 2022 का पावन वषार्योग वर्णीनगर में चल रहा है। प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रम भी संचालित हो रहे हैं।प्रतिदिन प्रात काल धर्मसभा चल रही है। इसी श्रंखला में धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री अभय सागर महाराज ने कहा कि जब तक जीव सच्चे सम्यक दर्शन का मार्ग नहीं अपनाएगा तब तक उसे मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है।मुनि श्री ने एक उदाहरण देते हुए दर्शन के बारे में बताया कि श्रावक मंदिर जाते हैं लेकिन मंदिर में कौन से भगवान की मूर्ति विराजमान हैं और उनका चिन्ह क्या है इस पर सभी लोग ध्यान नहीं देते हैं।मुनि श्री ने आदिनाथ जिनालय का जिक्र करते हुए बताया कि मडावरा नगर में स्थित आदिनाथ जिनालय है उसमें मूलनायक आदिनाथ भगवान पद्मासन में हैं।उनके बाएं और दाएं ओर भरत और बाहुबली की मूर्ति है वह कायोत्सर्ग मुद्रा में है, जबकि हम सभी ज्ञान न होने के कारण कह देते हैं कि वह खडगासन मुद्रा में हैं, जबकि हम सभी ज्ञान न होने के कारण खडगासन मुद्रा में बताते हैं। उन्होंने इतिहास की बात बताते हुए बताया कि जहां तक मुझे याद है ऐसी मूर्ति जिसमें भगवान भरत के चिन्ह के रूप में नौ कलश बने हुए हैं जो कि चक्रवर्ती की नौ निधियों के प्रतीक हैं। ऐसी प्राचीन मूर्ति वर्णीनगर मडावरा और मध्य प्रदेश के चंदेरी नगर में भी देखने को मिली है।मुनि श्री ने बताया कि हम सभी मंदिर भगवान के दर्शन ध्यान पूर्वक करेंगे तो ऐसी ही प्राचीनता हमें देखने को मिलेगी तभी हमें सम्यकदर्शन की प्राप्ति संभव है।धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण का सौभाग्य प्रोफेसर रमेशचंद्र जैन, चातुर्मास कमेटी के संरक्षक सवाई सिंघई श्रेयांश कुमार जैन, कार्याध्यक्ष राजेंद्र जैन, उपाध्यक्ष विक्रम बजाज, प्रशासनिक सचिव

मंडल अध्यक्ष बीजेपी सूरज जैन चौधरी, एडवोकेट देवेंद्र जैन, विनोद अहिंसा ने प्राप्त किया।चातुर्मास कमेटी के महामंत्री डां राकेश सिंघई ने बताया कि चातुर्मास कलश स्थापना के रिद्धि कलश का पुण्यार्जन नाथूराम, शैलेंद्र जैन, संदीप वैद्य, मुन्नालाल, शुभम जैन, दीपक जैन वैद्य परिवार, महेंद्र जैन, प्रोफेसर सनत कुमार जैन, अर्चना जैन, अभिषेक जैन, अभिनव जैन सागर, अजित जैन, मगन जैन दुकान वाले परिवार ने प्राप्त किया।पुण्यार्जक परिवारों को चातुर्मास कमेटी के पदाधिकारियों ने स्वागत व सम्मान किया।कार्यक्रम का संचालन चेतन जैन, प्रदीप जैन ने किया। रविवारीय विशेष कार्यक्रम के दौरान आचार्य विद्यासागर संस्कार वर्णी पाठशाला के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज का अष्ट द्रव्यों से सुसज्जित थालों के माध्यम से भक्तिमय पूजन जैन युवा जागृति सेवा समिति के म्यूजिक डायरेक्टर धर्मेंद्र सराफ के निर्देशन में किया।पाठशाला की प्राचार्या ममता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पाठशाला परिवार द्वारा प्रत्येक रविवार को बच्चों को स्वल्पाहार का वितरण किया जाता है। विशेष जिन बच्चों का जन्मदिन होता है उनके सौजन्य से बच्चों को स्वल्पाहार का वितरण किया जाता है। धर्मेंद्र सराफ के सुपुत्र संस्कार सराफ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों को स्वल्पाहार का वितरण किया गया।

## दहेज हत्या में वांछित सास ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय

जलेसर। कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित सास ससुर को गिरफ्तार करके जेल भेजा।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन में एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व में वांछित/ वारंटीओं की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में लगभग 3 माह पूर्व वीरेंद्र पाल पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम नगला मंगली थाना रिजोर ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी जांच क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान कर रहे थे। उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार राणा व महिला कांस्टेबल श्वेता ने मुकदमे में वांछित केशपाल पुत्र धनीराम व जयकुमारी पत्नी केशपाल निवासी ग्राम मोहनपुर थाना जलेसर को वन विभाग के सामने इसौली चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## सीडीओ ने जनपद में समस्त अन्त्योदय कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु की समीक्षा

पहल टुडे ब्यूरो

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा जनपद में समस्त अन्त्योदय कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की समीक्षा की गयी जिसमें यह पाया गया कि विभिन्न ग्राम पंचायतों में 154 कैम्प लगाये गये थे जिसमें 107 कैम्पों पर ही वी०एल०ई० उपलब्ध रहे। शेष 47 कैम्पों में जहाँ वी०एल०ई० नहीं पहुँचे उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु लोकेश प्रताप यादव, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सी०एस०सी० को निर्देशित किया गया। यदि लोकेश प्रताप यादव, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सी०एस०सी०, द्वारा अनुपस्थित वी०एल०ई० के विरूद्ध कार्यवाही नहीं करते हैं तो इनकी लापरवाही मानते हुए लोकेश प्रताप यादव के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु गोरखपुर जोनल मैनेजर, सी०एस०सी० को पत्र प्रेषित किया जाए। आशीष सिंह, डी०आई०एस०एम०, आयुष्मान भारत को निर्देशित किया गया कि आयुष्मान कार्ड की प्रगति में प्रदेश स्तर पर जनपद-देवरिया की रैंकिंग क्या है, इसका पता लगाते हुए अवगत करायें, यदि रैंकिंग का पता नहीं करते हैं तो इनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु इनके उच्चाधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाए। आशीष सिंह को यह भी निर्देशित किया गया कि सर्वर की समस्या उत्पन्न होने पर एस०एच०ए० से समन्वय स्थापित कर इसका निराकरण करायें। डॉ० एस०के० चौधरी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ,आयुष्मान प्रभारी, देवरिया को निर्देशित किया गया कि जिन 04 ब्लाकों के आरोग्य मित्र जिनका कार्य बहुत ही खराब था तथा बैठक में उपस्थित नहीं हुए थे, उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी है, से तत्काल अवगत करायें।

बैठक में आयुष्मान मित्रों एवं जनसेवा केन्द्रों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक केन्द्र पर कम से कम 100 आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाया जाए, अन्यथा की दशा में आयुष्मान मित्र एवं वी०एल०ई० के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए उनकी सी०एस०सी० आई०डी० निरस्त कर दी जाए।

## 31 जुलाई 2022 तक फसल बीमा करा सकेंगे किसान

देवरिया ।जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिये अधिसूचना खरीफ 2022 जारी कर दी गयी है। फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2022 निर्धारित की गयी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सभी किसानो के लिये स्वैच्छिक कर दी गयी है। जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु एग्रीकल्चर इन्शोरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया नामित है तथा अधिसूचित फसल धान, मक्का, अरहर एवं मूंगफली हेतु कृषको द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सभी किसानो के लिये स्वैच्छिक कर दी गयी है। फसली ऋण लेने वाले ऋणी किसान यदि अपनी फसलों का बीमा नहीं कराना चाहते है तो बैंक शाखा स्तर पर जहाँ से उनको फसली ऋण की सुविधा प्राप्त हुयी है, वहाँ वे 24 जुलाई 2022 तक लिखित रूप से अवगत करा दें अन्यथा किसान के खाते से बैंक द्वारा प्रीमियम अनिवार्य रूप से काट लिया जायेगा। जो कृषक गैर ऋणी है फसल बीमा कराना चाहते है यह नजदीकी जन सेवा केन्द्र से सम्पर्क कर बीमा करा सकते है। फसल नुकसान की स्थिति में कम्पनी के टोल फ्री नम्बर 1800 889 6868 एवं सम्बन्धित बैंक, कृषि विभाग एवं क्राप इन्श्योरेन्स ऐप के माध्यम से 72 घण्टे के अन्दर फसल नुकसान की सूचना बीमा कम्पनी को पंजीकृत करा दे।

फास्ट ट्रैक

## 25 वर्षीय युवक की छत से गिरकर मौत

### कस्बा व थाना मारहरा के मौहल्ला बस्ती में हुआ हादसा

मारहरा। थाना व कस्बा मारहरा के अंतर्गत मोहल्ला बस्ती में एक 25 वर्षीय युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। मौत का कारण परिजनों ने अंधेरा होने के चलते अचानक पैर फिसलने से होना बताया है। कस्बा मारहरा में शनिवार की देर सायं समय लगभग 9 बजे कस्बा के मौहल्ला बस्ती निवासी मुकेश पुत्र जानकी प्रसाद उम्र 25 वर्ष अपनी छत पर लेटा हुआ था जब वह नीचे आने के लिए उतरा तो अंधेरा होने के चलते अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन कुछ समझ पाते और घायलावस्था में मुकेश को उपचार हेतु कहीं ले जाते उससे पूर्व ही मुकेश ने घटना स्थल पर ही दम तोड दिया। अचानक मुकेश की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मुकेश के परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए थाना पुलिस को सूचना दिए जाने से पूर्व ही अंतिम संस्कार कर दिया।

## थाना जैथरा पुलिस द्वारा 03 एनबीडब्ल्यू वारण्टी किए गए गिरफ्तार



एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैथरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 17.07.2022 को थाना जैथरा पुलिस द्वारा 03 एनबीडब्ल्यू वारंट अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार वांरण्टी अभियुक्तों का नाम पता।

1. राजेश पुत्र जगदीश निवासी बिजौरी थाना जैथरा जिला एटा
2. आमोद पुत्र उजागर सिंह निवासी बिजौरी थाना जैथरा जिला एटा
3. पंकज पुत्र जगन्नाथ निवासी ललहट थाना जैथरा जिला एटा

## बाबा बैजनाथ का दर्शन करने के पाश्चात्य बाबा बासुकी नाथ का दर्शन करेंगे



**अमिला...मऊ.** अमिला कस्बा व क्षेत्र के भटमिला, उसरी से चार पिकअप गाड़ी में सवार होकर सर्व प्रथम सुल्तान गंज से बाबा का जलाभिषेक करने के लिए जल उठाकर झारखंड स्थित बाबा बैजनाथ का दर्शन करने के पाश्चात्य बाबा बासुकी नाथ का दर्शन करेंगे तदोउपरांत राजगीर माँ विन्ध्यवासिनी व बाबा विश्वनाथ वाराणसी दर्शन कर यात्रा समाप्त होगा। इससे पूर्व रविवार को सुबह लँगभग 10 बजे अमिला पूर्वी चौक से पुरोहित चन्द्रसेन पाण्डेय के नेतृत्व में विधि पूर्वक पूजनो प्रांत हर हर महादेव के गगनभेदी नारो के साथ गाड़ी प्रस्थान किया इस मौके पर धर्मेंद्रसाहू, आशीष, चन्दन, पवन, अरविंद, तार बाबू, जगरनाथ पांडेय, संजीव, भैरोनाथ, विनीत, भृगुनाथ साधु, अंकित पांडेय आदि दर्जनो मौजूद रहे।

## नारायण सेवा संस्थान के द्वारा दिव्यांग एवं पोलियो जांच का कैंप का आयोजन

पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय



जलेसर। नारायण सेवा संस्थान के द्वारा एवं भारत विकास परिषद, नुपुर के तत्वावधान मे निशुल्क दिव्यांग पोलियो जांच एवं कृत्रिम अंग माप तथा ऑपरेशन हेतु शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी मुख्य अतिथि रहे। स्व०पुरुषोत्तम दास अग्रवाल व उनकी पत्नी स्व० श्रीमती कुसुमवती अग्रवाल की पुण्य स्मृति में नारायण सेवा संस्थान उदयपुर ( राज० ) द्वारा व भारत विकास परिषद जलेसर नुपर शाखा के सहयोग से पिंडारा परिवार द्वारा अग्रवाल सेवा सदन जलेसर में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक दिव्यांग जनों का परीक्षण किया गया व आपरेशन व कृत्रिम अंगों के लिए भी दिव्यांग जनों का चयन किया गया ।शिविर का उदघाटन गोपाल कृष्ण अग्रवाल, सुनीत चंद्र अग्रवाल श्री हरिओम अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया ।मुख्य अतिथियों में उपजिलाधिकारी श्री अलंकार अग्निहोत्री,क्षेत्राधिकारी ( उ.ड. ) श्री इरफान नासिर की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी व इन्होंने अपने उद्बोधन से शिविर में उपस्थित समस्त जनमानस का उत्साहवर्धन किया ।मंचासीन अतिथियों में श्री जे.पी.अग्रवाल हाथरस द्वारा नारायण सेवा संस्थान व भारत विकास परिषद की जलेसर शाखा व दिव्यांग भाई बहनों के कल्याण के लिए विचार प्रस्तुत किये साथ ही संस्थान के अध्यक्ष सेवक प्रशान्त अग्रवाल जी द्वारा दिव्यांन्गों के हितार्थ किये जा रहे विभिन्न परोपकारी कार्यों की भी जानकारी दी, मंचासीन अतिथियों में ही डॉक्टर गौरव गोयल,ओ.पी.वर्मा उपस्थित रहे ।उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी महोदय ने शिविर में चल रही सभी सेवाओं का निरीक्षण भी किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद जलेसर शाखा के अध्यक्ष दीपक राठी जी ने की ।नारायण सेवा संस्थान के शिविर प्रभारी हरि प्रसाद लढ्ढा, राजमल शर्मा की उपस्थिति में चिकित्सक डॉक्टर सिद्धार्थ लाम्बा द्वारा सभी दिव्यांग जनों का संतोषजनक परीक्षण किया गया। समस्त मंचासीन अतिथिगणों व पत्रकार वन्धुओं को पिड़ारा परिवार द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में प्रिय नारायण गुप्ता,सेवा सिंह छाबड़ा ,विजय बंसल,अरुण सिंघल,अरुण गर्ग,राजीव गोयल,मनीष सिंघल,विनय बंसल,पवन राठी,राहुल मिश्रा, मिंकल बंसल,चरणजीत सिंह,निर्मल अग्रवाल,मनोज अग्रवाल,अचल मित्तल,नितिन गोयल उपस्थित रहे।

## पुलिस ने शांति भंग मे तीन अभियुक्तों को जेल भेजा



जलेसर। सकरौली पुलिस ने शांति भंग करने पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन में एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में वांछित व वारंटीओ की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें उप निरीक्षक इब्राहिम का0कुलदीप, का0 सुनील कुमार ने जितेन्द्र पुत्र ज्योति प्रसाद निवासी ग्राम जरानी खुर्द थाना सकरौली व जितेन्द्र पुत्र सियाराम निवासी ग्राम जलूखेडा थाना सकरौली कुवेंद्र पुत्र घनेंद्र निवासी ग्राम भोजपुर थाना सकरौली को शांति भंग करने पर तीनो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

## जमीनी विवाद को लेकर भाई ने भाई की पत्नी को पीटा



पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय

जलेसर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटना में जमीनी विवाद को लेकर भाई के परिवार ने भाई व भाई की पत्नी को पीट कर घायल किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटना में विशंभर सिंह पुत्र गजराज सिंह एवं हरचरण पुत्र गजराज सिंह दोनों भाइयों में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है 2 दिन पूर्व लेखपाल ने जमीन की माप की जिसमें हरचरण सिंह ने विशंभर सिंह की आधा बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है। जिस को खाली करने के लिए लेखपाल ने कहा तो उसने खाली करने के लिए कह दिया। आज सुबह विशंभर सिंह व उसकी पत्नी फूलवती खेत से चारा काट कर ला रहे थे। जब वह घर पर पहुंचे तो पहले से ही हरचरण सिंह उसका लड़का पुष्पेंद्र कुमार लड़की रीता कुमारी व उसकी पत्नी राजवती आ गए। आते ही चारों अभियुक्तों ने गाली गलौज दी। मना करने पर लाठी-डंडों से विशंभर व फूलवती को मारने लगे। जिससे फूलवती के सिर में चोट आई है। जिसके खिलाफ विशंभर सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है।

## कावण यात्रा को मददेनजर रखते हुए अंडे एवं विरयानी की दुकानों को शासन द्वारा निर्धारित समय के लिए कराया बंद

पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय




मिरहची/मारहरा। पवित्र श्रावण मास में शिव जलाभिषेक कावण यात्रा को मददेनजर रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के क्रम में कस्बा मिरहची एवं मारहरा में कावड के निर्धारित रूटों पर लगने बाली मीट, अंडे एवं विरयानी की दुकानों को शासन प्रशासन के निदेर्शों के पालन में शासन द्वारा निर्धारित समय के लिए बंद करा दिया गया है। साथ ही उपरोक्त मीट करोवारियों, अंडे एवं विरयानी की दुकानें लगाने बाले बिक्रेताओं को चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय से पूर्व दुकानें खोलने बालों के बिरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाऐगी। श्रामण मास में शिव जलाभिषेक कावण यात्रा के दौरान प्रदेश के सीएम की घोषणा एवं जारी दिशा निदेर्षों के उपलक्ष में कि कावड श्रद्धालुओं के गुजरने बाले रास्ते पर कहीं भी मीट ब्रिकी अबैध समझी जाऐगी और इस मीट कारोवारियों के अलावा आदेश की अवहेलना करने बालों के बिरूद्ध वैधानिक कार्रवाई अमल में लाए जाने के चलते थाना मिरहची पुलिस चौकी प्रभारी जवाहर सिंह धाकडे ने कस्बा के कासगंज एटा रोड पर समस्त मीट कारोवारियों की दुकानें बंद कराईं साथ ही सभी मीट कारोवारियों को चेतावनी भी दी कि जब तक कावड मेला चलेगा तब तक काई भी दुकानदार मीट की दुकान नहीं खेलेगा यदि कोई भी मीट बिक्रेता दुकान खोलता है तो उसके बिरूद्ध वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाऐगीं वहीं कस्बा मारहरा में कावड रूट हैदरी चौक आरएवी रोड पर मीट, अंडे एव विरयानी की लगने बाली दुकानों को थाना प्रभारी सत्यपाल ने तत्काल प्रभाव से बंद करा दी हैं वहीं मीड, अंडे एवं विरयानी बेचने बालों को चेतावनी दी है कि काई भी निर्धारित समय से पूर्व दुकानों को खोलता है तो उसके बिरूद्ध कार्रवाई की जाऐगी।

## कोतवाली पुलिस ने चाकू सहित 1 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

रिपोर्टर पवन वार्ष्णेय

जलेसर। कोतवाली पुलिस के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने एक अभियुक्त को चाकू सहित गिरफ्तार करके जेल भेजा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन में एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेंद्र बाबू दोहरे कांस्टेबल अरुण कुमार, शुभम यादव ने ग्राम पुन्हैरा से दिनेश चंद पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम पुन्हैरा थाना जलेसर को चाकू सहित गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

## पिंटू सिंह रहे लकी ड्रा के प्रथम विजेता

### रामाशीष यादव द्वितीय, रामप्रवेश चौहान रहे तृतीय

### साहू वस्त्र भंडार रामपुर रामपुर कारखाना द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

पहल टुडे



रामपुर कारखाना( देवरिया )। स्थानीय नगर पंचायत के मशहूर साहू वस्त्र भंडार ने अपने ग्राहकों को लकी ड्रा कूपन दिया गया था। जिसका ड्रा रविवार को रामपुर कारखाना स्थित मां मैरिज हाल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि योगेंद्र तिवारी योगी और विशिष्ट अतिथि एडवोकेट मोहम्मद जमील अहमद ने लकी ड्रा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि साहू वस्त्र भंडार के की मालिक दिलीप गुप्ता ने जो कार्य किया है यह बहुत ही सराहनीय है। प्रथम पुरस्कार एलईडी 43 इंच बीपीएल पिंटू सिंह गौतम चक मठिया को मिला। वहीं द्वितीय पुरस्कार रेफ्रिजरेट रामाशीष यादव गौतम चक मठिया को मिला। तृतीय पुरस्कार रेफ्रिजरेटर बहोरपुर निवासी रामप्रवेश चौहान को, 10 टेबल फैन के विजेता रहे शिवनाथ प्रसाद, ओम कुमार, राजकुमार प्रजापति, गौतम कश्यप, मो, लियाकत अली, बागेश्वरी सिंह, मो सज्जाद अली, ओमप्रकाश सिंह, राजेश्वर मद्धेशिया, गिरिजेश शर्मा रहे। साहू वस्त्र भंडार के प्रोपराइटर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने भगवान शंकर और पार्वती की पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। पटना से आए कलाकारों ने भगवान शंकर और पार्वती का विवाह का मंचन किया ।पटना की आकांक्षा पांडेय ने भोजपुरी गानों से लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान अमित गुप्ता, पुरुषोत्तम नारायण, राजेंद्र मद्धेशिया, कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव, रामचंद्र कुशवाहा, शिव कुमार गुप्ता, संजय मद्धेशिया सुरेंद्र पांडेय , भोला जयसवाल मौजूद रहे।

## नैमिषारण्य तीर्थ के लिए लखनऊ से सीतापुर तक जल्द शुरू होगी इलेक्ट्रिक बस एवम हेलिकॉप्टर सेवा

### नैमिषारण्य को वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को योजना बनाकर कार्य करने के दिए निर्देश।

पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव

**सीतापुर** ! काशी ,अयोध्या एवम मथुरा की तर्ज पर अब नैमिष धाम भी संवरेगा। नैमिषारण्य को वैदिक शहर, आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। नैमिषारण्य तीर्थ तक पहुंचने के लिए जल्द लखनऊ से सीतापुर तक इलेक्ट्रिक बस और हेलिकॉप्टर सेवा भी शुरू की जाएगी। इस प्रमुख बिन्दु के सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश। सीएम योगी के निर्देश पर नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए चार चरणों में कार्य योजना बनाई गई है। इसके अनुसार प्रमुख परियोजनाओं में पहले फेज में चक्र तीर्थ, मां ललिता देवी मंदिर, दधिचि कुंड और सीता कुंड का विकास किया जाएगा। दूसरे फेज में दधिचि कुंड, रुद्रावर्त महादेव, देवदेश्वर मंदिर और काशी कुंड का विकास किया जाएगा। इसके अलावा शहरी और क्षेत्रीय विकास के लिए अलग से कार्य योजना तैयार की गई है। सीएम योगी ने नैमिषारण्य के सभी कुंडों में स्वच्छ जल की उपलब्धता, चक्रतीर्थ के जीर्णोद्धार, दधीचि कुंड और मां ललिता देवी मंदिर के सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। मिश्रिख नगर पालिका के सीमा विस्तार भी किया जाएगा। इसके अलावा नैमिषधाम के 05, 14 और 84 कोसी परिक्रमा पथ का विकास भी किया जाएगा। सीएम योगी ने पर्यटन विकास और सुंदरीकरण के कार्यों के लिए आवश्यकतानुसार भूमि अधिग्रहण करने और सुविधाजनक यात्री निवास, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग सुविधा और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। सीएम के निर्देश पर नैमिषधाम में पर्यटन विकास के लिए पर्यटन, नगर विकास, पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग मिलकर ठोस कार्य योजना तैयार करेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा नैमिषधाम के लिए सुविधाजनक पर्यटन पैकेज तैयार किया जाएगा ।नैमिषारण्य तीर्थ सनातन धर्म के करोड़ों लोगों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है और 88,000 ऋषियों की तपोस्थली नैमिषारण्य पिंटू सिंह रहे लकी ड्रा के प्रथम विजेता

रामाशीष यादव द्वितीय, रामप्रवेश चौहान रहे तृतीय

साहू वस्त्र भंडार रामपुर रामपुर कारखाना द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

पहल टुडे

## केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने डॉ सोनेलाल पटेल की 73 वीं जयंती पर 73 वृक्ष लगाने की अपील की

## सम्पूर्ण विश्व ग्लोबल वार्मिंग से सुरक्षित रखने के लिए एक मात्र उपाय पौधरोपण : जय प्रकाश पटेल

### डा.सोनेलाल पटेल की 73 वीं जयन्ती पर किया गया वृहद वृक्षारोपण।

पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव





**सीतापुर** ! डॉ सोनेलाल पटेल फाउंडेशन के तत्वाधान में अपनादल( एस. )के संस्थापक यशःकायी डा. सोनेलाल पटेल की 73 वीं जन्म जयन्ती पर वृहद वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़ कर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपड़ किया।

गौरतलब है कि गत दो जुलाई को लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डा.सोनेलाल पटेल जन्म जयन्ती समारोह में उनकी पुत्री व केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने सभी से अपील की थी कि प्रत्येक जिले में इस अवसर पर कम से कम 73 पौधे अवश्य लगाये जायें ।आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत पर्यावरण संरक्षण है।

सीतापुर के सहरोई कालिका बख्श गांव में भी वृहद वृक्षारोपण अभियान चला कर इमारती व फलदार वृक्षों को लगाया गया तथा उनकी देखभाल के लिये फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने संकल्प लिया कि पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल फाउंडेशन के लोग स्वयं करेंगे। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पटेल ने कहा कि वृक्षों से हमें प्राणवायु मिलती है। आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है इसका एक मात्र उपाय पौधरोपण ही है ।इस अवसर पर जय प्रकाश पटेल, सेवक राम पटेल, राम सनेही गुप्ता, सेवता विधानसभा से राम सिंह वर्मा जहांगीराबाद, मखदूम अहमद बखारीखुर्द, कालिका प्रसाद पटेल मवासेपुर, महमूदाबाद से अब्दुल कैय्यूम, मुश्ताक अहमद बाराबंकी, आकाश पटेल, सिद्धांत पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, पंकज मौर्य, रीतेश पटेल, आदर्श, छत्रपाल सहरोई कालिका बख्श, आशीष, धर्मेंद्र पाण्डेय, राकेश भारती, भोलादास भारती, राम मनोज मौर्य, शिव प्रसाद वर्मा, सहबू भारती, श्रीमती सरिता भारती, श्रीमती अनीता देवी, रामरती देवी ,सुनीता देवी, सतीश राज व निजामुद्दीन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अब अनुसूचितजाति अनुसूचितजनजाति के उम्मीदवारों के लिए रोजगार परक प्रशिक्षण ग्रामोदय विश्वविद्यालय में होगा

**भारत सरकार ने 70 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत की।**

**कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने हर्ष व्यक्त किया।**

पहल टुडे

चित्रकूट ।भारत सरकार की राष्ट्रीय अनुसूचितजाति अनुसूचितजनजाति हब योजना के अंतर्गत अनुसूचितजाति अनुसूचितजनजाति के उम्मीदवारों के लिए ऑफ लाइन छमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड ने 70 लाख की परियोजना स्वीकृति प्रदान की है ।इस विशेष उपलब्धि को हासिल करने के लिए कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने इंजी राजेश सिन्हा सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी है ।इस आशय की जानकारी दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के प्राचार्य इंजी राजेश सिन्हा ने दी है ।भारत सरकार के द्वारा कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए संचालित राष्ट्रीय अनुसूचितजाति अनुसूचित जनजाति हब योजना के अंतर्गत रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की छमता में बृद्धि हो सके। इंजी सिन्हा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्राप्त स्वीकृति के अनुसार 300 उम्मीदवारों के लिए विभिन्न रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें मशरूम उत्पादन, नर्सरी, जैम, जैली कैचप निर्माण, स्क्वैश निर्माण, अचार निर्माण, फलों के गुदे का संस्करण, रिटेल सेल्स एसोसिएट आदि का प्रशिक्षण शामिल हैं ।उम्मीदवारो का चयन भारत सरकार के दिशा निर्देश के अधीन होगा ।इन वर्गों के उद्यमी एवं संभावित उद्द्यमियो का प्रशिक्षण आवासीय और गैर आवासीय दोनों प्रकृति के होंगे ।अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों का प्रशिक्षण निःशुल्क होगा।

## एन.एच.डी.सी ने सीएसआर के तहत आरोग्यधाम को दीं एम्बुलेंस एवं मोबाइल वैन

पहल टुडे



चित्रकूट/ नेशनल हाइड्रो पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन श्री अभय कुमार सिंह एवं एन. एच. डी. सी. के प्रबंध निदेशक श्री व्ही के सिन्हा द्वारा अपने दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास के दौरान सीएसआर के तहत आरोग्य धाम के लिए 1 एम्बुलेंस एवं 1 मोबाइल वैन सहित फिजियोथेरेपी, पंचकर्म के उपकरण व न्यूरो संबंधित उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरण प्रदान किये गए।

चित्रकूट आगमन पर उन्होंने दीनदयाल संस्थान के प्रकल्प कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यमिता विद्यापीठ, आरोग्यधाम, गौशाला, राम दर्शन, गुरुकुल संकुल, कृष्णा देवी वनवासी बालिका विद्यालय आदि प्रकल्पों का अवलोकन किया। स्वास्थ्य सेवाओं के सबसे पिछड़े जनपद चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख के विचारों से पल्लवित दीनदयाल शोध संस्थान के द्वारा लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने का काम तेजी पकड़े हुए है। आयुर्वेद के साथ-साथ समय समय पर विभिन्न मर्जों के चिकित्सा शिविरों का लाभ जाने माने चिकित्सकों द्वारा मिलता रहा है। पिछले कुछ सप्ताह से नियमित प्रत्येक रविवार को बिरला हॉस्पिटल के सहयोग से जाने-माने विशेषज्ञों द्वारा परामर्श शिविर भी लगाया जा रहा है। अमेरिका से चित्रकूट आये भारतीय मूल के न्यूरो सर्जन डॉ मिलिंद देवगांवकर नियमित आरोग्यधाम के मातृ सदन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उनके सहयोग से अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम भी नानाजी की स्वास्थ्य संकल्पना को पूरा करने में लगी हुई है।

**एन.एच.डी.सी ने सामाजिक दायित्व का किया निर्वहन**

इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजन ने कहा कि एन.एच.डी.सी. के सामाजिक दायित्वों के तहत किये गये इस कार्य की सराहना करता हूं।उन्होंने कहा कि इससे मातृ सदन के बेहतर प्रबंधन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्यय शिविर संपन्न कराने में काफी सहायता मिलेगी। संस्थान के कोषाध्यक्ष श्री बसंत पंडित द्वारा बताया गया कि नानाजी के द्वारा आजीवन स्वास्थ्य की संकल्पना को लेकर जो सोच थी उसके आधार पर आरोग्यधाम की स्थापना के बाद मातृ सदन की भी नीव रखी गई थी ताकि सुरक्षित जननी प्रसव सुव्यवस्थित ढंग से हो सके। एन.एच.पी.सी.के चेयरमैन श्री अभय कुमार सिंह ने कहा कि बहुत बड़ा जीवट काम है चित्रकूट जैसी छोटी जगह पर बड़े-बड़े चिकित्सकों को रख पाना। मै इस अभियान में लगे सभी चिकित्सकों को धन्यवाद देता हूँ। आरोग्य की कल्पना को लेकर नानाजी ने जड़ी-बूटियों से निरोगी रखने के लिये शोधशाला तैयार की है। ये वास्तव में अनुकरणीय है। आयुर्वेद, योग-विज्ञान एवं प्राकृतिक चिकित्सा के संयुक्त प्रयासों द्वारा आजीवन स्वास्थ्य की विधियां विकसित करने का कार्य आरोग्यधाम में किया गया है।एन. एच. डी. सी. के प्रबंध निदेशक श्री व्ही के सिन्हा ने दीनदयाल शोध संस्थान के विभिन्न प्रकल्पों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आरोग्यधाम, जैसा नाम वैसा काम। शोध, अनुसंधान और प्रयोग ये एक ही प्रक्रिया के अलग-अलग तरीके हैं। दीनदयाल शोध संस्थान में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नए अनुसंधान हो रहे हैं, संस्थान बीमारी से बचाव की वजह निरोगी रहने को लेकर लगातार अनुसंधान कार्य में लगा हुआ है।

फास्ट ट्रैक

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के संगठन सहकार भारती की महत्वपूर्ण जिला बैठक



पहल टुडे

**चित्रकूट** !राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के संगठन सहकार भारती की महत्वपूर्ण जिला बैठक भारत जननी परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गजेंद्र जी के मुख्यातिथ्य, श्री प्रेम सागर जी के विशिष्टातिथ्य तथा जिलाध्यक्ष श्री परमहंस जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए गजेन्द्र जी ने कहा कि सहकार भारती ने सहकारिता के क्षेत्र में अनेकानेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। प्रेम सागर जी ने कहा कि सहकार भारती संगठन का विस्तार ग्राम रचना तक विधिवत करना है।संगठन की सभी इकाइयों का गठन सुनिश्चित करना है।साथ ही ज्यादा से ज्यादा सदस्यता करनी है।संस्थागत व व्यक्तिगत सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करना है। विशेष रूप से बैठक में आमंत्रित किए गए जिला महामंत्री भाजपा चित्रकूट आलोक पाण्डेय ने कहा कि सहकार के बिना उद्धार नहीं होगा। सहकार भारती के सशक्तिकरण से सहकारिता का पुनर्जीवन होगा।सहकार भारती के सशक्त संगठन से सहकारिता क्षेत्र की उत्पादकता में वृद्धि होगी।सहकार मे ही समृद्धि निहित है।जिलाध्यक्ष परमहंस ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ता संकल्प लेकर जुट जाएं। महिला विंग की अध्यक्ष ज्योति करवरिया ने कहा कि महिलाओ की सहभागिता से ही सहकारिता के मूल्य स्थिर होंगे।जिलाउपाध्यक्ष दुर्गेश द्विवेदी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक के तय हुई कार्ययोजना का क्रियान्वयन सभी को करना है।संचालन महामंत्री कुलदीप जी ने किया ।बैठक में सारंगधर द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, रामसागर चतुर्वेदी, शशिकांत पाण्डेय, पुष्पेन्द्र, किशन अग्रहरि, राघव अग्रवाल, अंकित शुक्ल, महेन्द्र, ओंकार सिंह चन्देल, योगेश जैन, के साथ सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### शाहजहांपुर में नए व्यापारी संगठन का हुआ गठन

शाहजहांपुर शाहजहांपुर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का लगातार विस्तार किया जा रहा है।महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में मोहम्मदजई बाजार के व्यापारियों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष समेत तमाम व्यापारियों को पदों की जिम्मेदारी दी गई। आखिर में महानगर अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर नियुक्ति पत्र देकर कहा कि, व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।कारोबारियों को दी गई जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में मोहम्मदजई बाजार के व्यापारियों की कार्यकारिणी बनाई गई। जिसमें आसिफ खां को अध्यक्ष, मुस्ताक को महामंत्री, सतीश सिंह को कोषाध्यक्ष, मोहित, आहिद खां और शहजाद खां को उपाध्यक्ष समेत अन्य पदों पर व्यापारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने सभी पदाधिकारियों को फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत कर सभी को नियुक्ति पत्र दिया। साथ ही उन्होंने अपील है कि, नाली पर बने पक्के निर्माण को व्यापारी खुद तोड़ लें। उसके ऊपर लोहे का फोल्डिंग जाल बनवाकर डाल लें।

## सड़क पर पड़े मील शैक्षिक दस्तावेज को उसके स्वामी तक पहुंचाकर पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल

पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव



**सीतापुर** !पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पुलिसिया कार्यवाही करके जहाँ एक ओर जनता का विश्वास हासिल करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस का मानवीय संवेदना से भरा हुआ कार्य भी धीरे धीरे आम जनमानस में विश्वास को और मजबूती प्रदान करने का काम कर रहा है।

पुलिस कर्मियों की त्वरित कार्यवाही से एक युवक की सालों की मेहनत वापस मिल गयी ।पुलिसकर्मियों ने रास्ते में पड़े मार्कशीट बैग को उसके स्वामी तक पहुंचाकर वर्दी का फर्ज निभा दिया ।थाना कोतवाली बिसवां अंतर्गत सीतापुर रेलवे क्रासिंग के समीप कांस्टेबल मोनू बालियान व निखिल कहीं जा रहे थे तभी संदिग्धावस्था में उन्हें एक बैग रोड के किनारे पड़ा हुआ दिखाई पड़ा ।कांस्टेबल मोनू बालियान ने तुरंत ही बैग को अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच की तो पता चला उसमे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट व ग्रेजुएशन कीप मार्कशीट व अन्य जरुरी दस्तावेज रखे थे जो किसी के हाथ से छूट गए थे ।पुलिसकर्मियों ने तुरंत ही आसपास के लोगो से जानकारी जुटाना शुरू किया और जल्द ही बैग स्वामी का पता लगाकर बैग सकुशल उसके हवाले कर दिया ।बैग स्वामी अंबुज कुमार भार्गव पुत्र प्रकाश चन्द्र भार्गव ने पुलिस के इस त्वरित नेक कार्य की सराहना करते हुए पुलिस को धन्यवाद दिया ।पुलिस विभाग के आरक्षियों के इस सराहनीय कार्य के बारे में जिसने भी सुना हर कोई इनकी प्रशंसा कर रहा है

## पंचायत घर में दोयम दर्जे की ईंटो का उपयोग किया जा रहा है



भागूवाला, (बिजनौर) एक और जहां योगी सरकार जहां प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की कोशिश कर रही है। वही एक प्रधान भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। नजीबाबाद ब्लाक के ग्राम पंचायत सबलगढ ग्राम प्रधान बेखौफ होकर भ्रष्टाचार कर रहा है।ग्राम पंचायत सबलगढ़ की प्रधान द्वारा पंचायत मे बन रहे पंचायत घर में दोयम दर्जे की ईंटों का प्रयोग करके पंचायत घर का निर्माण करा रही है। सूत्रों के मुताबिक पंचायत घर में मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लग रही है और सरकार को अंगूठा दिखा रही है।उधर ग्राम सचिव आबिद ने फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान का जो भी कार्य है वह उसका रिश्तेदार अवधेश देख रहा है जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 10 लाख की चोरी का नामजद मुकदमा



पहल टुडे

किरतपुर, (बिजनौर) 25 दिन पहले हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 10 लाख की चोरी का नामजद मुकदमा तो दर्ज हो गया लेकिन आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं।चोरी की घटना में लेटलतीफी कार्यवाही से स्थानीय पुलिस पर भी तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार किरतपुर थाना क्षेत्र के शीशग्रान निवासी विधवा महिला फहमीदा बेगम ने पुलिस अधीक्षक के दरबार में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी कांच फैक्ट्री से पड़ोस के ही 3 युवकों ने करीब 10 लाख के कांच की चोरी की घटना को अंजाम दिया है जिसे पड़ोस में ही बेचा भी गया है। फैक्ट्री से माल चोरी कर ले जाने की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं लेकिन उसके बाद भी किरतपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है लेकिन आरोपियों को पकड़ने से कतरा रही है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और स्थानीय पुलिस हाथ पर हाथ धरे हुए बैठी है ।करीब 10 लाख की चोरी के मामले को लेकर पुलिस की उदासीनता से तरह-तरह की चचाएं हो रही है ।

## विवाहिता को तीन तलाक देकर घर से निकाला

पहल टुडे

जगदीशपुर अमेठी ससुराली जनों के शोषण से तंग विवाहिता को पति ने तीन तलाक देकर घर निकाल दिया भुक्तभोगी ने थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई हैथाने क्षेत्र कमरौली के अन्तर्गत पलिया पश्चिम निवासी मो. शमीम की शादी दो वर्ष पूर्व कोतवाली जगदीशपुर के टांडा वारिश गंज निवासी सग्गीर अहमद की पुत्री सबीना बानो के साथ मुस्लिम रीत रीवाज के साथ संपन्न हुई थी जिसके बाद ससुराली जनों द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित करके दहेज कम देने की बात कहकर शोषण करते रहे विवाहिता का आरोप है कि पति वा सास ननद ने मिलकर मुझे मारा पीटा तथा पति ने चार पहिया गाड़ी चैन एक लाख रुपए मांगने पर ना देने के बाद मुझे वा मेरे आठ माह के बच्चे को मार पीट कर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया वा जान से मारने की धमकी भी दिया है गौरतलब हो की सरकार द्वारा तीन तलाक को अवैध करा देने के बाद भी महिलाओं पर निरंतर अत्याचार होते जा रहे हैं जिससे आये दिन महिलाऐं ससुरालीजनो के अत्याचार से पीड़ित हैं जिससे निजाद दिलाना सरकार के लिए चुनौती बनी हुई है इस संबंध में थाना अध्यक्ष निर्मल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है समुझाने बुझाने की कोशिश की जायेगी मामला ना सुलझने पर एफ आई आर दर्ज किया जायेगा

## सिविल कोर्ट मे बिचाराधिन मुकदमा, सरहंगो ने किए उलंघन

अमेठी।जिले की बिकास खण्ड सगामपुर ग्राम कौलापुर मे जमीन बिबाद मे 2019 मे सिविल न्यायालय सुल्तानपुर मे मुकदमा बिचाराधीन है। मामले रविवार को तब मोड आया। जब सरहंगो ने जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा शुरू कर दिए। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक अमेठी से पीड़ित ने किए।

थाना संग्रामपुर पुलिस परिक्षेत्र के गांव कौलापुर मे सियाराम दूबे के जमीन पर संरहग राम देव जबरन कब्जा कर रहे है। सरहंग राम देव विना न्यायिक आदेश के बाहरी लोगो ने दबगाई से अबैध निर्माण कार्य चल रहा है। पुलिस अधीक्षक अमेठी से शिकायत पीड़ित ने की। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। संग्रामपुर पुलिस भी चुप्पी साधे हुए है। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की पुलिस हौवा खडा कर लूट मे लगी है। बाबा का बुलडोजर और दहाड कानून को हजम करने मे लगी है ।गाँव मे दहशत और भय का वातावरण बना हुआ है। कानून सिविल कोर्ट का कहा चलेगा। पुलिस इसे दीमक की तरह चाट रही है। भाजपा सरकार सिर्फ हवा बता रही है पुलिस बेलगाम हो चली है।

## शाहजहांपुर में पेट्रोल पंप पर हुई फायरिंग

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने को लेकर बाइक सवार दो युवकों का विवाद हो गया। सेल्समैन ने गाली-गलौज का विरोध किया तो युवकों ने फायरिंग कर दी। इसी बीच सेल्समैन और उसके साथियों ने एक युवक को पकड़ लिया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाने ले आई। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। वहीं पेट्रोल पंप एक मंत्री के रिश्तेदार का बताया जा रहा है। मंत्री के रिश्तेदार का है पंपजिले के थाना सदर बाजार क्षेत्र में मंत्री के एक रिश्तेदार का पेट्रोल पंप है। जहां शनिवार की देर रात सेल्समैन सतीश दिक्षित वाहनों मे पेट्रोल डाल रहे थे। तभी चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज के रहने वाले अशोक राठौर और आदित्य राठौर भी पहुंच गए।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र फुरसतगंज के शिव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

पहल टुडे



अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी द्वारा सावन माह व कांवड़ यात्रा के अवसर पर शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र फुरसतगंज के ग्राम पीढ़ी स्थित शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया तथा मंदिर के पुजारी/धर्मगुरू, क्षेत्रीय जनमानस से वार्ता की गयी । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक फुरसतगंज को मंदिर में सोमवार के जलाभिषेक को लेकर सुरक्षा ड्यूटी लगे हुए पुलिस अधि0/कर्म0गण के संबन्ध में आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए।

## रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ समापन

**नन्हें बच्चों ने विभिन्न परिधानों में दिया समाज को संदेश**

**समाज के सहयोगी और मित्र लोगों के कॉस्ट्यूम पहनकर नन्हें छात्रों ने लिया सेवा भाव की प्रेरणा**

पहल टुडे



अमेठी। जनपद के अमेठी तहसील के राजा भगवान बख्श सिंह नगर में स्थित राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार से चल रही दो दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ।प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने अलग-अलग थीम आधारित वेषभूषा धारण करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात प्री प्राइमरी स्तर के विद्यार्थियों ने हमारे सहयोगी थीम पर डाक्टर, सैनिक, नर्स, माली आदि का वेश धारण करके अपना परफोर्मेंस दिया। इसी प्रकार कक्षा एक, दो, तीन तथा चार के विद्यार्थियों ने क्रमशः सामाजिक सहयोगी, प्रकृति तथा फल, प्रसिद्ध व्यक्तित्व तथा कार्टून और तकनीकी तथा प्रसिद्ध नेता की थीम पर अलग-अलग ड्रेस पहनकर अपनी कला प्रदर्शित की।


**जनता कर रही अपने आप को ठगा महसूस मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग**

## लाखों लोगों का अरबों रुपए सहारा में अटका

पहल टुडे

शुकुल बाजार अमेठी विकासखंड शुकुल बाजार के अंतर्गत ही हजारों लोगों का करोड़ों रुपए सहारा में अटका है। अगर बात जनपद की की जाए तो यह संख्या लाखों के आसपास पहुंच सकती है और अगर बात पूरे प्रदेश की की जाए तो यह संख्या करोड़ों के आसपास पहुंच सकती है। यानी उत्तर प्रदेश के करोड़ों लोगों को ठगने वाली सहारा फाइनेंसर कंपनी इन दिनों निवेशकों का पैसा नहीं लौटा रही है निवेशक बेहद परेशान हैं सहारा के ज्यादातर एजेंट या तो शहर भाग चुके हैं या फिर अपना मोबाइल स्विच ऑफ करके इधर उधर भटक रहे हैं। जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है किसी तरह अमीर और गरीब दोनों ने अपना पेट काटकर किसी ने लड़की की शादी के लिए, किसी ने घर बनवाने के लिए, किसी ने बच्चों की पढ़ाई के लिए, तो किसी ने साहूकारों का कर्ज उतारने के लिए थोड़ा-थोड़ा करके सहारा में निवेश किया। अब लोगों का पैसा लेने का वक्त आया तो सहारा ने लेन-देन ही बंद कर दिया सहारा के एजेंट ढूंढने से नहीं मिल रहे हैं आखिर कहां जाए जनता सूत्रों की माने तो सिर्फ शुकुल बाजार की जनता ही नहीं परेशान पूरे उत्तर प्रदेश में करोड़ों लोगों का सहारा में अरबों रुपए अटका है। लोग परेशान है दर-दर भटक रहे हैं सुनने वाला कोई नहीं जनता को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उम्मीद की आस है कि अगर मुख्यमंत्री हस्तक्षेप करें और सहारा परिवार की समस्त चल अचल संपत्ति को नीलाम करे तो निवेशकों का पैसा लौटाया जा सकता है। कई निवेशकों ने बताया कि उनका आधा अधूरा भुगतान हुआ, तो कई निवेशकों ने बताया कि उनका एक पैसे भी भुगतान नहीं हुआ, किसी के भुगतान अवधि को पूरे हुए 1 वर्ष बीत गए तो किसी के भुगतान अवधि पूरे हुए 2 वर्ष बीत गए लेकिन किसी का भी पैसा नहीं मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर तक लोगों ने सहारा पर भरोसा जतया और भरोसा भी इस कदर जमाया की हर कस्बे का लगभग प्रत्येक व्यापारी प्रतिदिन सहारा में पैसा निवेश करता था। सबसे ज्यादा दिक्कत प्रतिदिन निवेश करने वाले व्यापारियों को हो रही है जिन्होंने थोड़ी-थोड़ी रकम प्रतिदिन जमा इस मकसद से की कि उन्हें इकट्ठा मिलेगी और वह आगे अपना काम चला सकेंगे। लेकिन किसी को भी इस बात की उम्मीद नहीं थी कि सहारा इस तरह से लोगों को बेसहारा करेगी आज सहारा से परेशान लोगों की आश सिर्फ और सिर्फ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से है। यही नहीं इस मामले में देश के प्रधानमंत्री को भी हस्तक्षेप करनी चाहिए क्योंकि सहारा की जो भी संपत्ति उत्तर प्रदेश सहित भारत में या विदेश में है सारी संपत्ति जप्त करते हुए सबसे पहले निवेशकों का पैसा लौटाया जाना चाहिए। और लोगों की भावनाओं से खेलने और लोगों के मानसिक उत्पीड़न हेतु सहारा परिवार के जिम्मेदारों को कठोर से कठोर सजा भी देनी चाहिए जिससे लोग इस तरह जनता की भावना के साथ खिलवाड़ न कर सके जनता को ठग ना सके। इससे तो धीरे-धीरे प्राइवेट फाइनेंसर कंपनियों से लोगों का भरोसा उठता चला जा रहा है और आए दिन अनेक फाइनेंसर कंपनियां लोगों से ठगी कर रही हैं। सूत्रों की माने तो कभी सहारा परिवार के शानो शौकत ऐसो आराम अखबारों में चर्चा की सुर्खियां बनते थे बड़े से बड़े फिल्म स्टार बड़े से बड़े राजनीतिक लोगों का इनके घर आना जाना होता था

# पूर्व मंत्री डा0 राजीव लोधी के आवास पर सांसद राजू भैया का हुआ भव्य स्वागत



दैनिक पहल टुडे (अनिल तोमर)

बुलंदशहर। बुलंदशहर पूर्व मंत्री डा0 राजीव सिंह लोधी के आवास पर एटा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया पहुंचे। जहां उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत हुआ। पूर्व मंत्री हितेश कुमारी ने भी राजबीर सिंह उर्फ राजू भैया का बुके देकर स्वागत किया। तो वहीं पूर्व मंत्री डॉ राजीव सिंह लोधी ने राजू भैया को चादर ओढ़ाकर गुलदस्ता भेंट किया। इस डा0 राजीव सिंह लोधी ने उनसे कई सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर राजू भैया ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सबका साथ सबका विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में योजनाएं गरीबों मजदूरों तक पहुंच रही है। इस दौरान आनंद लोधी, राजकुमार लोधी पूर्व चेयरमैन, डा0 चमन, हितेश गर्ग, जीतू ठाकुर, सुनील कुमार समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एन वाई एस डी एफ ने एक लाख से अधिक औषधीय पौधे रोपे आओ औषधीय पौधे रोपें पखवाड़े का हुआ समापन

दैनिक पहल टुडे (अनिल तोमर)



**गुलावठीत्र** बुलंदशहर। नेचुरोपैथी योग एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन त्रठरऊऋत्न के तत्वावधान में एक जुलाई से 15 जुलाई तक देश भर में 'आओ औषधीय पौधे रोपें' राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान चलाया गया।इस पौधारोपण अभियान में आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित होकर देवतुल ?य कार्यकताओं के सहयोग से औषधीय गुणों से युक्त 75000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। जबकि फेडरेशन द्वारा 75000 औषधीय पौधे रोपित किये जाने के लक्ष्य सापेक्ष में एक लाख चार हजार सात सौ साठ औषधीय पौधे रोपित किये गये हैं। नेचुरोपैथी योग एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ने एक जुलाई से 15 जुलाई की समयावधि में देश भर के नौ राज्यों उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में एक लाख चार हजार सात सौ साठ औषधीय पौधे रोपित कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रकृति प्रहरी डॉ रविन्द्र कुमार राणा ने सभी देवतुल ?य कार्यकताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पौधरोपण पखवाड़े को चलाये जाने का मुख्य उद्देश्य ऑक्सीजन प्रदाता एवं औषधीय गुणों से युक्त पौधे रोपित कर देशवासियों को आरोग्यता प्रदान करना तथा प्रदूषित होने से लोगों को बचाना है। नेचुरोपैथी योग एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये गये पौधरोपण पखवाड़े में कुलपति प्रोफेसर डॉ सीमा सिंह, कुलपति प्रोफेसर एन एस भण्डारी, कुलपति प्रोफेसर डॉ नरेंद्र सिंह राठौड़, सांसद डॉ महेश शर्मा के प्रतिनिधि सुरेश चंद शर्मा, विधायक लक्ष्मी राज सिंह, विधायक शुचि चौधरी, पुलिस इंस्पेक्टर अजय कुमार शर्मा, डॉ हबीब, डॉ अनीता राठौर, डॉ ओ पी राणा, डॉ टीकम सिंह सैंगर, प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ मिथिलेश वर्मा, अल्का रानी, अजय चौहान, राजीव कुमार सहित प्रमुख समाजसेवी संजय बाबू, मनीष अग्रवाल, रेखा सौंनकिया, गिरिजा कांत द्विवेदी, कल्पना त्रिपाठी, राजेश्वरी पटेल, मानसी त्यागी, सुषमा त्रिपाठी, कल्पना तिवारी, राजा दयाल, शाबिर सिद्दीकी, रूचि त्यागी, डॉ शाहनवाज खान, विजय कुमार, दिलीप बाल्मीकि, आशा शुक्ला, डॉ शहनाज बेगम, अजय सैनी, राजू चौधरी, कुलदीप शर्मा, अभिषेक सिंह, विनीता सिंह, पवन शर्मा, वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों भीष्म सिंह, रामवीर सिंह, आर एन एस यादव आदि गणमान्य लोगों सहित हजारों देवतुल्य कार्यकताओं एवं पत्रकार बन्धुओं का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ है। हम हृदय से आप सभी सम्मानित प्रकृति साधकों के आभारी हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपको प्रभु सदैव उत्तरोत्तर प्रगति प्रदान करें।

## फास्ट ट्रैक

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

बघौचघाट( देवरिया ) ।तरकुलवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरदेवा कस्बा के समीप पेट्रोल पम्प से कुछ दूर बगीचे में फंदे से लटकता एक युवक का शव मिला ।सूचना मिलते ही मौके पर लोगो की काफी भीड़ जुट गई ।इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराकर पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। रविवार को तरकुलवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरदेवा कस्बा के समीप पश्चिमी पेट्रोल पंप से कुछ दूर स्थित बगीचे में एक युवक का शव फंदे से लटकता हुआ किसी व्यक्ति ने देखा ।इसकी सूचना उसने ग्रामीणों को दी ।कुछ ही देर में वहां लोगो की काफी भीड़ जुट गई ।इसकी सूचना किसी ने तरकुलवा पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर उसकी पहचान कराने में जुट गई ।शव की पहचान पथरदेवा निवासी बबलू राजभर पुत्र राजमंगल राजभर उम्र करीब 18 वर्ष के रूप में हुई ।घटना की सूचना मिलते ही परिजन दहाड़ मारकर चीखने चिल्लाने लगे ।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया ।ग्रामीणों ने बताया कि युवक का दिमागी हालत ठीक नहीं था ।जिसका इलाज चल रहा था ।घर का माली हालत भी ठीक नहीं है ।राजमंगल मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं।

### प्रबन्ध निदेशक के दौरे पर विद्युत संविदा कर्मियों ने सौपा ज्ञापन,मांगा रिपोर्ट

पहल टुडे

तरकुलवा( देवरिया )। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विद्या भूषण के क्षेत्रीय दौरा के दौरान देवरिया के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री राजेश्वर सिंह देवरिया जिला के संयोजक दयाशंकर सिंह खंडीय अध्यक्ष विपिन विश्वकर्मा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में प्रबंध निदेशक से मिलकर देवरिया जिले के अल्प वेतनभोगी संविदा के बिजली कार्मिक मजदूरों की लंबित समस्याओं के संबंध में अवगत कराते हुए पत्रक भी दिया। जिस पर प्रबंध निदेशक ने अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि मजदूरों की समस्याओं का समाधान तत्काल समाधान कर आख्या प्रस्तुत करें। यदि कार्यदाई संस्था अल्प वेतनभोगी संविदा के बिजली कर्मी मजदूरों का भुगतान नहीं कर रही है। अनियमितता कर रही है ।उसके ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए काली सूची में डालें।

मजदूरों की प्रमुख समस्याएं जिस पर प्रबंध निदेशक से वार्ता हुई जिनमे पहला विद्युत वितरण खंड गौरी बाजार में वर्ष 2018 में कार्यरत फर्म मेसर्स वरुण इंटरप्राइजेज बाकी सिंगही लंगडा बाजार देवरिया के अंतर्गत वर्ष 2018 में अनुरक्षण में कार्यरत मजदूरों का 06 माह की मजदूरी व ईपीएफ बाकी है तथा परिचालन में कार्यरत मजदूरों का 10 माह का भुगतान व ईपीएफ बाकी है जिसे तुरंत भुगतान कराया जाए दूसरा वर्ष 2018 में देवरिया विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत कार्यरत फर्म मैसर्स शिवा इंटरप्राइजेज के अंतर्गत 2 माह 22 दिन का बकाया मजदूरों की मजदूरी का भुगतान कराया जाए तीसरा वर्ष 2017 में 2 माह 7 दिन की मजदूरों की मजदूरी मैसर्स रेखा चौधरी विद्युत मजदूर कल्याण समिति के अंतर्गत बाकी है उसे दिलाया जाए चौथा. विद्युत आपूर्ति बहाल करते समय विद्युत आघात में घायल होने पर मजदूरों के आवश्यक प्रपत्र मैसर्स ओरियन सिक्योरिटी सलूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि को देने के बावजूद अब तक इलाज कराने हेतु बीमा के माध्यम से एवं कंपनी के माध्यम से सहायतार्थ धनराशि उपलब्ध नहीं कराया गया इसको तत्काल उपलब्ध कराया जाए जिससे मजदूरों का परिवार ना बिखेरे

5. मैसर्स ओरियन सिक्योरिटी सलूशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा मई वर्ष 2019 से अब तक हर माह 2झ4 मजदूरों का भुगतान रोकने की प्रक्रिया को जांच कर मजदूरों का भुगतान तत्काल कराया जाए उक्त सभी प्रकरणों पर एमडी पूर्वांचल के द्वारा अधीक्षण अभियंता देवरिया जीसी यादव को सख्त निर्देश दिया गया कि कार्यवाही कर तत्काल हमें रिपोर्ट प्रस्तुत करें

# करोड़ो की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे नहीं डॉक्टर मरीज हो रहे परेशान

दैनिक पहल टुडे / सुरेंद्र विश्वकर्मा



सहारनपुर , बडगांव क्षेत्र के जड़ौदा पांडा गांव में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को चिकित्सा सुविधा का लाभ नही मिल पा रहा है जिस कारण उन्हें विवश होकर बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ रहा है ऐसी स्थिति मे मरीजों को झोला छाप डॉक्टरो से इलाज करवाना पड़ रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का करोड़ो रुपए की लागत से एक बड़ा भवन बना कर खड़ा कर दिया गया है लेकिन यहां पर मरीजों को कोई सुविधा नही मिल पा रही है शेरपुर निवासी आमोद कुमार का कहना हैं कि मैं लगातार १साल से अस्पताल के चक्कर काट रहा हूं आज तक मुझे कोई डॉक्टर नहीं मिलाऔर न ही मेरा ठीक से इलाज चल पा रहा हैयहां पर केवल १ फार्माशिष्ट था वही मरीजों का इलाज कर दवाई देता था लेकिन अब उसका भी ट्रांसफर हो गया है अब यह अस्पताल केवल भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है ग्रामीणों का कहना हैं कि हम यहां इलाज कराने आते है लेकिन यहां पर तो न कोई डॉक्टर है और न ही कोई स्टाफ है अस्पताल पर केवल ताला लटका हुआ है अस्पताल मे डॉक्टर न होने से मरीजों को देवबंद ,सहारनपुर ननौता मुज्जफर नगर आदि दूसरी जगह जाकर इलाज कराना पड़ रहा हैग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार के पास डॉक्टर नहीं है तो अस्पतालों पर सरकार करोड़ो रुपए लगा कर क्यों बनवा रही हैं और जनता के पैसों को क्यों लूटा रही हैं जड़ौदा पांडा के मजरा जयपुर में करोड़ो की लागत से बना ३०बैड का अस्पताल है मगर न ही कोई स्टाफ और न ही कोई डॉक्टर यह अस्पताल केवल शो पीस बन कर रह गया है इसी अस्पताल के अंदर अभी एक साल पहले ५२लाख की लागत से आक्सीजन प्लांट का निर्माण हुआ था मगर उस प्लांट में भी जंग लग गई है सरकार का इस और कोई ध्यान नही है ।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बंद होने से झोला छाप डॉक्टरों को मिला फायदा ।जड़ौदा पांडा मे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर नहीं होने का लाभ गांव में बैगैरडिग्री धारी झोला छाप डॉक्टरों को मिल रहा हैं और वे भोले भाले गांव के गरीब लोगो का इलाज कर मोटी रकम लूट रहे हैं और साथ ही उनकी जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है गलत इलाज के चलते मरीजों की जान जोखिम मे डाली जा रहा है साथ ही उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं और प्रशासन भी इनके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं कर रहा है और आंखे बन्द किए किसी बड़ी अनहोनी का इन्तजार कर रहा है

## अभिश्री सिंघल ने प्राप्त किए 94.2% अंक



नजीबाबाद।।कल शाम पांच बजे आई.सी.एस.सी बोर्ड का रिजल्ट जारी हुआ जिसमें नजीबाबाद निवासी गारमेंट्स व्यापारी एवं पत्रकार नमित कुमार सिंघल और श्रीमती शालू सिंघल की सुपुत्री अभिश्री सिंघल ने 94.2% अंक प्राप्त किए। रिजल्ट प्राप्त होते ही घर परिवार में खुशी का माहौल हो गया और सभी मित्र एवं रिश्तेदारों ने बिटिया को फोन पर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर बिटिया अभिश्री सिंघल ने बताया की उनकी इच्छा है कि आगे और मेहनत से पढ़ाई करें और प्रसाशनिक अधिकारी बनकर देश की सेवा करें। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने स्कूल के अध्यापकों को और अपने माता पिता के मार्गदर्शन को दिया।

# राष्ट्रवादी ब्राहमण महासंघ डॉ0 रोहित शर्मा बने नगर अध्यक्ष



दैनिक पहल टुडे

बुलंदशहर। स्याना में सरकारी अस्पताल निकट आरोग्य डेंटल क्लीनिक पर राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ की मीटिंग का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष पंडित दीपक मांकड़ी ने संगठन का विस्तार किया और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मेरठ मंडल महासचिव पंडित सचिन खिदरपुर ने कार्यक्रम का संचालन किया। सभी को भगवान परशुराम के पटके पहनाकर स्वागत किया गया। डॉक्टर रोहित शर्मा को नगर अध्यक्ष स्याना नियुक्त किया गया। सभी ने अपने अपने विचार रखे संगठन और समाज के विषय पर भी चर्चा की ।मीटिंग में पंडित दीपक मांकड़ी, पंडित सचिन खिदरपुर,पंडित रितिक लड़ाना ,अभिषेक शर्मा ,प्रशांत शर्मा ,रोहित शर्मा,मनोज शर्मा,योगेंद्र शर्मा,विकास शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रत्येक कार्यकर्ता के घर पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लहराय - अनिल सिसौदिया

दैनिक पहल टुडे (अनिल तोमर)



बुलंदशहर। भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकताओं की जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिला प्रभारी सुनीता दयाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बूथों के सशक्तीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के मूल मंत्र पर ही हमें काम करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार पदभार संभालने के तुरंत बाद विश्व के साथ-साथ भारत को एक वैश्विक महामारी की अभूतपूर्व चुनौती का सामना करना पड़ा, भारत न केवल अपने लोगों की रक्षा करने में मानवता की सहायता के लिए लगभग 100 देशों तक सहायता का हाथ बढ़ाने में सफल रहा बल्कि प्रत्येक स्तर पर और शक्तिशाली होकर उभरा। जिला अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने डेढ़ वर्ष में अपने नागरिकों को 191 करोड़ से अधिक व्यक्ति खुराक दी हैं। सिसोदिया ने कहा की सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी अपने अपने कार्य को जिम्मेदारी से करें। प्रत्येक कार्यकर्ता के घर पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लहराये। कार्यसमिति में राजनैतिक प्रस्तावना जिला महामंत्री अजय त्यागी ने, आर्थिक एवं गरीब कल्याण पर जिला उपाध्यक्ष दीपक ऋषि ने एवं तेलंगना प्रेस पर जिला उपाध्यक्ष विकास चैहान ने अपने अपने विचार रखें। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रधान ने किया। कार्यक्रम में ठाकुर गिरिराज सिंह, संजय चैधरी, संतोष वाल्मीकि, राजीव बंसल, संजय माहेश्वरी, सतीश वाल्मीकि, किशोर लोधी, दिवाकर सिंह, शशि शर्मा, पूजा गुप्ता, सत्येंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष एवं सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

## तिलहर में भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**तिलहर** भारतीय किसान यूनियन के युवा जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह लोधी के नेतृत्व में दर्जनों किसान इकट्ठा हुए। जिसमें अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा को सौंपा। कहा समस्या का समाधान न होने पर बड़ा आंदोलन करेंगेआरोप है कि दुकानदार खाद री बोरी पर ओवर वेट की वसूलीशुक्रवार को उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा को भारतीय किसान यूनियन युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह लोधी ने किसानों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन देते हुए बताया कि प्राइवेट खाद की दुकानों पर दुकानदार खाद की बोरी पर ओवर वेट वसूली की जा रही है।

# भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की पंचायत हुई सम्पन्न

दैनिक पहल टुडे



बुलंदशहर। सिकंदराबाद तहसील के गांव महिपा जागीर में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की पंचायत हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह को लोगों ने हार व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठा सज्जन सिंह मेरठ मंडल अध्यक्ष संजय भाटी, जिला अध्यक्ष सुनील लोधी ने संचालन किया। उन्होंने कहा कि किसानों का ऊर्जा विभाग के द्वारा शोषण किया जा रहा है। बिजली के मीटर लगवा कर 4000 से लेकर 6000 तक का प्रति महीना का बिल आ रहा है जिसमें किसान बहुत परेशान है चिंतित है। इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन शक्ति जल्द पंचायत करते हुए मित्रों को उखाड़ कर एक्शन कार्यालय में जमा करने का काम करेगी। क्योंकि आए दिन बिजली विभाग के जेईयो के द्वारा अपने साथ पांच पांच लड़के रखे हुए हैं। जिनके द्वारा गांवों में गरीब किसानों और मजदूरों के घरों में घुसकर वीडियोग्राफी करते हैं। उसके बाद मुकदमा दर्ज करने की धमकी देते हैं। वही लड़के उन सभी से बाद में फिर 10000-20000 30,000 रुपए लेकर मुकदमा खत्म करने की बात कहते हुए अवैध उगाही करते हैं इसी को लेकर किसानों में भारी रोष है। जिला अध्यक्ष सुनील लोधी ने कहा मैं जिला बुलंदशहर के किसी भी किसान का शोषण नहीं होने दूंगा और अपनी टीम में साथ रहे राष्ट्रीय संगठन मंत्री नरेश भाटी, जिला संगठन मंत्री धर्मवीर सिंह भाटी युवा जिला मीडिया प्रभारी साहे आलम राष्ट्रीय प्रतिनिधि आशुतोष शर्मा इंद्रसेन आदि दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# आज प्रथम सोमवार को होगी जनपद की शांति के लिए भगवान का पूजन और परिक्रमा

दैनिक पहल टुडे (अनिल तोमर)



बुलंदशहर। सावन के पवित्र महीने में गत वर्षो की भांति श्री द्वादशमहालिंगेश्वर सिद्धमहापीठ की 7 किलोमीटर की परिक्रमा सावन के चारों सोमवार को होगी जिसमें प्रत्येक सोमवार परिक्रमा का उद्देश्य अलग अलग होगा प्रथम सोमवार को जनपद की शांति हेतु भगवान का पूजन और परिक्रमा होगी, दूसरे सोमवार को प्रदेश शांति हेतु पूजन एवं परिक्रमा होगी, तृतीय सोमवार को राष्ट्र शांति हेतु पूजन एवं परिक्रमा होगी तथा आखिरी सोमवार को विश्वशांति हेतु पूजन एवं परिक्रमा होगी सिद्धमहापीठ के संस्थापक आचार्य मनजीत धर्मध्वज ने बताया है कि परिक्रमा प्रातः 6रू00 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें सभी भक्त आत्म कल्याण एवं समाज कल्याण एवं समाज में शांति और भाईचारे हेतु भगवान का भजन और जप करते हुए परिक्रमा देंगे। आचार्य धर्मध्वज ने बताया कि श्री द्वादशमहालिंगेश्वर सिद्धमहापीठ में पूरे भारतवर्ष के तीर्थों की मिट्टी ,कुडों ,सरोवरों, एवं समुद्रों के जल के साथ में 12 ज्योतिलिंगों से शिवलिंग स्पर्श कराकर 12 शिवलिंग के साथ भगवान महालिंगेश्वर, तथा इष्टदीक्षा केंद्र में समस्त देवता विराजमान हैं अतः इस पीठ की परिक्रमा देने से कावड़ का फल प्राप्त होगा अतः सभी भक्त बड़े भाव के साथ और शांतिपूर्ण तरीके से परिक्रमा देने हेतु सिद्ध पीठ पर पधारें।

## अभियान का किया जाए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार

# हर घर तिरंगा अभियान में हर घर में झण्डा लगाये जाने के संदर्भ में हुयी समीक्षा बैठक

**जिलाधिकारी ने की जन सामान्य से अपील**

**हर घर तिरंगा अभियान में बढ-चढ कर लें हिस्सा**

**पूरे जनपद में निर्मित ध्वज की गुणवत्ता एवं दरें होगी समान**

**हर घर तिरंगा अभियान से जुडी संस्थाओं को निर्देश, यथाशीघ्र मांग सूची**

**उपलब्ध करवाएं ताकि मांग और पूर्ति को रखा जाए संतुलित - अखिलेश सिंह**

दैनिक पहल टुडे / अशोक शर्मा



सहारनपुर , जिलाधिकारी अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हर घर तिरंगा अभियान के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर गठित समितियों के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इन समितियों में ध्वज आकार, दर एवं सामग्री व्यवस्था समिति, ध्वज निर्माण समिति, ध्वज वितरण एवं ध्वजारोहण समिति तथा प्रचार-प्रसार समिति शामिल है।

अखिलेश सिंह ने बैठक में उपस्थित सदस्यों से झण्डे के नमूने देखकर एवं दरों को प्राप्त कर अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि व्यक्तिगत स्तर से घरों में लगने वाले झण्डे पॉलिस्टर एवं साटन के कपडों के हो सकते है। जबकि शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों, स्कूलों, संस्थाओं, उद्योगों एवं इनके कर्मचारियों के घरों में खादी से बने झण्डे ही लगाये जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा ध्वज निर्माण समिति को निर्देश दिये गये कि खादी ध्वजों का निर्माण स्वयं सहायता समूहों के द्वारा कराया जाए। सभी सरकारी कार्यालयों एवं अर्द्धसरकारी कार्यालयों, स्कूलों, संस्थाओं, उद्योगों आदि को निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र अपनी मांग के अनुसार सूची उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारी तथा जिला पूर्ति अधिकारी को सामन्जस्य बनाकर गांव में मांग के अनुसार सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय के संस्थाओं को भी मांग के अनुसार सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि मांग और पूर्ति की स्थिति को संतुलित रखा जा सके। इस मांग सूची को सॉफ्ट कापी एवं पीडीएफ में जिला पंचायती राज अधिकारी को उपलब्ध करवाया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि 30ग20 ईंच के साईज का एक सामान्य ध्वज जिसकी दर जनपद में समान होगी बनाया जायेगा। इससे जनसामान्य को सस्ती दरों में ध्वज उपलब्ध हो सकेगा। उसी प्रकार खादी के झण्डों का साईज 3:2 के अनुपात में बनाया जायेगा। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान की महत्ता को बच्चों को बताया जाए एवं इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए रैली भी निकाली जाये। उन्होने 11-17 अगस्त तक मनाए जाने वाले स्वतंत्रता सप्ताह में राष्ट्रभक्ति के दृष्टिगत सभी जनपदवासियों से प्रत्येक घर में राष्ट्रध्वज लगाने की अपील की एवं इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने और प्रत्येक समाज के बौद्धिक नागरिकों द्वारा इसकी महत्ता को जन सामान्य को बताने एवं खुद भी बढ-चढ कर हिस्सा लेने की अपील की।

## सहायक अध्यापिका की कार्यशैली से तंग आकर प्रधानाचार्य ने डीएम से लगाई गुहार

**मोहम्मद जुबेर पहल टुडे**

बाराबंकी। जनपद के शिक्षा क्षेत्र हरख अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय महारूपुर में सहायक अध्यापिका की कार्यशैली से तंग आकर प्रधानाचार्य ने खुद के स्थानांतरण करने की गुहार जिला अधिकारी से लगाई प्रधानाध्यापिका वंदना खरे द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में आरोप है कि सहायक अध्यापिका प्रतिमा त्रिपाठी विद्यालय नहीं आती हैं और हमारे द्वारा अनुपस्थित कर दिए जाने पर अमादा फौजदारी पर उतरू हो जाती है



खुद को पावरफुल बताते हुए सस्पेंड कराने की धमकी देती है बताया जाता है कि इससे पूर्व अयोध्या जनपद के अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र के गढ़वाल गांव में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तैनात थी जहां पर कभी विद्यालय न जाने की बात बंदना खरे ने बताया बताया जाता है कि इनके पति सुल्तानपुर जनपद में एडीजे हैं जिसका फायदा उठाकर विद्यालय जाना यह उचित नहीं समझती हैं ऐसे में नौनिहालों का क्या होगा जबकि सरकार के द्वारा शिक्षा के ऊपर करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है कि मेरे प्रदेश में कोई भी नौनिहाल शिक्षा का शिकार ना हो लेकिन जब तक इस प्रकार के लापरवाह कर्मचारी अपनी जिम्मेदाराना हरकत को नही छोड़ेंगे तब तक शिक्षा स्तर को जमीन पर लाना नामुमकिन है जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी सहायक अध्यापिका की पैरवी करें यह एक सोचनीय प्रसंग है वही उपरोक्त मामले को लेकर जब पत्रकारों ने जानकारी करना चाहा तो महिला सहायक अध्यापिका प्रतिमा त्रिपाठी ने पत्रकारों को जेल भेजने की एलानिया धमकी दे डाली ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या इनके ऊपर कोन सी ऐसी मजबूरी है

## सावन में लोधेश्वर महादेव पर जलाभिषेक का महत्व जान लीजिए

**आज सोमवार 18 जुलाई से 8 अगस्त 2022 तक लोधेश्वर महादेव मंदिर मे लगे रहेगी शिव भक्तो की अपार भीड़ ।बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर मे सावन मेला की शुरूआत आज से।**

**सावन के महीने मे लोधेश्वर महादेव के जलाभिषेक से भकतो की मनोकामनाये होती पूरी।**

**राम धीरज यादव ब्यूरो चीफ पहल टुडे**



बाराबंकीः उत्तर भारत के प्रसिद्ध बाराबंकी का पांडव कालीन पौराणिक महादेवा मंदिर में सावन 2022 भर चलने वाले मेले में भक्तों की भीड़ लगाना शुरू हो चुकी है ।18 जुलाई से शुरू होने वाले सावन के महीने में श्री लोधेश्वर महादेव के जलाभिषेक की तैयारियां जिला प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। मान्यताओं के अनुसार सावन के दिनों में श्री लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने से सभी शिवभक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है।

शिव भक्त उमेश कुमार शर्मा,पवन कुमार मौर्य आदि तमाम लोग बताते हैं कि मां पार्वती की तपस्या हो या देवाधिदेव के ससुराल जाने की बात सावन का महीना भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए खास मायने रखता है।रामनगर तहसील क्षेत्र के महादेवा में लोधश्वर मंदिर शिवभक्तों के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है। पांडवों के अज्ञातवास के समय माता कुंती अपने पुत्रों के साथ घाघरा नदी के दक्षिण तटीय रेणुक वन में पहुंचे।माता कुंती के आदेश पर महाबली भीम बद्रीनाथ और केदारनाथ के पर्वतीय अंचल में गए और वहां से बहंगी में कंधे पर लादकर दो शिलाखंड लाए।लोधेश्वर महादेव की स्थापना के बारे में अवधी सम्राट महाकवि गुरुप्रसाद सिंह मृगेश के लोक महाकाव्य ग्रंथ परिजात में वर्णन है। भीम द्वारा लाए गए पहले शिलाखंड की स्थापना वर्तमान में किंतूर के पास माता कुंती ने की।वहीं दूसरे पाषाण खंड को धर्मराज युधिष्ठिर ने गंडक घाघरा नदी के दक्षिण तटीय वन में स्थापित किया, जहां 12 वर्षों तक रुद्र महायज्ञ किया और पास के कुरुक्षेत्र में हवन यज्ञादि किया। ऐसे पड़ा लोधेश्वर महादेव नामकालांतर में घाघरा नदी के बदले प्रवाह में ये शिवलिंग बालू और मिट्टी में विलीन हो गया।शिव विग्रह के संबंध में बताया जाता है कि लोधेराम नाम के किसान को कृषि कार्य के दौरान ये शिव लिंग मिला तबसे इसका नाम लोधेश्वर महादेव पड़ा।सिलौटा के बाबा ने बेनी सागर ने इसे मंदिर का स्वरूप दिया और रामनगर धमेड़ी राज्य के राजाओं ने चांदी का कपाट और स्वर्ण कलश से सुशोभित किया। राजा गरीब सिंह ने विशाल स्वरूप देकर अभरन तलाब बनवाया था।

### सावन की तैयारी में जुटे प्रशासन के अधिकारी

कोविड प्रोटोकाल के कारण दो साल से मायूस रहे शिव भक्तों के लिए इस बार सावन मनभावन होगा।सावन में लाखों की भीड़ जुटने को लेकर प्रशासन अफसर लगातार बैठके और निरीक्षण करने में जुटे हुए है ।जानकारों के मुताबिक श्री लोधेश्वर महादेवा की धरती पर फाल्गुनी, कजरी तीज अगहनी और सावन समेत चार मेले साल भर में लगते हैं।

फास्ट ट्रैक

## चोरी की 4 बाइको के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई**

बिलग्राम हरदोई ।।थाना माधौगंज मे चोरी की 4 बाईको सहित 2 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल ।माधौगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदौली रोड से शुक्लपुरभगत गांव जाने वाली रोड से रविवार की सुबह 8 बजे पुलिस ने 4 मोटरसाइकलों के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सुब्रत नरायण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की कई घटनाएं घट चुकी थी ।पुलिस अपराधियो की तलाश में लगी थी। रविवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष सुब्रत नरायण तिवारी, उपनिरीक्षक ज्ञान सिंह, सिपाही जितेंद्र सिंह, गौरव कुमार, विक्रम सिंह, विजय कुमार, अनिल कुमार रजनीश शुक्ला, ओमवीर व अनुराग पांडे के साथ दबिस डाल कर चार मोटरसाईकिल के साथ धीरज उर्फ पहाड़ी पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम गोपलिया व कमलेश पुत्र गोपाली ग्राम इंदापुरवा थाना माधौगंज को गिरफ्तार किया। पूछ ताछ में अभियुक्तो ने बताया कि दिल्ली, कासिमपुर, अलीगढ़ व माधौगंज से मोटरसाइकिल को चुराया है नम्बर प्लेट बदलकर बेचने का धंधा करने की बात कबूल की।

## एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में कांवड यात्रा के दृष्टिगत की गोष्ठी



**पहल टुडे**

गाज़ियाबाद। एसएसपी मुनिराज ने रिजर्व पुलिस लाइन में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियो एवम थाना प्रभारियो के साथ कांवड यात्रा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रबन्ध के सम्बन्ध में गोष्ठी की। जिसमें, श्रावण मास/ कावड़ यात्रा के अवसर पर जनपद में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थलों, कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों और मंदिरों की सुरक्षा-व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी मुनिराज ने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने एवम संवेदनशील स्थानों एवं मिश्रित आबादी वाले स्थानो पर ड्रोन से निगरानी करने को लेकर निर्देशित किया। वहीं, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने को लेकर भी निर्देशित किया हैं।

## आरपीएफ के रिटायर स्पेक्टर को प्रशासन से नहीं मिल रहा न्याय

**न्याय पाने के लिए अब प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से लगा रहा गुहार।**

**मोहम्मद जुबेर पहल टुडे**



बाराबंकी। जिले मे एक रिटायर्ड आरपीएफ के जवान को प्रशासन से न्याय नही मिल पा रहा है।

गौरतलब हो यह जवान है जो कभी खुद दूसरों की सुरक्षा करने का काम करते रहे और आज स्वयं खुद अपनी सुरक्षा के लिए भटक रहा है ।नहीं मिल पा रहा? न्याय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से लगा रहा न्याय की गुहार,आरपीएफ का रिटायर स्पेक्टर ।आपको बताते चलें ताजा मामला यूपी के बाराबंकी तहसील सिरौलीगौसपुर थाना दरियाबाद भूमि राजस्व ग्राम कमोली? निवासी ग्राम उदवतनगर पीड़ित आरपीएफ रिटायर स्पेक्टर कौशल किशोर शर्मा? का आरोप है ।कि मेरे चाचा सूबेलाल थे जो उनके साले विनोद कुमार शर्मा के पुत्र सुशील कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला आजाद नगर जिला हरदोई के द्वारा चाचा सूबेलाल को गुमराह करके दिनांक 30 / 5 /2017 को वसीयत करा लिया था ।जबकि चाचा सूबेलाल द्वारा अपनी खुशी व सहमत से मेरे छोटे भाई रामकिशोर शर्मा के? हक में दिनांक 20 /7/ 2021 को अंतिम पंजीकृत वसीयत नामा कर घोषणा कर दिया।

सुशील कुमार शर्मा द्वारा तहसीलदार न्यायालय को गुमराह करके अंतिम वसीयतनामा जो रामकिशोर शर्मा के हक में चाचा सूबेलाल ने की थी। उसे छुपा करके अपनी पहली वसीयत की दाखिल खारिज करा लिया था जो न्याय हित में नहीं था ।बैनामा पहला व वसीयतनामा अंतिम ही माना जाता है ।फिर सुशील कुमार शर्मा के हक में पहला वसीयतनामा का क्या महत्व है जो खारिज होने योग है तहसीलदार न्यायालय ने सुशील कुमार शर्मा के पक्ष में किया गया आदेश को स्थगित कर दिया तथा। क्रय विक्रय पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया है।

## केयर टेकर मुफ्त की उठा रहे पगार, शौचालय मे लटक रहे ताले




**पहल टुडे**

बाराबंकी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में बनवाए गए सामुदायिक शौचालय ग्रामीणों के प्रयोग में नहीं आ रहे हैं सामुदायिक शौचालय पर अक्सर ताला लटक रहा है ग्रामीणों का कहना है कि यहां तैनात कर्मचारी कभी-कभी यहां आता है, लिहाजा यह शौचालय भी कभी कभार ही खुलता है ऐसे में शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है

सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर के गहा गांव में बना सामुदायिक शौचालय कभी कदार खुलता है ग्रामीणों को इस शौचालय का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है शौचालय में तैनात कर्मी कभी भी नियमित रूप से ड्यूटी पर नहीं आता जिम्मेदार अधिकारी भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं ग्रामीण अनिल कुमार नन्हू यादव रामरूप लल्लन यादव रामकिशोर सहित दर्जन भर ग्रामीणों ने बताया की लाखों रुपये खर्च कर बनवाए गए इस शौचालय का लाभ न मिलने से ग्रामीण काफी परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है केयरटेकर को ?9000 प्रतिमा जो दिया जाता है उसका कोई लाभ नहीं सरकारी धन का दुरुपयोग है। ग्रामीणों का कहना है की कई बार अधिकारियों के संज्ञान में भी इस शौचालय के न खुलने की समस्या लाई गई है लेकिन आज तक किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया है ।इस संबंध मे बीडीओ सिद्धौर यशोवर्धन सिंह ने बताया मामला संज्ञान में नहीं था अब संज्ञान में आया है अगर सामुदायिक शौचालय नियमित रूप से नहीं खुल रहा है तो उसे नियमित रूप से खुलवाया जाएगा अगर इसमें किसी प्रकार की लापरवाही की गई तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### इन ब्लाक के इन गांव सभा मे बदहाल है शौचालय

जिले के हैदरगढ ब्लाक अंतर्गत शुकुलपुर, सरागोपी, गेरावा, बलीगेरावा, रोहनमीरापुर, शहरीइसलामपुर, जारमऊ, कुडवा, ओहरामऊ, किरसिया, चोबीसी, कमेला, भटगवा, टिकरहुवा, शरीफाबाद, मरूई, टीकाराम बाबा, रामपुर, बीजापुर, नरोली, सहित हैदरगढ अन्य दस तो त्रिवेदीगंज ब्लाक के मारूफपुर, बेलहरी, खैराबीरू, खैराकनकू,,शिवनाम, त्रिवेदीगंज, ककरी, लोनीकटरा, नरदही, भिलवल, सहित अन्य कई गांव मे शौचालय मे ताले लटक रहे है।

## 'जिस दिन हम लोक परम्परा से कट जायेंगे उस दिन हम मिट जायेंगे': पद्म श्री डॉ.विद्या बिंदु सिंह

**डॉ.निरुपमा श्रीवास्तव के महाकाव्य अपराजिता गार्गी का लोकार्पण समारोह।**

**पहल टुडे** / निकहत दीबा



सुल्तानपुर ब्यूरो। 'लोक परम्पराओं से साहित्य में लय आती है। जबतक साहित्यकार लोक से नहीं जुड़ेगा तबतक साहित्य कालजयी नहीं होगा। जिस दिन हम लोक परम्परा से कट जायेंगे उस दिन हम मिट जायेंगे।' यह बातें पद्मश्री डॉ.विद्या बिंदु सिंह ने कहीं।

वे रविवार को सिरवारा रोड स्थित एक होटल में डॉ.निरूपमा श्रीवास्तव द्वारा रचित महाकाव्य अपराजिता गार्गी के लोकार्पण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रही थीं।उन्होंने कहा कि नैतिकता केवल शब्दों में ही नहीं व्यवहार में भी आनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना ने कहा कि साहित्य समाज को रास्ता दिखाता है इसलिए साहित्यकार सर्वश्रेष्ठ होता है ।गोंडा के शिवाकांत विद्रोही ने कहा कि साहित्यकार सजग और सतर्क रहता है। अध्यक्ष राम किशोर त्रिपाठी ने कहा लिखना महत्वपूर्ण नहीं है। क्या लिखा जा रहा है और कैसे लिखा जा रहा है यह ज्यादा महत्वपूर्ण है। विषय प्रवर्तन करते हुए युग तेवर के सम्पादक कमल नयन पाण्डेय ने कहा कि सुलतानपुर की साहित्य परम्परा काफी समृद्ध है। अपराजिता महाकाव्य भारतीय नारी की विभिन्न क्षमताओं को उद्घाटित करता है। लोकार्पण सत्र का संचालन डॉ.ओंकारनाथ द्विवेदी ने किया । द्वितीय सत्र में एक कविगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन अभिमन्यु तरंग और अध्यक्षता मोहम्मद इकबाल भारती ने किया। इस अवसर पर लोकभूषण आद्या प्रसाद सिंह 'प्रदीप' आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' , राममूर्ति सिंह 'सौरभ प्रतापगढ़ी' , नागेन्द्र अनुज, ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' , दयाराम अटल , पवन कुमार सिंह, डॉ.मन्नान सुलतानपुरी ,आमिल सुलतानपुरी,शिल्पी अग्रवाल आदि ने काव्यपाठ किया। समारोह में राज खन्ना, डॉ.डी.एम.मिश्र, डॉ.शोभनाथ शुक्ल, डॉ.सुशील कुमार पाण्डेय 'साहित्येन्दु', डॉ.आशुतोष, डॉ.राम प्यारे प्रजापति, अवनीश त्रिपाठी समेत अनेक प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## 'रहती है जिन्हें हर पल गोमती मां की फिक्र,प्यार से कहते सभी उन्हें गोमती मित्र'

**पहल टुडे** /मोहम्मद कलीम खान



सुल्तानपुर ब्यूरो। 'रहती है जिन्हें हर पल गोमती मां की फिक्र,प्यार से कहते सभी उन्हें गोमती मित्र'। यह पंक्तियां केवल कागज पर उकेरे हुए कुछ शब्द नहीं है बल्कि कुशभवनपुर की वास्तविकता है। पिछले दस वर्षों से गोमती की निर्मल धारा का सपना संजोये व सीता कुंड धाम की स्वच्छता के लिए सचेत रहने वाले गोमती मित्रों ने नगर वासियों को न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूक किया बल्कि आयोजनों के माध्यम से सीता कुंड धाम तक पहुंचने और स्वच्छता संकल्प के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया और जोड़ा भी ।प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन एवं मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी कहते हैं कि दस वर्षों में बहुत कुछ बदला है यह गोमती मित्र मंडल नहीं बल्कि जनपद वासियों के साथ साथ अगल बगल के जनपद वासी भी कहते हैं। मां गोमती की आरती में उमड़ती भीड़ एवं संकल्प के लिए भिंची मुट्ठियां सफलता निकट है यह बताती है। रविवार सायंकाल होने वाली आरती में प्रयागराज से पधार रहीं साध्वी निधेश्वरी जी एवं अयोध्या से पधार रहे महंत दिलीप दास जी भी आरती में शामिल होकर गोमती मित्रों के प्रयासों को आशीर्वाद देने वाले हैं। रविवार के सप्ताहिक श्रमदान में मुख्य रूप से मुन्ना सोनी,राजेश पाठक,अजय प्रताप सिंह,संतोष अग्रहरि,युवा मंडल प्रदेश अध्यक्ष अजय वर्मा, रुद्र विश्व दीप,अनिल सिंह,धर्मेंद्र वर्मा,सच्चिदानंद सिंह सोनू,अर्जुन यादव,तेजस्व पांडेय,अभय,ध्रुव, प्रांजल,आयुष,आकाश आदि उपस्थित रहे।

## डॉ विनोद ने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव बहुत अच्छे से किये प्रस्तुत

**पूर्व वीसी प्रो, आद्यप्रसाद पांडेय ने कार्यशाला के बारे में उद्घाटन टिप्पणी दी।**

**पहल टुडे**



सुल्तानपुर ब्यूरो। प्रोफेसर आद्यप्रसाद पांडेय, पूर्व वीसी मणिपुर विश्वविद्यालय और सम्मेलन अध्यक्ष ने कार्यशाला के बारे में उद्घाटन टिप्पणी दी। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। डॉ. एके तोमर ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर विनोद कुमार श्रीवास्तव हेड इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट आरएमएल अवध यूनिवर्सिटी अयोध्या ने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव बहुत अच्छे से प्रस्तुत किए। प्रोफेसर आरके उप्पल प्रोफेसर बीएफसीएमटी भटिंडा पंजाब ने भी प्रतिभागियों के साथ अपने व्यापक ज्ञान और अनुसंधान के अनुभव प्रस्तुत किए। कार्यशाला की संयोजक प्रो इंदु वार्ष्णेय प्रिंसिपल एसआरडीए गर्ल्स कॉलेज हाथरस ने दोनों संसाधन व्यक्तियों की प्रस्तुति की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यशाला प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव दिए ।डॉ मोनिका वार्ष्णेय समन्वयक तकनीकी प्रकोष्ठ आईईए ने भी विचार-विमर्श में भाग लिया। उन्होंने वर्कशॉप के वर्चुअल मोड को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी बहुत प्रभावी तरीके से ली। अंत में डॉ डीके अस्थाना महासचिव आईईए ने कार्यशाला में भाग लेने वाले हमारे अतिथि संसाधन व्यक्ति के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला में पूरे भारत से 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। वास्तव में सर्वशक्तिमान की कृपा से एक बहुत ही सफल शैक्षणिक गतिविधि संभव हो सकती है।

**मीडिया प्रभारी अमिताभ द्विवेदी ने वित्तविहीन शिक्षकों को उचित मानदेय देने की माँग की बिना कोई आदेश के वेतन रोकना सरकार की बर्बरता और लापरवाही बताया**

## जिला विद्यालय निरीक्षक सुल्तानपुर कार्यालय पर हुआ विभिन्न मांगो को लेकर शिक्षकों का विशाल धरना प्रदर्शन

**पहल टुडे** / प्रभंजनम द्विवेदी




धनपतगंज-सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आवाहन पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमे जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से बहुत दिनों से लंबित जिला स्तरीय और प्रदेश स्तरीय विभिन्न माँगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया है। जिनमें प्रमुख मांग जनपद के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का माह मई और जून 2022 का वेतन अकारण रोका जाना है। इस धरने को संबोधित करते हुए जिला मंत्री अरुण कुमार सिंह ने सभी लंबित मांगों को सभी के समक्ष रखा और चयन प्रक्रिया से आये नवागंतुत शिक्षकों के अवशेष बेतन, पुरानी पेंशन बहाली,तदर्थ शिक्षकों का विनीयमितिकरण की माँग करते हुए शिक्षकों की लंबित 16 सूत्री मांगो को प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने जनपद के समस्त शिक्षकों कर्मचारियों का अकारण रोका गया वेतन का तत्काल भुगतान करने की मांग उठाई तथा तदर्थ शिक्षकों के बिनियमितिकरण की माँग करते हुए निःशुल्क चिकित्सा सुबिधा, बंद पड़े सामूहिक बीमा को लागू करने की बात कही ।उन्होंने संबोधन करते हुए कहा कि माननीय ओम प्रकाश शर्मा और पंचानन राय के संघर्षो से प्राप्त उपलब्धियों को हमें संघर्षो के बल पर बचा कर रखना होगा। वरिष्ठ शिक्षक नेता राज नारायण उपाध्याय जी ने शिक्षकों का संघर्षो के प्रति तत्पर न होना शिक्षक समाज के लिए घातक बताया, साथ ही पुराने दिनों को याद करते हुए संघटन से शिक्षकों उपलब्धिया बताया साथ ही सभी लंबित माँग का जल्द निराकरण की बात की। उपाध्यक्ष श्याम बहादुर दीक्षित ने सभी प्रकरण पर बात करते हुए सभी माँगो का जल्द निराकरण करने की माँग की। उपाध्यक्ष दुर्गा शंकर उपाध्याय जी ने अकारण वेतन रोकना बेतन वितरण अधिनियम का खुला उलंघन बताया. चंद्र मोहन उपाध्याय ने कहा कि शिक्षकों को रास्ट्र निमार्ता बताया और कहाँ कि हमे संघर्षो मे एकजुट होकर रहना होगा। उपाध्यक्ष रूद्र भान सिंह जी ने कहाँ अगर हमारी मांगे न मानी गई तो हमे विद्यालय मे ताला लगाकर आमरण अनशन करना पड़ेगा ।मीडिया प्रभारी अमिताभ द्विवेदी ने वित्तविहीन शिक्षकों को उचित मानदेय देने की माँग की। बिना कोई आदेश के वेतन रोकना सरकार की बर्बरता और लापरवाही बताया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सांसदो और विधायकों की दोहरी पेंशन का विरोध करते हुए, अकारण वेतन रोकना शिक्षक समाज को परेशान करना बताया है, सिंह ने कहा कि समय से वेतन न देना शोषण बताया। इस विशाल धरने के कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष दिनेश यादव करते हुए आये हुए सभी शिक्षकों का धन्यवाद दिया ।इस धरने को पंडित रामबली मिश्र श्री शोभाराम राष्ट्रीय इंटर कॉलेज चंदीपुर सुल्तानपुर के वरिष्ठ अध्यापक हिंदी प्रवक्ता रमेश चंद्र तिवारी अन्य विभिन्न विद्यालय से अध्यापक चंद्र देव दूबे ने भी सभा का संबोधन किया।

## दत्तात्रेय धाम पर समापन कार्यक्रम आज कार्यक्रम का अगाज कवि सम्मेलन से

पहल टुडे / मनोज रूंगटा




रुद्रपुर, देवरिया नकईल के वेलूआर घाट स्थित दत्तात्रेय धाम, आश्रम मे हुये भगवान श्री दत्तात्रेय जी की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन आज शाम पाच बजे होगा जिसमे कवि गोष्ठी के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा

जय जानकारी आश्नम के संस्थापक स्वामी परमानन्द गिरी ने देते हुये वताया कि सोमवार को सुबह 10 बजे से संकीर्तन, रुद्राभिषेक, आध्यात्मिक चर्चा के साथ 5 बजे शाम से कवि गोष्ठी का आयोजन है, जिसमे कवि रामनगीना यादव, नगीना देवरिया, ननद जी नन्दा बलिया, चन्द्रेश्वर शर्मा परवाना जी गोरखपुर,, अवधकिशोर अवधू कुशीनगर, रामेश्वर प्रसाद बरहज, आदि भाग लेंगे जिसमे

दिल्ली से पधारे श्याम सिंह की सांस्कृतिक प्रस्तुति का भी लोग आनन्द ले सकेंगे ।स्वामी परमानन्द गिरी जी ने लोगो से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सहभाग करने की अपील की है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश गिरफ़्तार, घायल

### कब्जे से तमंचा मय कारतूस-खोखा व चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद

पहल टुडे / फाईज अली सैफी






गाज़ियाबाद। जनपद के एसएसपी मुनिराज ने शातिर अपराधियों की कमर तोड़ने हेतु कई तरह के अभियान जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में चलाए हुए हैं। इसी के साथ ही एसएसपी मुनिराज ने कावड़ यात्रा के दृष्टिगत अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को कड़े निर्देश दिए हुए हैं। जिसके चलते जनपद पुलिस पहले से और ज्यादा सतर्कता से अपने कार्य को अंजाम दें रही हैं। इसी क्रम में बीती देर रात थाना लोनी बॉर्डर पुलिस बेहटा अंडर पास पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान चेकिंग कर रही पुलिस को एक मोटर साइकिल सवार संदिग्ध तेज गति से आता हुआ दिखाई दिया तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस का इशारा देख मोटर साइकिल सवार संदिग्ध घबरा गया और उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया और मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस ने मोटर साइकिल सवार बदमाश के बुलंद हौसले को देखते हुए आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग कर दी। जिसमें, बदमाश के दाएं पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस को पकड़े गए बदमाश की पहचान सुफियान पुत्र रियाजुद्दीन निवासी थाना लोनी गाज़ियाबाद के रूप में हुई हैं।

सीओ लोनी रजनीश कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त गण शातिर किस्म का अपराधी हैं, जिसके विरुद्ध एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि घायल अभियुक्त गण को जनपद के स्थानीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती करा दिया हैं।

फास्ट ट्रैक

## सांड से टकराई बाइक युवक हुआ गंभीर रुप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

पीलीभीत। जनपद के बीसलपुर दियोरिया मार्ग पर बाइक सांड से टकरा गई। जिससे बाइक सबार गंभीर रुप से घायल हो गया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने 108 ऐम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गांव बिहारीपुर निवासी बबलू रात्रि में बीसलपुर से घर वापस जा रहा था। तभी गांव के ही निकट मार्ग पर बैठे आबारा सांड से बाइक टकरा गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले की सूचना 108 ऐम्बुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## होटल में बैग रखने के मामले में पुलिस ने शेरपुर से दो लोगों को उठाया

### हिरासत में लिए गए लोगों से पुलिस कर रही पूछताछ

पूरनपुर। होटल से बरामद हुए संदिग्ध मादक पदार्थ से भरे बैग के मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। होटल स्वामी को फंसाने के लिए बैग रखवाया गया था। पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों लोगों से पूछताछ कर रही है। शनिवार शाम पुरानी स्टेट बैंक तिराहे के पास मौजूद राजाराम होटल में एक व्यक्ति बैग छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने होटल में मिले बैग में मादक पदार्थ होना बताकर होटल स्वामी को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद पुलिस ने होटल स्वामी को छोड़ दिया। बैग बरामद होने के बाद से पुलिस होटल में बैग रखने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने इस मामले में शेरपुर से दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। दोनों को कोतवाली लाकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा साजिश के तहत होटल स्वामी को फंसाने के लिए बैग में कथित मादक पदार्थ रखवाया गया था। होटल स्वामी को फंसाने के लिए रचे गए इस ड्रामे की कस्बे में चर्चा हो रही है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## फांसी लगाकर विवाहिता ने दी जान:पिता की तहरीर पर पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पिता ने लगाया दहेज का आरोप

**तिलहर** कोतवाली क्षेत्र के गांव रूजवारी में विवाहिता की फंदे से लटकते हुए लाश मिली। जिस पर मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने मृतका के पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। पिता ने कहा- अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया थाबीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव अमृता खास निवासी अजय वीर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री शालिनी की शादी लगभग 1 साल पहले क्षेत्र के गांव रुजवारी निवासी हरि मोहन के साथ की थी। जिसमें उन्होंने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था। अजय वीर ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री के ससुराल पक्ष के लोगों ने उनकी पुत्री की दहेज की मांग पूरी ना होने पर हत्या कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार ससुराल पक्ष के लोग एक सोने की चेन, अंगूठी और तीन लाख रुपए नगद मांग रहे थे। शालिनी के पिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग लगातार उसके साथ मारपीट करते हुए दहेज लाने की मांग कर रहे थे। उन्हें फोन द्वारा सूचना मिली की उनकी पुत्री की मौत हो चुकी है। जब वह अपनी पुत्री के घर रुजवारी गांव पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनकी पुत्री का शव जमीन पर रखा हुआ था। ससुराल पक्ष का कोई भी व्यक्ति उन्हें ना तो सही बात बताने को तैयार था और ना ही उनसे बात कर रहा था।

# एसडीएम ने अमृत सरोवर और हर्बल पार्क का किया निरीक्षण

### सरोवर की साफ सफाई कराने के दिए निर्देश

पहल टुडे



पूरनपुर। एसडीएम ने अमृत सरोवर और हर्बल पार्क का औचक निरीक्षण किया। अमृत सरोवर में साफ-सफाई कराने और अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने हर्बल पार्क की भी सराहना की। अमृत सरोवर के पास स्वतंत्रा दिवस पर ध्वजारोहण कराया जाएगा।

रविवार को एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने रविवार दोपहर गांव अमरैयाकलां में पहुंचे। उन्होंने पहले अमृत सरोवर का औचक निरीक्षण किया। अमृत सरोवर में गंदगी मिलने पर उन्होंने साफ-सफाई कराने को कहा। इसके अलावा सरोवर से संबंधित अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रधान सत्यपाल शर्मा से कहा कि अमृत सरोवर की पूर्ण तैयारी कर 15 अगस्त को मेले जैसा माहौल बनाएं और अमृत सरोवर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कराया जाएगा। एसडीएम ने अमरैयाकलां में बनाए गए हर्बल पार्क को देखकर प्रधान सत्यपाल शर्मा की काफी सराहना की। उन्होंने प्रधान से पूछा कि हर्बल पार्क में इतनी जड़ी बूटियों को लगाने के लिए कहाँ से अनुभव लिया। तो प्रधान ने बताया कि प्रारम्भ से जड़ी-बूटियों का ज्ञान था। उसी के आधार पर अधिक से अधिक पार्क में जड़ी बूटियां लगाई। जिससे इसका लाभ ग्रामीणों को मिल सके। इस मौके पर प्रधान सत्यपाल शर्मा, लेखपाल विकास मौर्य, रोजगार सेवक जमील खां, राजेश कुमार, श्याम बिहारी, धर्मवीर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### आइसीएसई बोर्ड में स्नेहा साव ने 96% प्रतिशत अंक पाकर परिवार का वढ़ाया मान




रूद्रपुर देवरिया रुद्रपुर क्षेत्र के सटे गॉवं चिलवन मोहन कीआई रहने वाली स्नेहा साव ने आई सी एस ई मे 96% मार्क पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया वह बचपन से ही पढ़ने लिखने में टॉपर रही है। स्नेहा के पिता रामाज्ञा गुप्ता एक ट्रांसपोर्ट है जो परिवार सहित कोलकाता में रह ते है ।स्नेहा का प्राथमिक शिक्षा कोलकात्ता के सेंट थॉमस गर्ल्स स्कूल खिदिरपुर कोलकात्ता से हुआ है ।जहाँ स्नेहा ने 10 वी की आईसीएसई बोर्ड में 96% प्रतिशत अंक पाकर पूरे परिवार सहित छेत्र का मान बढ़ाया है ।स्नेहा के उत्तीन होने पर बधाई देने वालो में एम एल सी रत्नपाल सिंह सांसद कमलेश पासवान, पूर्व मंत्री /विधायक जयप्रकाश निषाद, पूर्व चेयरमैन छ्ठे लाल निगम, क्षेत्रिय मंत्री विनोद गुप्ता, दिलीप जायसवाल, जितेंद्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, नंदलाल साव, रामानंद साव, रामाज्ञा साव, भाजपा नेता रमेश गुप्ता, राजीव साव, रामअवध गुप्ता संजीव, साव, अजय, एस साव, हर्ष गुप्ता रतनलाल, राजाराम गुप्ता, बिनोद गुप्ता आदि लोगो ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## गुलालपुर में सियार और हमीरपुर में बकरी खा गया तेंदुआ

**सेहरामऊ क्षेत्र में तेंदुए के आतंक से ग्रामीण परेशान**

**दौलतपुर गांव में घुसकर तेंदुए ने फैलाई दहशत**

पहल टुडे



पूरनपुर। सेहरामऊ क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तेंदुआ आतंक मचाए हुए हैं। गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने गांव में घुसकर दहशत फैलाई। इसके अलावा बकरी और सियार को भी निवाला बना लिया।

पिछले कई दिनों से थाना सेहरामऊ क्षेत्र में तेंदुआ चहल कदमी कर रहा है। शनिवार को गांव दौलतपुर के किसान के धान के खेत में तेंदुआ देखा गया था। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस टीम उसे जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रही थी। शनिवार रात तेंदुए ने गांव गुलालपुर के पास एक सियार को निवाला बना लिया। रविवार सुबह खेत से निकला तेंदुआ दौलतपुर गांव में घुस गया। गांव में तेंदुआ को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कभी अपने घरों में दरवाजे बंद कर छुप गए। रविवार को गांव हमीरपुर में सरकारी स्कूल के पीछे बाग में मौजूद एक बकरी को तेंदुआ उठा ले गया। क्षेत्र में लगातार तेंदुए की चहलकदमी बनी हुई है। तेंदुए को पकड़ने का प्रयास कर रही बन विभाग की टीम उसके पीछे पीछे दौड़ लगा रही है।

# खेत में पड़ा मिला युवक का शव, हत्या का शोर

**पुलिस और डॉग स्क्वॉड टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल**

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**

पहल टुडे



पूरनपुर। एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव खेत में पड़ा देखे जाने से हड़कंप मच गया। गले पर चोट के निशान होने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव भरकलीगंज के रहने वाला फरमान(21) पुत्र शानमोहम्मद शनिवार रात अचानक घर से गायब हो गया। रविवार को फरमान का शव गांव के बाहर टीनशेड के पास सगीर अहमद के खेत में पड़ा देखा गया। जानकारी लगते ही गांव में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। जानकारी लगते ही दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गले में चोट के निशान होने से फरमान हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। डॉग स्क्वॉड टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र विक्रम, कोतवाल अशोकपाल और थाना सेहरामऊ पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### हत्या करने की व्यक्त की जा रही आशंका

मृतक के परिजन भले ही किसी से रंजिश न होने की बात कह रहे हैं। लेकिन फरमान की मौत को हत्या से जोड़ा जा रहा है। इसको लेकर कई तरह की चचार्एं है।

उसके शव के पास ही उसका मोबाइल और पर्स पड़ा मिला। उसकी गर्दन पर नीले रंग के चोट के निशान है जो कि उसकी हत्या किए जाने की बात को बल मिल रहा हैं।

### नये उप खंडीय कार्यालय पकड़ी बाजार के एसडीओ बने चंदन जयसवाल

**रनिहवा, पकड़ी व. पचलड़ी उपकेंद्र का देखेंगे कार्यभार**

रुद्रपुर देवरिया उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा विद्युत उपभोक्ता को सुविधा उपलब्ध कराने हेतू उप खंडीय कार्यालय का सृजन किया गया है जिसमें गौरी बाजार डिवीजन में तीन उप खंडीय कार्यालय बनेंगे जहां रुद्रपुर द्वितीय में नए उप खंड़ीय कार्यालय पकड़ी बाजार का सृजन हुआ जिसके ने उपखंड अधिकारी चंदन जायसवाल को नियुक्त किया गया है जहां इस उपखंड के अंतर्गत रनिहवां ,पकड़ी व पचलड़ी बिजली घर से संचालित होने वाले लगभग वीस हजार उपभोक्ता इसके अंतर्गत आएंगे जो अपने नजदीकी उपखंडीय कार्यालय का लाभ ले सकेंगे

## पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार प्रभु ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रूट मार्च कर किया निरीक्षण

पहल टुडे



पीलीभीत। रविवार क पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी० ने श्रावण मास/कॉंवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मार्ग जनपद बरेली बार्डर स्थित चौकी शाही से थाना सुनगढी क्षेत्र होते हुये थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित गौरी शंकर मंदिर पर जलाभिषेक हेतु कॉंवड़ियों के आने-जाने की समुचित व्यवस्था के दृष्टिगत मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्वंय रूट मार्च का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधों का जायजा लिया। इतना ही नहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जहानाबाद व चौकी शाही पर लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर अन्य महत्तवपूर्ण स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात गौरी शंकर मंदिर पुहंचकर मंदिर परिसर में लगे कैमरे , श्रद्धालुओं द्वारा जल चढाने के स्थान पर लगे बैरिकेडिंग की स्थित की जायजा लिया व मंदिर कमेटी से वार्ता कर महत्तवपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने क्षेत्राधिकारी नगर व सभी थाना प्रभारियों को रूट की सुरक्षा व्यवस्था सुदृण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## पुलिस ने दुष्कर्मी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पहल टुडे



पीलीभीत। जनपद पीलीभीत तहसील बीसलपुर क्षेत्र में तीन माह पूर्व शादी समारोह में आये युवक ने एक किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म कर फरार हो जाने के बाद पीड़ित किशोरी के पिता द्वारा पुलिस से की गयी शिकायत पर पुलिस ने मामले को नजरअंदाज कर देने से पीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने दियोरिया पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रम्बोझा निवासी हुलासीराम के यहां तीन माह पूर्व वेटी की वारात आयी थी। उसी वारात में उनका एक मेहमान थाना गजरौला के ग्राम अमखेड़ा निवासी प्रमोद कुमार भी आया हुआ था। जिसने एक 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर कर ले जाकर जबरन दुष्कर्म कर फरार हो गया था। घटना के वावत किशोरी ने रोते हुए सारी बात अपने परिजनों को बतायी जिस पर किशोरी का पिता वौखला गया और किशोरी के साथ कोतवाली गया तथा पुलिस को सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के लिये अनुरोध किया। जिसे पुलिस ने नजरअंदाज कर दिया था। पीड़ित युवक अपनी किशोरी के साथ पुलिस अधीक्षक के पास जाकर घटना से अवगत कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने का अनुरोध किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने दियोरिया पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन मे पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दुष्कर्मी को रम्बोझा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### जनपद में उत्तरवाहिनी गंगा तट पर स्थित अनोखा शिवमंदिर

# भक्तों की सभी मनोकामना पूरी करते है बाबा बेरासनाथ

- श्रावण माह और वर्ष भर के सोमवार को भक्तों की लगती है भारी भीड़।
- बेरासनाथ मंदिर पर स्थित हनुमान मंदिर पर आते है भारी भक्त।
- मनोकामना पूरी होने पर लोग करते है पूजन दर्शन।
- मंदिर की स्थापत्य कला भी है मंदिर के आकर्षक का केन्द्र।
- गुप्त काशी के नाम से प्रसिद्ध है बेरासनाथ शिव मंदिर।

पहल टुडे



भदोही। काशी- प्रयागराज के मध्य स्थित भदोही जिला आध्यात्मिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। प्राचीन काल के कई धार्मिक स्थल यहां के आध्यात्मिक इतिहास की गवाही देते हैं। इन्हीं में से एक है कौलापुर क्षेत्र का बेरासनाथ धाम। 100 वर्ष से अधिक पुराने इस धाम को कालीन नगरी के गुप्त काशी के नाम से जाना जाता है। देवाधिदेव महादेव के प्रिय मास सावन में इस धार्मिक स्थल का महात्म्य दूर-दूर तक फैल जाता है।

काशी-प्रयाग मध्य स्थित पवित्र क्षेत्र में काफी धार्मिक केंद्र हैं, जो अपने आप में कई ऐतिहासिक विरासत सहेजे हैं। गोपीगंज क्षेत्र के बेरासपुर गांव में एक ऐसा शिव मंदिर है, जहां की मान्यता काशी विश्वनाथ से कम नहीं है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यह स्थल काशी तो नहीं बन सका, लेकिन गुप्त काशी के नाम से आज भी प्रचलित है। इस शिव मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए पहुंचती है। मंदिर में दूर-दूर के भक्त आते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद भोलेनाथ पूरी करते हैं।

### मंदिर का इतिहास

बेरासपुर गांव में स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर बाबा बेरासनाथ धाम के नाम से क्षेत्र में प्रसिद्ध है। मंदिर की स्थापना के बारे में ग्रामीण बताते हैं कि इस मंदिर का शिवलिंग भी सेमराध नाथ की तरह एक कुंए में था। किंवदंतियों के अनुसार एक बार व्यासजी इसी जगह से जा रहे थे तो उनको यहां किसी दैवीय शक्ति की मौजूदगी का अहसास हुआ। फिर वे रुक गए और कुंए में स्थित शिवलिंग की पूजा करने लगे। उसके बाद ग्रामीणों ने भी पूजा पाठ शुरू कर दिया ।व्यास जी के कई वर्ष तक इस जगह रहने के कारण इस स्थान का नाम व्यासपुर पड़ा। लेकिन, कालांतर में गांव का नाम बेरासपुर हो गया। व्यासजी के चले जाने के काफी वर्ष बाद ग्रामीणों ने कुएं में स्थित शिवलिंग को बाहर निकाल कर स्थापित करने की इच्छा जताई लेकिन ऐसा न हो सका। फिर कुछ वर्षों तक ग्रामीणों ने कुएं को पाटकर शिवलिंग के जगह ऊपर पूजा पाठ करना शुरू कर दिया ।मगर मंदिर व्यवस्थित न होने से श्रद्धालुओं को दिक्कत होती थी। इसी को ध्यान में रखकर गांव के महामानव बाला प्रसाद पाल 'साहब' जो रेलवे में कार्यरत थे, ने बाबा बेरासनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और इसको वर्ष 1938 में पूरा करा लिया। उस समय भारत-पाकिस्तान का बंटवारा नहीं हुआ था तो इस मंदिर के जीर्णोद्धार के समय हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग कार्य करके सहयोग दिये।

खास समाचार

## घोषणा पत्र के नाम से कॉलेजों में विद्यार्थियों से हो रही अवैध वसूली

कासगंज। भले ही योगी सरकार शिक्षा को लेकर विद्यार्थियों को कितना भी लाभ देने की कोशिश कर रही हो लेकिन महेंद्र इंटर कॉलेज गढ़ी मैं घोषणा पत्र के नाम से प्रत्येक विद्यार्थी से 300रू की अवैध वसूली की जा रही है। 50रू का फार्म मिलता है 300रू एडमिशन फीस है और 300रू घोषणा पत्र जोकि विद्यार्थी के लिए अवैध है। महेंद्र इंटर कॉलेज गढ़ी मैं लगभग 1500 विद्यार्थी शिक्षा लेते हैं टीचरों की संख्या लगभग 15 ,16 है। विद्यार्थियों की पढ़ाई की बात तो अलग रही विद्यार्थियों से 300रू घोषणा पत्र के नाम से अवैध वसूली की जाती है। इस ओर जिला विद्यालय निरीक्षक का कोई ध्यान नहीं है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया। इससे यह प्रतीत होता है ऊपर से नीचे तक सब के सब मिलकर विद्यार्थियों को चूना लगा रहे और योगी सरकार की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं। इस ओर जिला प्रशासन को भी ध्यान देना चाहिए यदि ऐसे ही विद्यार्थियों को स्कूल संचालक व प्रिंसिपल लूटते रहे तो गरीबों के बच्चे तो नहीं पढ़ पाएंगे।

## अलग-अलग मार्ग हादसों में दो की दर्दनाक मौत

बांदा। अलग-अलग मार्ग हादसों में दो की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के लोधी मोहाल (निम्नीपार) निवासी बच्चीलाल (50) पुत्र प्रेम राजपूत शनिवार की रात अतर्रा से खाली ट्रक लेकर मुख्यालय लौट रहा था। झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाइवे स्थित शहर कोतवाली क्षेत्र के जमुनीपुरवा के नजदीक सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार सवार को बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल को ट्रक से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, बिसंडा थाना क्षेत्र के सिकलोढ़ी गांव निवासी धर्मपाल (50) पुत्र रामकरन शनिवार की रात साइकिल पर गांव लौट रहा था। गांव के नजदीक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे बुरी तरह से रौंद दिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मोबाइल पर मृतक की फोटो ग्राम प्रधान को भेजकर शव की शिनाख्त कराई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई राजबहादुर ने बताया कि धर्मपाल मजदूरी करता था।

## अचानक बिगड़ी फेरीमैन की तबियत, मौत

बांदा। संदिग्ध परिस्थितियों में फेरी दुकानदार की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के किलेदार का पुरवा निवासी राकेश (48) पुत्र लल्लू प्रसाद रविवार को सुबह देहात कोतवाली क्षेत्र के जौरही गांव से फेरी लगाकर बाइक पर घर लौट रहा था। रास्ते में उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। बाइक खड़ी कर पेड़ के नीचे बैठते ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र शिवम ने बताया कि सुबह घर से निकलने पर पिता के सीने में दर्द हो रहा था। फेरी पर जाने से रोका था। लेकिन वह नहीं माने। पुलिस और चिकित्सकों के मुताबिक फेरी दुकानदार की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

## मोहर्रम कमेटी की बैठक आज

बांदा। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाये जाने वाले मुहर्रम पर्व की तैयारियां शुरू हो गई। इस संबंध में 18 जुलाई सोमवार को शाम 5 बजे शहर के जिला परिषद रोड स्थित ताज गार्डन मैरिज हाल में इमाम बाड़े वालों की मीटिंग का आयोजन मुहर्रम कमेटी शहर बांदा के अध्यक्ष डा.शोएब उर्फ शीबू न्याजी की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें इमाम बाड़े वालों की समस्याओं पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। शीबू न्याजी ने इमाम बाड़े वालों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मीटिंग में पहुंचने की अपील की है।

## जलसंरक्षण के लिए नजीर बने अधांव के किसान

बांदा। खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव मे मिशन के तहत ग्राम पंचायत अधांव में जल संरक्षण संवर्धन हेतु बारिश की एक-एक बूंद को गांव में रोकने के लिए यहां के किसानों द्वारा इस वर्ष भी 200 बीघा से अधिक में किसानों ने अपनी लागत से ट्रैक्टर के माध्यम से खेत पर मेड बनवाने का कार्य किया हैं और लगातार मेडबन्दी का कार्य जारी है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र और अधांव गाँव निवासी रामबाबू तिवारी का कहना है कि बुंदेलखंड में हमेशा सूखा अतिथि की तरह आता है बुंदेलखंड को पानीदार बनाने के लिए गांव में एक एक बूंद बारिश का पानी रोकना होगा तभी गांव का भूजल का स्तर बढ़ेगा, गांव में सूखा नहीं पड़ेगा, खेतो में नमी आएगी, उत्पादन बढ़ेगा, हमारा गांव पानीदार बनेगा, गाँव खुशहाल बनेगा। खेत का पानी खेत में गाँव का पानी गाँव मे मिशन की सराहना पिछले वर्ष 27 जून 2021 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात में इस अभियान की सराहना कर चुके हैं। मन की बात गांव के किसानों द्वारा छोटे से प्रयाग को जिक्र करने से गांव के किसान भाइयो मे उत्साह बढा हैं साल भर छोटे-छोटे प्रयास करके जल संरक्षण संवर्धन का कार्य यहां के गांव वासी करते हैं। गांव के किसान देव गुलाम यादव का कहना है कि गांव में खेत मे मेड बनाने के लिए किसानो को सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान की जानी चाहिए जिससे किसान में अतिरिक्त बोझ न आए। वही गांव की किसान ब्रज राघव दीक्षित का कहना है कि गांव में मोटे अनाजों का उत्पादन किया जाता है जिससे भूजल का दोहन न किया जा सके अधांव गांव के लोग पानी की कीमत जान गए हैं और पानी का प्रयोग बहुत ही शालीनता और सम्मान के साथ करते हैं पानी का दुरुपयोग यहां एक भी नहीं होता है ऐसे ही अन्य गांव किसानों को अधांव गांव किसानों से सीख लेनी चाहिए। इस वर्ष जिन किसानों ने अपने खेतो मे मेड बन्दी कराई है। वह इस प्रकार से देव नाथ गर्ग, राम जी तिवारी, विपिन यादव, राजेश राजेंद्र, गोरेलाल पासवान, अंकित पांडे आदि हैं।

## गुमशुदा समाजसेवी धीरज मिश्रा की बरामदगी के लिए प्रदर्शन

बांदा। रविवार को पुलिस अधीक्षक आवास पहुंच कर समाजसेवियों और युवाओं के द्वारा एसपी को ज्ञापन सौंपकर समाजसेवी धीरज मिश्रा के अचानक लापता हो जाने पर उनकी बरामदगी की मांग की है। एसपी को दिये ज्ञापन में समाजसेवियों ने बताया है कि विगत कई दिनों के गुमशुदा धीरज मिश्रा पुत्र लवलेश मिश्रा निवासी ग्राम मसूरी तहसील नरैनी जिला समाज सेवा और गौ सेवा में लगातार सक्रिय रहने वाला पदाधिकारी धीरज मिश्रा 13 जुलाई 2022 की सुबह से ग्राम पथरा से अपने निज निवास मसूरी के लिए रवाना हुआ था। लेकिन घर नहीं पहुंचा। जिसके बाद परिजनों ने तलाश की और हर जगह उसका पता लगाया। जब कोई सूचना नहीं प्राप्त हुई तो अगले दिन 14 जुलाई को चौकी महुटा थाना अतर्रा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन अभी तक धीरज मिश्रा का कोई सुराग नहीं लगा। नहीं किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी अभी तक मिली। धीरे धीरज मिश्रा ने फेसबुक के माध्यम के गुमशुदा होने के पहले 13 जुलाई को अपने निजी फेसबुक पोस्ट के माध्यम से भूरा यादव ग्राम प्रधान मोतिहारी से अपनी जान का खतरा बताया था। परिजनों को ग्राम प्रधान पर भी आशंका है। अभी तक ग्राम प्रधान पर कोई ठोर्स। कार्यवाही नहीं हुई और ज्ञापन देने वाले सभी समाजसेवियों में और सभी युवाओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच करा कर धीरज मिश्रा को जल्द से जल्द खोजने का प्रयास और प्रयत्न किया जाए और घटना का खुलासा करके दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। अन्यथा सभी समाज सेवी पीड़ित परिवार के साथ एक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे सज्जन मिश्रा मसूरी कृष्ण कुमार दीक्षित शिव विलास शर्मा उदय प्रताप सिंह सनी पटेल प्रियांशु त्रिपाठी राहुल सिंह गोविंद तिवारी बालेंद्र कुमार राज तिवारी देवेश कुमार मोनू मीनू अवस्थी आलोक त्रिपाठी मोनू मुकेश शिवहरे नीलेश सिंह रोहित दीक्षित सत्यम शुभम त्रिपाठी उदय प्रताप सिंह राहुल सिंह सहित करीब आधा सैकड़ा समाजसेवियों और युवाओं ने पुलिस अधीक्षक आवास पहुंच कर ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

# श्रीधर सेवा संस्थान ने मेधावियों को किया सम्मानित

पहल टुडे



कासगंज। पटियाली के दरियावगंज स्थित श्याम सुन्दर डिग्री कॉलेज में श्रीधर सेवा संस्थान द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अलीगढ़ से पधारे वरिष्ठ कवि शिवम आजाद द्वारा किया गया। जहां हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र, छात्राओ को कानपुर की सामाजिक संस्था श्रीधर सेवा संस्थान ने प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राजा का रामपुर महावीर सिंह राठौर, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, पटियाली उपजिलाधिकारी प्रेमनरायण सिंह, ब्लॉक प्रमुख पटियाली नरेंद्र सिंह चैहान, श्रीधर सेवा संस्थान की अध्यक्ष गीता सिंह राठौर और संयोजक सत्य प्रकाश सिंह राठौर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान पटियाली तहसील के विभिन्न स्कूलों से आए हुए प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को मेडल और उपहार देकर उनकी प्रतिभा का सम्मान किया। जहां आए हुए अतिथियों ने प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया। जिसमें कासगंज जिले के 10 टॉप टेन छात्र छात्राओं समेत कुल 52 छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को सम्मानित किया गया। जिसमें पटियाली के देवांश दीक्षित ने जनपद में इंटर में छठवी रैंक प्राप्त करने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस मौके पर उपजिलाधिकारी पटियाली ने श्रीधर सेवा संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोग इस देश का उज्जवल भविष्य हैं अपनी प्रतिभा की वजह से आज सम्मानित किया जा रहा है, यह प्रतिभा देश के विकास में और प्रगति में कारगर सिद्ध होगी इस प्रतिभा का सभी छात्र एवं छात्राएं अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़कर देश के विकास में सहयोग प्रदान करें। वहीं उन्होंने कहा श्रीधर सेवा संस्थान द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए यह पहल काफी कारगर सिद्ध होगी और प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी जिससे अन्य छात्र छात्राएं प्रेरित होंगी। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष के पी सिंह सोलंकी ने कहा छात्र एवं छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उनको शुभकामनाएं और बधाई देता हूं यह होनहार देश का भविष्य हैं, देश के विकास में युवा पीढ़ी का बहुत ही बड़ा योगदान होता है।

इस मौके पर श्रीधर सेवा संस्थान की संस्थापिका सुभाषिनी भारद्वाज उपाध्यक्ष सचिन अरोरा कोषाध्यक्ष मनीष शुक्ला सदस्य सत्यवीर सिंह सुभनेश अग्निहोत्री, शत्रुमर्दन वर्मा, राजेश मिश्रा, एडवोकेट अमरीश सिंह राठौर निर्भय वर्मा श्याम राठौर शत्रु मर्दन, स्वप्निल सोलंकी जोली राठौर श्यामसुंदर डिग्री कॉलेज के प्रबंधक सुनील गुप्ता एवं छात्र एवं छात्राएं और उनके साथ आए स्कूल के प्रबंधक अध्यापक एवं उनके अभिवावक मौके पर मौजूद रहे।

# सावन तीज महोत्सव का हुआ आयोजन

पहल टुडे



बांदा। शनिवार देर शाम शहर के एक होटल में अटूट बंधन ग्रुप द्वारा सावन तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन की श्रीकृष्ण रासलीला सहित महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की सैकड़ों महिलाओं नें रंग बिरंगे परिधानों में सोलह श्रृंगार कर कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी ने हाथों में मेंहदी लगवाई और सावन के मनभावन गीतों पर झूम कर हरियाली तीज का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता द्विवेदी उपस्थित रहीं और कार्यक्रम के भव्य संचालन की प्रशंसा की। अटूट बंधन की आयोजन समिति की वीनस गुप्ता, पल्लवी गोयल, मिली अग्रवाल, प्रीती शर्मा, वर्षा सेठ, पूजा साहू प्रियंका सोनी नें कहा कि अटूट बंधन ग्रुप महिलाओं के लिए ऐसे ही कार्यक्रम आगे भी भव्यता के साथ आयोजित करता रहेगा।

# रोडवेज बस स्टैंड में बने महिला पेशाब घर व प्रतीक्षालय



– महिलाओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को दिया पत्र

पहल टुडे

बांदा। अतर्रा कस्बे के संपूर्ण समाधान दिवस में आए जिलाधिकारी को महिलाओं ने प्रार्थनापत्र दिया। कहा कि रोडवेज बस स्टैंड में महिला पेशाब घर व प्रतीक्षालय बनवाया जाए। यही मुख्यमंत्री की भी मंशा है। डीएम ने महिलाओं को भरोसा दिया कि इस पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

कस्बे की आकांक्षा देवी, वंदना, अनुराधा, गायत्री, रेखा, सरोज, सुमन, पूजा समेत कई महिलाओं ने जिलाधिकारी अनुराग पटेल को प्रार्थनापत्र दिया। कहा कि बांदा रोड में बस स्टैंड के आसपास कोई महिला पेशाब घर नहीं है। इससे महिलाओं को काफी दिक्कतें होती हैं। प्रयागराज से लेकर बांदा तक महिलाओं के लिए हाइवे पर कोई पेशाब घर नहीं बना है। थाने की चहारदीवारी के अंदर महिलाओं की सुविधा को देखते हुए पिंक पेशाब घर बनवाया जाए। जिलाधिकारी ने महिलाओं को भरोसा दिया कि जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।


## चोरी के सामान व गांजा सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में आज थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा थाना तिन्दवारी क्षेत्र के बेंदा और अमलीकौर में हुई चोरियों का खुलाशा करते करते हुये चोरी की घटना में शामिल व चोरी का सामान खरीददारी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये चोरी सामान बरामद किया गया है। गौरतलब हो कि अमलीकौर निवासी मुख्य अभियुक्त अनुज उर्फ दादा भाई चोरी के एक अन्य मामले में जेल में बन्द था। जिसमें वह 30 जून 22 को जमानत पर बाहर आया था। उसके द्वारा 01 जुलाई 2022 को बेंदा निवासी भरत सिंह तथा 6 जुलाई को अमलीकौर निवासी नरेन्द्र कुमार सिंह के घर में सोने चांदी के जेवरात व नकदी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। उसने चोरी किये गये चांदी के जेवरातों को थाना सजेती जनपद कानपुर नगर निवासी शैलेन्द्र सिंह व चांदी के जेवरातों को ग्राम धौसड़ थाना तिन्दवारी निवासी संगम सोनी को बेच दिये थे।

# किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## पुलिस ने शव का करवाया पोस्टमार्टम

पहल टुडे



बबेरु/बांदा। बबेरू में किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जैसे ही परिजनों ने देखा तो फांसी के फंदे से निकालकर बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। जहां पर डॉक्टरों द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बबेरू कस्बे के देवी नगर की रहने वाली किशोरी प्रभा देवी पुत्री राम नारायण प्रजापति उम्र 17 वर्ष सूने घर में आज सुबह रविवार को रस्सी के सहारे से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के समय घर पर कोई नहीं था, जब छोटा भाई विनय कुमार देखा तो तुरंत अपने माता-पिता को जानकारी दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा फांसी के फंदे से निकालकर बबेरु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं डाक्टरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही मृतक किशोरी के पिता राम नारायण प्रजापति ने घटना की जानकारी दिया कि घटना के समय हम दूसरे वाले घर पर थे, जब छोटा पुत्र घर पर गया तो उसने जानकारी दिया। जैसे हमको जानकारी मिली तो तुरंत मौके पर पहुंचे फांसी के फंदे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। यह भी बताया कि यह कक्षा नौ की छात्रा थी, जो कस्बे के लव-कुश इंटर कॉलेज पर पढ़ती थी। फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया की किस कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। मेरे तीन पुत्र व तीन पुत्री थी जिसमें मृतक प्रभादेवी पांचवें नंबर की थी।

उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार पाठक के द्वारा घटना की जानकारी दी गई। कि फांसी लगाकर किशोरी ने आत्महत्या किया है। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के अनुसार मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। जिससे जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सबको शिक्षा व समानता का मिले अधिकार: बाबू सिंह कुशवाहा

– जन अधिकार पार्टी की मण्डली समीक्षा बैठक का आयोजन

पहल टुडे




बांदा। रविवार को जन अधिकार पार्टी की मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन श्रीनाथ बिहार चिल्ला रोड बांदा में आयोजित किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा रहे। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान आए हुए सभी जनपदों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से सड़क से विधानसभा व संसद भवन तक जन-जन की आवाज व उनके हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने का संघर्ष करने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश की राजनीति लोगों को आपस में लड़ाने की चल रही है। हम सभी को एकता के साथ देश में रहना है और किसी भी षड्यंत्र का शिकार ना होना है और ना अपने लोगो को होने देना है। हमारी पार्टी का उद्देश्य सब को एक समान शिक्षा देना है व उनका अधिकार दिलाना मूल उद्देश्य है। विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी को जनता ने सम्मान पूर्वक मत देकर आशीर्वाद दिया हैं हमारी पार्टी के उम्मीदवारों ने कांग्रेसी पार्टी के उम्मीदवारों को पछाड़ा है उत्तर प्रदेश में महंगाई बेरोजगारी किसानों की आत्महत्या चरम पर है भाजपा ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया है जिलाध्यक्ष बांदा हनुमान दास राजपूत ने आए हुए सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम का संचालन किया। मंडलीय समीक्षा बैठक में संजीव शाकय, एडवोकेट शिवशरण कुशवाहा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रेम सिंह, किशोरी लाल सौरभ कुशवाहा काजिम खान, गिरधारी लाल, लखनलाल, मीडिया प्रभारी राज नारायण कुशवाहा, जुनैद, आमिर खान, सौरभ सिंह, मनोज वर्मा, आदिल हुसैन सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आप व तिरंगा शाखा की बैठक का आयोजन

– बैठक के बाद स्वच्छता अभियान के तहत लगाई झाडू

पहल टुडे



बबेरु/बांदा। बबेरू कस्बे के राम जानकी मंदिर में रविवार को आम आदमी पार्टी का तिरंगा शाखा की बैठक का आयोजन किया गया। उसके बाद प्रदेश संयोजक के द्वारा प्रांगण में तिरंगा शाखा का आयोजन कर तिरंगा झंडे का सम्मान राष्ट्रगान करके किया गया। उसके बाद तालाब के भीटों, मंदिरों पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई अभियान चलाया गया हैं।

मामला बबेरू कस्बे के औगासी रोड स्थित राम जानकी मंदिर का है। जहां पर आम आदमी पार्टी तिरंगा शाखा के प्रदेश संयोजक ब्रजलाल लोधी एवं पूर्वांचल प्रान्त से महामंत्री राहुल गुंजल की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बैठक के बाद तिरंगा शाखा के आयोजन में तिरंगा झंडे का सम्मान राष्ट्रगान कर किया गया है। उसके बाद राम जानकी मंदिर प्रांगण पर तालाब के भीटे व मां मढ़ी दाई मंदिर पर में स्वच्छता अभियान के तहत उपस्थित सभी लोगों के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया।

वही तिरंगा शाखा के प्रदेश संयोजक ब्रजलाल लोधी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हमारे द्वारा पूरे देश में और प्रदेश में तिरंगा शाखा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिस प्रकार से पूरे देश में नफरत की राजनीति फैलाई जा रही है, जातिवाद में लोगों को बांटा जा रहा है, उसी के तहत हम हर जगह तिरंगा शाखा के माध्यम से बैठक कर रहे हैं। और लोगों को बता रहे हैं जो राजनीतिक जातिवादी के नाम पर फैलाई जा रही है, हम उसको समाप्त करेंगे। इसी के द्वारा आज बैठक कर तिरंगा के प्रति मौजूद लोगों को शपथ दिलाई गई है। और उसके बाद स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई है। और सभी जातियों को लेकर एक नए राष्ट्र के निर्माण करेंगे। इस मौके पर प्रदेश संयोजक तिरंगा शाखा के ब्रजलाल लोधी, महामंत्री पूर्वांचल प्रांत से राहुल गुंजल, तनिक लोधी, संगठन प्रभारी माखन तिवारी, दिलीप गुप्ता, लाल सिंह, कयामुद्दीन, आरके बाजपेई, राम नरेश यादव, शिवचरण सोनी, राम सुमेर, इमाम अली, संदीप पांडेय, फैजान रजा, मुफीद खान, रीता द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

दोनों एक दूसरे से करते थे प्रेम

# परिवार परामर्श केंद्र में एक जोड़े की कराई गई शादी

पहल टुडे




बबेरु/बांदा। बबेरू कोतवाली पर बने परिवार परामर्श केंद्र पर कुल दो प्रार्थना पत्र आए थे। जिसमें एक प्रार्थना पत्र का दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराया गया है। वहीं दूसरा प्रार्थना पत्र प्रेम प्रसंग से संबंधित था। जिसमें एक युवक और युवती दोनों आपस में प्रेम करते थे। और पिछले वर्ष दोनों के द्वारा घर से भागकर कोर्ट मैरिज किया था। उसके बाद लड़की अपने मायके में रह रही थी, और लड़का लिवाने नहीं जा रहा था। जिससे परिवार परामर्श केंद्र पर मामला आया तो, दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराया गया हैं। और दोनों की शादी कोतवाली पर बने मंदिर से कराई गई हैं।


बबेरू कोतवाली पर बने परिवार परामर्श केंद्र पर आज रविवार को कुल 2 प्रार्थना पत्र आए थे। जिसमें पहला प्रार्थना पत्र सुरेश कुमार पुत्र राम मनोहर निवासी कोरम के द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था। कि मेरी पत्नी बच्ची देवी बिना बताए अपने मायके कल्याणपुर थाना फतेहगंज चली गई थी। जिसमें परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाया गया। और एक दूसरे की बात सुनी गई, जिसमें दोनों का समझौता कराकर दोनों एक साथ रहने के लिए राजी हुए हैं। वही दूसरा प्रार्थना पत्र चंद्रसेन निवासी देवरथा ने दिया था कि मेरी पुत्री गुड़िया देवी घर से भागकर कोर्रम गांव के रहने वाले सुनील पुत्र राम बहोरी के साथ पिछले वर्ष 15 जुलाई 2021 को घर से भागकर कोर्ट मैरिज किया था। कुछ दिन के बाद गुड़िया देवी अपने मायके चली गई। जिसमें सुनील कुमार लेने नहीं आता है। जिससे परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराया गया है। और कोर्ट मैरिज के बाद आज रविवार को बबेरू कोतवाली पर बने मंदिर पर दोनों की शादी कराई गई है। जिसमें दोनों युवक और युवती एक दूसरे को वरमाला पहना कर मांग में सिंदूर और मंगलसूत्र पहना कर शादी संपन्न हुई। इस मौके पर दोनों परिवार के परिजन व रिश्तेदार के साथ परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य मीना भारती, सुनीता भारतीय, प्रीति चित्रांशी, सुधीर अग्रहरी, महिला चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रश्मि सिंह, महिला कांस्टेबल सुप्रिया सिंह, सोनम मौर्य सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा हैं।

# अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण संघ के स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित



पहल टुडे

कासगंज। जनपद मे 17 जुलाई को राजेश कुमार यादव द्वारा अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण संघ के स्थापना दिवस कार्यक्रम बीएल गार्डन कासगंज में आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मृदुल कुमार, ओम प्रकाश पाल के साथ उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों से भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने शिरकत की और अधिवक्ता हित से संबंधित विचार प्रकट किए। प्रदेश सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की कासगंज जनपद से एडवोकेट राहुल, महेंद्र पाल, रोहित सक्सेना, लालू प्रसाद यादव, अनिरुद्ध गौतम, कृष्णा, अनुज यादव, दक्ष यादव, सुनील यादव, मनोज यादव, दुष्यंत गौतम, डॉक्टर मोहम्मद मियां, धर्मेश शर्मा आदि बहुत से अधिवक्ताओं ने कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# 'इमरजेंसी' का टीजर रिलीज, हूबहू इंदिरा गांधी के लुक में नजर आईं कंगना रनौट

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौट जल्द ही फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आने वाली हैं। कंगना इस फिल्म की एक्ट्रेस के साथ-साथ निर्देशक और प्रोड्यूसर भी हैं। अब फिल्म का टीजर और कंगना का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आ चुका है। पोस्टर में कंगना हुबहु इंदिरा गांधी लग रही हैं। पोस्टर में वह हाथ में चश्मा पकड़े काफी सोच में डूबी नजर आ रही हैं। सफेद बाल, चेहरे पर हल्की-हल्की झुर्रियों में कंगना का अलग ही रुबाब देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर को शेयर को शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा, 'इमरजेंसी का फर्स्ट लुक पेश है। दुनिया के इतिहास में सबसे शक्तिशाली और विवादास्पद महिलाओं में से एक का चित्रण।' वहीं फिल्म के टीजर की शुरुआत 1971 की एक घटना से होती है। टीजर में पीए उनसे कहता है कि 'अमेरिका के प्रेसीडेंट ने पूछा है कि क्या वह उन्हें मैडम कहके बुला सकते हैं।' जिस पर एक्ट्रेस कहती हैं, 'ठीक है, लेकिन उनसे कह देना मेरे ऑफिस में सभी मुझे सर कहकर बुलाते हैं।' टीजर में कंगना का बोलने का अंदाज और लुक काफी शानदार है। टीजर देखकर साफ लग रहा है कि कंगना ने इंदिरा गांधी को पूरी तरह से अपने किरदार में उतारने के लिए काफी मेहनत की है। फिल्म के टीजर को देखने के बाद कंगना के फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 'इमरजेंसी' दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म 25 जून 2023 में रिलीज होगी। इस फिल्म के अलावा कंगना तेजस और मणिकर्णिका रिटर्न्स में नजर आने वाली हैं।



# विद्युत जामवाल की 'खुदा हाफिज-2' पर विवाद

एक्टर विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'खुदा हाफिज: चैप्टर 2-अग्नि परीक्षा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब हाल ही में इस फिल्म के मेकर्स ने शिया समुदाय के लोगों से माफी मांगी है। दरअसल, शिया समुदाय के लोगों ने मेकर्स पर फिल्म के गाने 'हक हुसैन' के जरिए उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया था। मेकर्स ने स्टेटमेंट जारी कर कहा, 'हम 'खुदा हाफिज: चैप्टर 2-अग्नि परीक्षा' के मेकर्स शिया समुदाय के कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का संज्ञान लेते हैं और इस तथ्य के लिए ईमानदारी से माफी मांगते हैं कि 'हक हुसैन' गाने के एलिमेंट्स ने अनजाने में उन्हें चोट पहुंचाई है। समुदाय के कुछ लोगों ने 'हुसैन' शब्द और जंजीर के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई थी।'

# अजय देवगन एक्टिंग के साथ करेंगे फिल्म 'भोला' का भी डायरेक्शन



एक्टर अजय देवगन पिछले कुछ दिनों से अपनी डायरेक्टोरियल फिल्म 'रनवे 34' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के डायरेक्शन के लिए अजय की जमकर तारीफ हुई है। 'रनवे 34' को मिल रहे रिस्पांस को देखते हुए अब अजय देवगन ने अपनी एक और फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है, जिसका टाइटल 'भोला' है। अजय 'रनवे 34' की तरह ही इस फिल्म को भी डायरेक्ट करेंगे। अजय देवगन ने कहा कि वे एक्टिंग के साथ-साथ बीच-बीच में फिल्में भी डायरेक्ट करते रहेंगे। एक्टर ने अब तक 3 फिल्में डायरेक्ट की हैं और अब वे चौथी फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। 'भोला' तमिल फिल्म 'कैथी' का रीमेक है, जिसे डायरेक्ट करने की कमान अब अजय देवगन ने संभाली है। पहले इस फिल्म को धर्मेंद्र शर्मा डायरेक्ट करने वाले थे। पर अब अजय ने खुद इसे डायरेक्ट करने का फैसला किया है। अजय ने बिहाइंड द कैमरा अपनी एक फोटो शेयर कर लिखा है, 'अब एक्शन कहने का टाइम दोबारा आ गया है।'


# अब विदेश जा सकेंगे आर्यन खान, कोर्ट ने दिया पासपोर्ट लौटाने का आदेश



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को एनसीबी ने मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले में बीते साल गिरफ्तार किया था। करीब 25 दिन जेल में रहने के बदा आर्यन को कई शर्तो पर जमानत मिली थी। उनका पासपोर्ट में जमा करवा लिया गया था, ताकि वह देश से बाहर नहीं जा पाए। बीते दिनों इस मामले में दायर अरोपपत्र में आर्यन खान का नाम आरोपी के रूप में नहीं लिया गया था। एनसीबी ने 'पर्याप्त सबूतों के अभाव' के कारण आर्यन को क्लीन चिट दे दी थी। जिसके बाद आर्यन ने विशेष एनडीपीएस कोर्ट के समक्ष एक याचिका दायर कर अपना पासपोर्ट वापस करने की मांग की थी। अब आर्यन खान की इस याचिका पर कोर्ट का फैसला आ गया है। स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट ने कोर्ट रजिस्ट्री को आर्यन खान का पासपोर्ट लौटाने का आदेश दिया है। आर्यन खान अब विदेश ट्रैवल कर पाएंगे।

# 'गुड लक जेरी' का ट्रेलर रिलीज, मां के इलाज के लिए ड्रग डीलर बनीं जाह्नवी कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की फिल्म 'गुड लक जेरी' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में जाह्नवी का अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह एक सीधी-सादी बिहारी लड़की का किरदार निभा रही हैं। एक्ट्रेस की मासूमियत फैंस का दिल जीत रही है। फिल्म में ?जाह्नवी ड्रग डीलर का रोल निभाती दिखाई दे रही हैं। जाह्नवी अपनी मां के कैंसर के इलाज के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक भोली सी लड़की ड्रग डीलर बन जाती हैं। फिल्म के ट्रेलर में कॉमेडी, इमोशन और थ्रिलर सब देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में सुशांत सिंह और दीपक डोबरियाल भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में सुशांत विलेन का किरदार निभा रहे हैं। वहीं दीपक का किरदार काफी मजेदार लग रहा है। 'गुड लक जेरी' तमिल फिल्म कोलामावु कोकिला की हिन्दी रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ सेन ने किया है। फिल्म को आनंद एल राय ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 29 जुलाई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।






# इम्तियाज अली के शो 'डॉ अरोड़ा' का ट्रेलर जारी

भले ही शहरभर की दीवारें विज्ञापनों से भरी हों, मगर चर्चा करने के लिहाज से गुप्त रोग एक ऐसा विषय है, जो पढ़े-लिखों को भी असहज कर देता है। इम्तियाज अली इस विषय पर एक शो लेकर आ रहे हैं। इसका नाम है 'डॉ. अरोड़ा-गुप्त रोग विशेषज्ञ'। सोनी लिव ने इसका ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। यह शो 22 जुलाई को स्ट्रीम होगा। 'डॉ. अरोड़ा-गुप्त रोग विषेशज्ञ' एक कॉमेडी ड्रामा शो है। यह सेक्सोलॉजिस्ट और उसके पास आने वाले विभिन्न मरीजों की जिंदगी से पर्दा उठाता है। इस शो में अभिनेता कुमुद मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं, जो एक सेक्सोलॉजिस्ट का रोल अदा कर रहे हैं। इस शो का निर्देशन साजिद अली और अर्चित कुमार ने किया है। वहीं, मोहित चौधरी ने इसे प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक शख्स डॉ. बने कुमुद मिश्रा के क्लीनिक में आता है। वह उससे नाम पूछते हैं तो शख्स कहता है, 'दिनेश मुरारका'। कुमुद मिश्रा कहते हैं, 'तुम्हारा नाम? और जिस कारण तुम यहां आए हो वह मजाक नहीं है। नाम बताओ?' शख्स अपना नाम देवेंद्र ठाकुर बताता है। इसके बाद कुमुद मिश्रा पूछते नजर आते हैं, 'पता कब चला?' इस सवाल पर शख्स असहज हो जाता है और तमंचा निकालकर कुमुद के माथे पर रख देता है। वह धमकी देता है कि बाहर जाकर किसी को बताया तो यहीं ढेर कर देंगे। कुमुद मिश्रा उसे आश्वासन देते नजर आते हैं, 'तुम ठीक हो जाओगे। समझ रहे हो न।' यह ट्रेलर में दिखाए गए शुरुआती संवाद हैं। इसके बाद ट्रेलर में दिखाया गया है कि लोग किस तरह गुपचुप तरीके से इस विषय को डॉक्टर के पास रखते हैं और इस पर बातचीत करते हैं।

# किआरा आडवाणी ने क्रेजी फैन का किया खुलासा



बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक क्रेजी फैन के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा कि एक फैन ने उन्हें बहुत हैरान कर दिया था और उसकी वजह से वो काफी डर भी गई थीं। कियारा ने बताया कि वो अपने अपार्टमेंट की सबसे टॉप फ्लोर पर रहती हैं। ऐसे में उनके फैन ने लिफ्ट से आने की जगह सीढ़ियों से आने का फैसला लिया ताकि उन्हें महसूस हो सके कि वो उनका कितना बड़ा फैन है। कियारा ने कहा, 'एक शख्स ने मेरे लिए अब तक की सबसे पागलपन भरी चीज की थी। वो सच में एक क्रेजी फैन था। मैं यह नहीं बताऊंगी कि मेरा घर कौन से फ्लोर पर है। लेकिन वो मुझसे मिलने के लिए सीढ़ियों से चढ़कर आया। उसे काफी पसीना आ रहा था। मैंने उससे पूछा क्या हुआ? तुम ठीक हो? तुम्हें पानी चाहिए?' कियारा ने आगे कहा, 'उस फैन ने मुझसे कहा, मैं सीढ़ियां चढ़कर आया हूं। मैं चाहता था कि आप जान सकें कि आप मेरे लिए कितनी खास हैं। उसकी बातें सुनकर मैं डर गई थी और मुझे ये पागलपन लगा।'